राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 364 लखनऊ,
गुरुवार 28 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





योगी सरकार में देश के दिग्गज निवेशकों को भाया गोरखपुर 03

कैदियों की समस्याओं का तेजी से करें समाधान 12


**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,02,590/ |
| 22 कैरेट | = | 94,050/ |
| 18 कैरेट | = | 76,950/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,20,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### भारत 23 साल बाद करेगा फिडे विश्व कप की मेजबानी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दो दशक से अधिक समय के बाद प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए प्रसन्नता की बात है। पीएम मोदी ने कहा कि शतरंज युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस टूर्नामेंट में रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे और दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ''प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए प्रसन्नता की बात है और वह भी दो दशक से अधिक समय के बाद।'' फिडे शतरंज विश्व कप का आयोजन गोवा में 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अगले साल के कैंडिडेट टूर्नामेंट के लिए तीन स्थान और 20 लाख डॉलर की इनामी राशि दांव पर लगी होगी। इस टूर्नामेंट में विश्व चौंपियन डी गुकेश, मैग्नस कार्लसन, फाबियानो करुआना और आर प्रज्ञानानंदा सहित 206 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

### गाजा में पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी व अत्यंत खेदजनक

**नई दिल्ली।** भारत ने इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान गाजा पट्टी पर हमले में पत्रकारों की मौत की निंदा करते हुए इसे अफसोस जनक करार दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गाजा पट्टी के खान यूनिस में हमलों में पत्रकारों की मौत के संबंध में मीडिया के प्रश्नों के जवाब में बुधवार को कहा कि भारत ने संघर्षों के दौरान आम नागरिकों के मारे जाने की हमेशा निंदा की है। उन्होंने कहा, पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक है। भारत ने हमेशा संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की निंदा की है। हम समझते हैं कि इज़रायली अधिकारियों ने पहले ही जाँच शुरू कर दी है। सोमवार को गाजा पट्टी पर इजरायली हमले में पांच पत्रकारों की मौत हुई है। इसे लेकर इजरायली सेनाओं की दुनिया भर में आलोचना हो रही है।

### 81 लाख के 20 इनामी सहित 30 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चलाये जा रहे पूना मारगेम, पुनर्वास से पुर्नजीवन की ओर नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सरकार की नियद नेल्लानार और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बुधवार को 30 नक्सलियों ने बीजापुर एसपी किरण चौहान एवं अन्य पुलिस-सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों में से 20 पर 81 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह सभी फायरिंग, आईडी विस्फोट, आगजनी जैसे अन्य वारदातों में शामिल रहे हैं। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने 30 नक्सलियों के आत्मसमर्पण की पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर जिले में वर्ष 2025 में अब तक कुल 307 नक्सली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

**सीएम योगी ने यूपीएसएसएससी के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं व 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा**

# पहले नियुक्तियों में होती थी बंदरबांट

**▸ ईमानदारी व भेदभाव मुक्त सेवा करें फॉर्मासिस्ट व मुख्य सेविकाएं : योगी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेईमान राजनीतिक दलों ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। भ्रष्टाचार और बंदरबांट की राजनीति ने इस समृद्ध प्रदेश को पहचान के संकट में धकेल दिया था। लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि 2017 से पहले नियुक्तियों में बंदरबांट होती थी, योग्य अभ्यर्थी भेदभाव और भ्रष्टाचार के शिकार होते थे।

उन्होंने कहा कि 1947 के बाद 1960 तक यूपी देश का अग्रणी प्रदेश था, जिसका योगदान 14 प्रतिशत से अधिक था। लेकिन 1960 के बाद गिरावट शुरू हुई और 1990 के बाद यह और तेज हो गई। 2017 तक यूपी



का योगदान आठ फीसदी से भी कम हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान खाद्यान्न उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में यूपी पिछड़ता गया। नौजवान यूपी से बाहर जाते थे, लेकिन वहां भी पहचान का संकट झेलते थे। यह दंगों और परिवारवादी राजनीति का परिणाम था, जिसने यूपी को लूट का अड्डा बना दिया।

योगी ने कहा कि महिला और बाल विकास विभाग के तत्वावधान में नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण प्रदेश भर की बेटियों के लिए अवसर है। उन्होंने सभी नवचयनितों को बधाई देते हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि हर युवा के मन में सपना होता है और सरकार का दायित्व है कि उसे मंच दे। युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जावान होता है, लेकिन जब वह भेदभाव और भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति है। 2017 से पहले यूपी में नियुक्तियां नहीं होती थीं, होती भी तो बंदरबांट और भ्रष्टाचार के चलते योग्य युवा पीछे रह जाते थे। नतीजा, यूपी बीमारू राज्य बन गया। स्कूल मर्जर को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दा नहीं, सिर्फ नकारात्मकता है। जर्जर भवनों को शिफ्ट करने और छात्र-शिक्षक अनुपात सुधारने का प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हिस्सा है। एक जर्जर भवन गिरने से बच्चे मरे, लेकिन विपक्ष भ्रम फैलाता है। हम खाली विद्यालयों में प्री-प्राइमरी और बाल वाटिका चलाएंगे, पांच हजार बाल वाटिकाएं सफलतापूर्वक संचालित भी हैं। इन विद्यालयों में विभिन्य गतिविधियों के माध्यम से पोषण मिशन से 3-6 वर्ष के बच्चों का मानसिक विकास होगा, जो स्वस्थ समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फॉर्मासिस्टों से ईमानदारी और भेदभाव मुक्त सेवा की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ बचपन से समृद्ध भविष्य बनेगा। आपकी जिम्मेदारी देश के बचपन को बचाने की है, जैसा मां यशोदा ने भगवान कृष्ण का पालन किया। उन्होंने कहा कि 1,90,000 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 1,90,000 सहायिकाओं के पद स्वीकृत हैं।

**आठ साल में 40,000 से अधिक बेटियों की हुई भर्ती**

योगी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि यूपी पुलिस में 2 महीने पहले 60,244 भर्ती में 12,045 बेटियां चयनित हुईं। 1947-2017 में सिर्फ 10,000 महिला पुलिसकर्मी थीं, लेकिन 8 साल में 40,000 से अधिक बेटियों को भर्ती किया। बेसिक शिक्षा परिषद में 1,56,000 शिक्षकों में ज्यादातर बेटियां हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का उल्लेख किया, जिसमें 26 लाख से अधिक बेटियों को 25,000 रुपये का पैकेज मिला। साथ ही, चार लाख बेटियों की शादी सामूहिक विवाह योजना से हुई और मातृ वंदना योजना में 183 करोड़ रुपये वितरित किए गए। उन्होने कहा कि एनएफएचएस सर्वे (2015-16) के बाद 2017 से महिलाओं में एनीमिया 5.1 प्रतिशत, स्टंटिंग 6.6 प्रतिशत, अल्पवजन 7.4 प्रतिशत और सूखापन 0.6 प्रतिशत कम हुआ। शिशु मृत्यु दर 38 और मातृ मृत्यु दर 197 हो गई। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार और कुपोषण निवारण पर जोर देते हुए कहा कि स्मार्टफोन और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग से आंकड़े बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि हर आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर समय पर पोषाहार मिल जाए, कुपोषित मन हो या बच्चा हो उसके लिए उपलब्ध पोषाहार समय पर उन्हें मिले, सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके इसके लिए मुख्य सेविकाओं को एक लीडर के रूप में आगे आना होगा। योगी आदित्यनाथ ने विभाग की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि इसी वर्ष 19424 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, 3000 सहायिकाओं का प्रमोशन और 22,290 मिनी आंगनबाड़ी को मुख्य में तब्दील किया गया।

## कैबिनेट ने 12,328 करोड़ की चार रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं को बुधवार को मंजूरी प्रदान की। इनकी कुल अनुमानित लागत 12,328 करोड़ रुपये है। इनमें एक नई रेल लाइन परियोजना गुजरात के कच्छ क्षेत्र में तथा तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम में शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। मंजूर की गई परियोजनाओं में देशलपार-हाजीपीर-लूना एवं वायोर-लाखपत नई रेल लाइन, सिकंदराबाद (सनथनगर)-वाडी तीसरी एवं चौथी लाइन, भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन तथा फुरकेटिंग-न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण शामिल हैं। गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली ये चार परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 565 किलोमीटर बढ़ा देंगी। सरकार के अनुसार, इन परियोजनाओं का उद्देश्य यात्रियों और माल दोनों का निर्बाध और तेज़ परिवहन सुनिश्चित करना है। ये पहल कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी और यात्रा



सुविधा में सुधार के साथ-साथ रसद लागत को कम करेंगी और तेल आयात पर निर्भरता कम करेंगी। इसके अतिरिक्त, ये परियोजनाएं सीओ2 उत्सर्जन को कम करने में योगदान देंगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल संचालन को बढ़ावा मिलेगा। परियोजनाओं से निर्माण अवधि के दौरान करीब 251 लाख मानव-दिवस का प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। प्रस्तावित नई रेल लाइन कच्छ क्षेत्र के सुदूर इलाकों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह गुजरात के मौजूदा रेलवे नेटवर्क में 145 रूट किमी और 164 ट्रैक किमी जोड़ेगी। इस पर 2526 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इसे तीन वर्षों में पूरा किया जाएगा। गुजरात राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा, यह नई रेल लाइन नमक, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर और बेंटोनाइट के परिवहन में भी मदद करेगी। इस परियोजना का सामरिक महत्व यह है कि यह कच्छ के रण को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

### महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुठभेड़, तीन महिला समेत चार नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के सीमावर्ती महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। इनमें तीन महिला और एक पुरुष हैं। गढ़चिरौली के अपर पुलिस अधिक्षक एम. रमेश ने मुठभेड़ की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पुलिस को गट्टा दलम, कंपनी नंबर 10 और गढ़चिरौली डिवीजन के नक्सलियों की कोपरशी वन क्षेत्र में छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद तलाशी अभियान के लिए गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 यूनिट और सीआरपीएफ की क्यूआरटी टीम रवाना की गई। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के बीच सुरक्षाबल के जवान उस क्षेत्र में पहुंचकर तलाशी अभियान चला रहे थे।

## यूपी में चार सीनियर आईपीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के चार वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक विशेष जांच विजय सिंह मीना को पीटीसी सीतापुर में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर भेजा गया है। जबकि पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक लोक शिकायत आकाश कुलहरि को झांसी परिक्षेत्र का पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बनाया गया है। उन्होने बताया कि





झांसी परिक्षेत्र के मौजूदा आईजी केशव कुमार चौधरी को गाजियाबाद कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर भेजा गया है।

वहीं गाजियाबाद कमिश्नरेट की मौजूदा अपर पुलिस आयुक्त कल्पना सक्सेना को पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर मेरठ सेक्टर स्थानांतरित किया गया है।

### लखनऊ जेल में बंद चंदन गुप्ता हत्याकांड के मुख्य आरोपी सलीम की मौत

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ के जिला कारागार में बंद एक कैदी की यहां किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में इलाज के दौरान मौत हो गयी। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, कासगंज निवासी सलीम (48) विभिन्न धाराओं में अभियुक्त के रूप में जेल में बंद था और उसकी तबीयत खराब होने पर उसे जेल चिकित्सक द्वारा 30 जुलाई को जिला चिकित्सालय बलरामपुर लखनऊ लाया गया, जहां से 16 अगस्त को उसे किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों ने कहा कि चिकित्सकों द्वारा आवश्यक उपचार किए जाने के बावजूद कैदी की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और 26 अगस्त को रात करीब 10 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## फिर करवट लेगा मानसून, होगी झमाझम बारिश

**▸ उत्तराखंड से सटे जिलों के अलावा यूपी के कुछ इलाकों में होगी बारिश**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मौसम विभाग ने 30 अगस्त के बाद से उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से झमाझम बारिश होने का अनुमान जताया है, जबकि इधर तीन दिनों में उत्तराखंड से सटे जिलों के अलावा प्रदेश के कुछ इलाकों में छिटपुट बारिश होगी।

गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, बागपत, में मेघगर्जन, बिजली गिरने के साथ मध्यम से भारी वर्षा के आसार है वहीं अलीगढ़, बदायूं, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, संभल, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत,



मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ एके सिंह ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग से होकर गुजरे निम्नदाब क्षेत्र के कमजोर पड़ने तथा उससे संबद्ध चक्रवाती परिसंचरण राजस्थान की तरफ खिसक गया है। ओडिशा तट से दूर उत्तरी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर बने एक अन्य निम्नदवाब क्षेत्र के प्रभाव से मानसून द्रोणी के संभावित दक्षिणी विचरण के कारण प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। साथ ही परिणामस्वरूप आगामी तीन चार दिनों के दौरान बंगाल की खाड़ी से पहाड़ों की ओर आ रही नमी के प्रभाव से उत्तराखंड से सटे जिलों को छोड़कर प्रदेश के अन्य भागों में छिटपुट वर्षा को छोड़कर कोई प्रभावी बारिश होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि 30 अगस्त से परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर प्रदेश में वर्षा के वितरण एवं तीव्रता में बढ़ोत्तरी होने के साथ-साथ पुनः भारी बारिश हो सकती है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में भी 30 अगस्त के बाद फिर से अच्छी बारिश के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। गौरतलब है कि मानसून द्रोणी का तात्पर्य यह है कि एक कम दबाव वाली लंबी पट्टी होती है, जो भारतीय उपमहाद्वीप में मानसून प्रणाली के लिए जिम्मेदार हवाओं के प्रवाह को निर्देशित करती है।

## नौ हाईकोर्ट के 14 जजों के तबादले की अनुशंसा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने नौ उच्च न्यायालय के चौदह जजों का ट्रांसफर करने की अनुशंसा की है। 25 और 26 अगस्त को कॉलेजियम की हुई बैठक में इस आशय की अनुशंसा की गई।

कॉलेजियम ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के जस्टिस अतुल श्रीधरन को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस संजय अग्रवाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय, मद्रास उच्च न्यायालय के जस्टिस जे निशा बानू को केरल उच्च न्यायालय, राजस्थान उच्च न्यायालय को जस्टिस निदेश मेहता और जस्टिस अवनीश झींगन को दिल्ली उच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च



न्यायालय के जस्टिस अरुण मोंगा को राजस्थान उच्च न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस संजय कुमार सिंह को पटना उच्च न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल को कलकत्ता उच्च न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस डी रमेश को आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय, गुजरात उच्च न्यायालय के जस्टिस मानवेन्द्र नाथ राय को आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय, गुजरात उच्च न्यायालय के जस्टिस संदीप नटवरलाल भट्ट को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, केरल उच्च न्यायालय के चंद्रशेखरन सुधा को दिल्ली उच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस तारा विस्तारा गंजू को कर्नाटक उच्च न्यायालय और कलकत्ता उच्च न्यायालय के जस्टिस शुभेंदु सामंता को आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय ट्रांसफर करने की अनुशंसा की गई है।

### भूस्खलन में 32 मृतकों के परिवारों को नौ-नौ लाख का मिलेगा मुआवजा

**जम्मू।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कटरा में हुए भूस्खलन की घटना के 32 मृतकों के परिवारों को 9-9 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है। मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से बात की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तत्परता से राहत और बचाव कार्यों में लगा हुआ है। उपराज्यपाल ने आज कटरा स्थित एसएमवीडी नारायण सुपरस्पेशलिटी अस्पताल जाकर भूस्खलन में घायल हुए श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि श्राइन बोर्ड की नीति के अनुसार 5 लाख रुपये दिए जाते हैं और आपदा प्रबंधन विभाग भी मृतकों के परिवारों को 4 लाख रुपये प्रदान करेगा।

## राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति अराधे व पंचोली को नियुक्त किया सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है।

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम की सिफारिश के आधार पर उच्चतम न्यायालय में दोनों न्यायाधीशों की



नियुक्ति की है। न्यायमूर्ति अराधे का जन्म 13 अप्रैल 1964 को हुआ। उन्होंने 12 जुलाई 1988 को अधिवक्ता के रूप में नामांकन कराया और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर में प्रैक्टिस शुरू की। उनका न्यायिक करियर के शुरुआत 2009 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त के साथ हुआ था। उन्हें 2011 में स्थायी न्यायाधीश बनाया गया था।

### परेशान करना खुदकुशी के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पति को खुदकुशी के लिए मजबूर कर उकसाने की आरोपित विंध्याचल, मिर्जापुर की साधना देवी की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। वह 18 मई 25 से जेल में बंद हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने याची अधिवक्ता दिव्यांशु तिवारी व शैलेश कुमार उपाध्याय को सुनकर दिया है। तर्क था कि सुसाइड नोट में याची पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है, बल्कि कहा गया है कि मेरी पत्नी को कोई आरोप न लगाये। खुदकुशी के लिए उकसाने का कोई साक्ष्य नहीं है। परेशान करना खुदकुशी के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता।

## थिएटर कमांड पर अंतिम निर्णय राष्ट्र हित में लिया जाएगा : सीडीएस

एजेंसी

**महू।** देश में सेना के तीनों अंगों की एक संयुक्त थियेटर कमांड बनाने के मुद्दे पर तीनों सेनाओं में अलग अलग विचार हैं हालांकि रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार सैन्य बलों के तकनीकी नवान्वेषणों एवं एकीकरण के पक्ष में दृढ़ है। आर्मी वॉर कॉलेज में सैन्य मामलों पर सेमिनार रण संवाद में ये बात उभर कर आयी।

बुधवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के समापन भाषण में थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना के विचारों का स्वागत करते हुए कहा कि इस बारे में अंतिम निर्णय राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में ही होगा। उन्होंने कहा कि नौसेना



हमेशा थिएटरीकरण योजना के साथ रही है, लेकिन वायु सेना का मानना है कि उसे कई थिएटर कमांडों में विभाजित करना निरर्थक है और इससे महत्वपूर्ण प्रणालियां बाधित होंगी। इससे पहले दिन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने भाषण में युद्ध, युद्ध कौशल और युद्ध लड़ाई पर मौजूदा तकनीकों में महारत हासिल करते हुए नए नवाचारों और अप्रत्याशित चुनौतियों के लिए तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### स्टॉकहोम वर्ल्ड वॉटर वीक में नदी संरक्षण के लिए 'नमामि गंगे' को दुनिया ने सराहा

**नई दिल्ली/लखनऊ।** नदियां और जल संसाधन सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और इनका पुनर्जीवन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। नदी पुनर्जीवन और जल संरक्षण में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की अग्रणी पहलों ने इसे वैश्विक जल संवाद में एक प्रमुख आवाज बना दिया है। इस वर्ष स्टॉकहोम वर्ल्ड वॉटर वीक में इसकी भागीदारी भारत की बढ़ती भूमिका को उजागर करती है, जो जल संबंधी वैश्विक चुनौतियों के समाधान में अहम योगदान दे रही है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल वॉटर इंस्टीट्यूट ने वर्ष 1991 से आयोजित यह प्रतिष्ठित आयोजन अब वैश्विक नीति निर्धारकों, वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए सबसे प्रभावशाली मंच बन चुका है।

**संबोधन** | **उपग्रह प्रणालियां, उपग्रह-रोधी हथियार व अंतरिक्ष कमान केंद्र शक्ति के नए साधन**

# अब अंतरिक्ष व साइबर स्पेस तक फैल गए हैं आधुनिक युद्ध

एजेंसी

**इंदौर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आधुनिक समय में युद्ध की बढ़ती जटिलताओं और अप्रत्याशितता के पीछे प्रौद्योगिकी एवं आश्चर्य के सम्मिश्रण को मुख्य कारण बताते हुए नए नवाचारों तथा अप्रत्याशित चुनौतियों के लिए तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करने की भी आवश्यकता जताई है, ताकि समय के साथ आगे रहते हुए चला जा सके। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध अब भूमि, समुद्र और हवा तक सीमित नहीं रह गए हैं,





अब वे अंतरिक्ष व साइबरस्पेस तक फैल गए हैं।

उपग्रह प्रणालियां, उपग्रह-रोधी हथियार और अंतरिक्ष कमान केंद्र शक्ति के नए साधन हैं। आज हमें सिर्फ रक्षात्मक तैयारी की ही नहीं, बल्कि एक सक्रिय रणनीति की भी आवश्यकता है। भविष्य के युद्ध मात्र हथियारों की लड़ाई से नहीं होंगे, बल्कि वे तकनीक, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति का मिला-जुला रूप होंगे। इससे हमारा राष्ट्र प्रौद्योगिकी, रणनीति एवं अनुकूलनशीलता के त्रिकोण में निपुण होगा और वह समृद्ध वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा। यह इतिहास से सीखने और नया इतिहास लिखने का वक्त है, यह भविष्य का अनुमान लगाने तथा उसे आकार देने का समय है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी इतनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि जब तक हम एक नवाचार को पूरी तरह समझ पाते हैं, तब तक दूसरा उभर आता है- जो युद्ध की दिशा को पूरी तरह बदल देता है। मानवरहित हवाई वाहन, हाइपरसोनिक मिसाइलें, साइबर हमले और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित निर्णय प्रक्रिया ऐसे उपकरणों के उदाहरण हैं।

**रक्षा मंत्री ने पहले त्रि-सेवा सम्मेलन रण संवाद को किया संबोधित**

रक्षा मंत्री बुधवार को मध्य प्रदेश के डॉ. आंबेडकर नगर (महू) स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में युद्ध, संघर्ष और युद्ध लड़ने की कला पर आयोजित अपनी तरह के पहले त्रि-सेवा सम्मेलन रण संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब केवल सैनिकों की संख्या या हथियारों के भंडार का आंकड़ा ही पर्याप्त नहीं है, क्योंकि साइबर युद्ध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और उपग्रह आधारित निगरानी भी भविष्य के युद्धों को आकार दे रहे हैं। उन्होंने सटीक निर्देशित हथियारों, वास्तविक समय की खुफिया जानकारी और डेटा-संचालित सूचना को किसी भी युद्ध में सफलता की कुंजी बताया।

## खबरें एक नजर में

### इंडो नेपाल सीमा से सटे थारू क्षेत्र बनकटी से ब्राउन शुगर सहित नेपाली युवक गिरफ्तार



**गौरीफंटा खीरी।** भारत–नेपाल सीमा पर तैनात पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार किया है। थाना गौरीफंटा पुलिस ने मंगलवार देर शाम गश्त और चेकिंग के दौरान नेपाल के कैलाली जिले के निवासी 21 वर्षीय युवक कमलेश राना को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 9.72 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। एसपी खीरी संकल्प शर्मा के निर्देश पर चल रहे कवच अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि युवक भारत में नशे की खेप पहुंचाने की फिराक में था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ NDPS एक्ट की धाराओं 8/21/23 में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और एसएसबी की संयुक्त चेकिंग आगे भी जारी रहेगी।

### नेशनल हाइवे-730 पर खड़ी बाइक में अचानक लगी आग, जलकर राख

**ईसानगर खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र के निकट नेशनल हाइवे–730 पर अचानक एक बाइक में आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण युवक उसे सड़क किनारे खड़ा कर ठीक कर रहा था। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी। अचानक लगी आग से घबराकर युवक वहां से भाग निकला। देखते ही देखते पूरी बाइक जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना थाने के सामने घटी, लेकिन मौके पर कोई भी जिम्मेदार मौजूद नहीं था।

### चकबंदी वादों की सुनवाई गोला में कराए जाने की मांग तेज



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** तहसील के अधिवक्ताओं ने ग्राम फजलनगर, वजीरनगर, भखियाबुजुर्ग एवं खम्होल सहित आस–पास के गांवों के चकबंदी संबंधी वादों की सुनवाई गोला तहसील में कराने की पुरजोर मांग की है। इस संबंध में वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम युगांतर त्रिपाठी के माध्यम से जिला बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में इन ग्रामों के वाद लखीमपुर में सुने जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को 30 से 35 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यह न केवल समय की बर्बादी है, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी ग्रामीणों पर अनावश्यक बोझ है। ज्ञापन में तर्क दिया गया कि उक्त ग्राम भौगोलिक रूप से गोला तहसील के अधिक निकट हैं, अतः इनके वादों की सुनवाई यहीं होनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता संदीप कुमार अवस्थी, कुंवर यतेन्द्र बहादुर सिंह, नन्हू लाल प्रजापति, सूरज कुमार, सत्यपाल मित्रा, सविता वाजपेई, पंकज वर्मा, विजय कुमार अवस्थी, इरफान गाजी व आदर्श शुक्ला शामिल रहे।

### बेखौफ बदमाशों का आतंक- कोटेदार पर हमला, लूटकर फरार

**बिजुआ (खीरी)।** लखीमपुर खीरी में बदमाशों के हौसले सातवें आसमान पर हैं। मंगलवार रात भीरा थाना क्षेत्र में कोटेदार नौशाद अली खान को तीन अज्ञात हमलावरों ने निशाना बना डाला। बदमाशों ने मारपीट कर उनका सिर फोड़ दिया और पर्स व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। घटना उस समय हुई जब नौशाद पलिया से अपने गांव लखराया लौट रहे थे। जैसे ही वह बस्तीली–नहर मार्ग पर हरैया पुलिया पर पहुंचे, तीन बदमाशों ने रास्ता रोक लिया। लाठी-डंडों से हमला कर नौशाद को लहूलुहान कर दिया और सामान लूटकर मौके से भाग निकले। अपनी जान बचाने के लिए पीड़ित बाइक छोड़कर गांव की ओर भागा। सूचना मिलते ही बिजुआ चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस से सीएचसी बिजुआ भेजा। पुलिस ने बाइक बरामद कर चौकी में सुरक्षित रखी है। बदमाशों की तलाश में दबिश दी जा रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से चोरी और लूट की घटनाओं ने लोगों को सहमा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में आसमान में चमकीली चीज दिखने की अफवाह के बीच चोर अक्सर घरों में घुसने की कोशिश करते हैं। शोर मचाने पर भाग जाते हैं, जबकि पुलिस इन्हें अफवाह बता कर टाल रही है। ग्रामीणों का आरोप है– न पुलिस किसी चोर को पकड़ पा रही है, न ही वारदातों का खुलासा हो रहा है। थानाध्यक्ष भीरा ने बताया कि टीम लगी है जांच चल रही है अभी कोई पकड़ा नहीं गया है।

### पांच दिन से लापता युवक का नहीं चला सुराग, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**मितौली (खीरी)।** थाना क्षेत्र के हैदरनगर गांव का 18 वर्षीय युवक अनूप कुमार पिछले पांच दिनों से लापता है। परिवारजन और ग्रामीण लगातार खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त की सुबह करीब 9 बजे अनूप घर की भैंस को पकड़ने के लिए उसके पीछे–पीछे गया था। लेकिन उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिवारजन ने आसपास तलाश की और ग्रामीणों की मदद से खेत, नहर, नदी, तालाब और गन्ने के खेत छाने, मगर कोई जानकारी नहीं मिल सकी। अगले दिन 24 अगस्त को पियरा गांव में भैंस तो मिल गई, जिसे एक महिला ने अपने घर बांध लिया था। लेकिन युवक का पता अब तक नहीं चल सका। तीसरे दिन भी ग्रामीणों ने पड़ोसी गांवों में छानबीन की, किंतु नतीजा सिफर ही रहा। थक–हारकर परिजनों ने मितौली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली प्रभारी शिवाजी दुबे ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, क्षेत्राधिकारी मितौली जितेंद्र सिंह परिहार ने भी तत्काल प्रभाव से पुलिस को खोजबीन तेज करने के निर्देश दिए हैं। पांचवे दिन भी ग्रामीणों ने नदी, नाले और गन्ने के खेतों में छानबीन की, लेकिन अनूप का कहीं सुराग नहीं मिला। युवक की मां और परिवारजन का रो–रोकर बुरा हाल है।

### माँ और बच्चे की सुरक्षा ही सच्चा धर्म: विक्रम भल्ला



**सिंगाही खीरी।** प्रगतिशील किसान व समाजसेवी फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया, दिल्ली के चेयरमैन विक्रम प्रसाद भल्ला ने कहा कि माँ और बच्चे की सुरक्षा ही सच्चा मानव धर्म है, क्योंकि सुरक्षित डिलीवरी ही जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी सोच को साकार करने के लिए फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया, कानपुर क्लब–64, न्यू दिल्ली क्लब–41 व अन्य सहयोगी क्लबों के सदस्यों ने मिलकर रमियाबेहड़ व धौरहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव वार्डों को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया। इस पहल के अंतर्गत दोनों सीएचसी को निःशुल्क डिलीवरी बेड, डिजिटल बीपी मशीन, डिजिटल वेट स्केल, फ़ीटल डॉपलर, डीएनसी सेट, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, एनआईबीपी मॉनिटर, वैक्यूम क्लीनिंग मशीन, समरसेविल, वाटर कूलर, सीलिंग व वॉल फैन सहित सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए, ताकि ग्रामीण इलाकों की मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ और बेहतर हो सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ नेशनल शूटर ठाकुर जी.एस. सिंह ने फीता काटकर किया, जहाँ क्लब अध्यक्ष पंकज वत्स, एरिया–9 अध्यक्ष भूपिंदर सिंह, एरिया–5 अध्यक्ष अंजुम अरोड़ा तथा पीलीभीत, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद और दिल्ली से आए अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. एम.के. शुक्ला और डॉ. रवि सिंह ने क्लब के योगदान को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि समाजसेवियों के ऐसे प्रयास जनता के लिए संजीवनी साबित होंगे। भल्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि हम सब ठान लें तो समाज के लिए अच्छे कार्य करना कोई कठिन काम नहीं है, और आज की इस पहल से यह संदेश लेकर जाना चाहिए कि हर व्यक्ति को अपने स्तर से समाज के हित में योगदान देना चाहिए।

### हाथियों के झुंड ने रौंदी गन्ना व धान की फसल

**निघासन खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क से निकलकर आए हाथियों का आतंक बेलरायां क्षेत्र में थमने का नाम नहीं ले रहा। बीती रात बरौला हार और आसपास के खेतों में पहुंचे हाथियों के झुंड ने गन्ने व धान की फसलों को बुरी तरह रौंद डाला। खेतों का मंजर देख सुबह किसान फूट–फूटकर रो पड़े। गांव तकियापुरवा निवासी किसान रोज अली की धान की फसल हाथियों ने चट कर दी। इसी गांव के मुशर्रफ खान की गन्ने की फसल दूसरी बार तबाह हुई। हाथियों ने पहले फसल खाई और फिर पैरों तले कुचल डाली। मोतीपुर निवासी रामकिशोर और पूर्व प्रधान जमाल अहमद की धान की फसल भी हाथियों के झुंड ने तहस–नहस कर दी। किसानों का कहना है कि सालभर की मेहनत यूं उजड़ते देखना असहनीय है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों पर काबू पाने के ठोस इंतजाम करने की मांग की। साथ ही नुकसान का पूरा मुआवजा दिए जाने की गुहार लगाई। इस संबंध में उत्तर निघासन रेंज बेलरायां के रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मौके पर स्टाफ भेजा जा रहा है। हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए गश्त तेज कर दी गई है।

# झोलाछाप जीवा अस्पताल पर मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




▸ बिना पंजीकरण और प्रशिक्षित डॉक्टर के हो रहा था ऑपरेशन

झोलाछाप डॉक्टरों की मनमानी और लापरवाही ने एक बार फिर से चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गोला क्षेत्र स्थित जीवा अस्पताल में बिना पंजीकरण एवं बिना किसी प्रशिक्षित डॉक्टर के सिजेरियन ऑपरेशन किया जा रहा था। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सीएचसी गोला खीरी के अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार द्वारा प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली गोला को पत्र प्रेषित कर अस्पताल के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति की गई थी। उक्त पत्र में बताया गया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखीमपुर खीरी के निर्देश पर गठित जांच समिति ने 1 जुलाई 2025 को मौके पर पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि जीवा अस्पताल न केवल पंजीकरण रहित है बल्कि वहां बिना किसी मान्यता प्राप्त डिग्रीधारी डॉक्टर के ऑपरेशन जैसे गंभीर कार्य किए जा रहे हैं। विशेष रूप से, वहां एक महिला का सिजेरियन ऑपरेशन किया गया था, जो न केवल कानूनन गलत है बल्कि मरीज की जान के साथ सीधा खिलवाड़ भी है। स्वास्थ्य विभाग ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध क्लीनिकल स्टैब्लिशमेंट एक्ट 2010 के उल्लंघन, साथ ही भारत न्याय संहिता की धारा 223, 183 व 15(2) के तहत वैधानिक कार्रवाई की संस्तुति की है। प्राप्त दस्तावेजों में जांच समिति की रिपोर्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश और डॉ. गणेश कुमार के आधार कार्ड की प्रति को साक्ष्य के रूप में संलग्न किया गया है। गोला पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है और उपनिरीक्षक मोहम्मद अनीस को जांच सौंप दी गई है। पुलिस अब इस मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## विधि-विधान से पूजन कर विराजमान हुए गणपति बप्पा



**मितौली खीरी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मितौली कस्बे के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों के साथ-साथ गुप्ता कालोनी में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। आदित्य गुप्ता के निवास पर विधि-विधान से गणपति बप्पा की स्थापना एवं पूजन-अर्चन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पर ज्योतिषाचार्य रामजी पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणपति बप्पा का पूजन कराया। पूजन-अर्चन के पश्चात ÷गणपति बप्पा मोरिया÷ के जयघोष से पूरा कस्बा गूंज उठा। इस पावन अवसर पर गीता गुप्ता, अमित गुप्ता, गौरव गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, पूजा, स्वाती, बेबी, मानशी, उर्मिला, कंचन, शालू, अशोक गुप्ता, अनीता गुप्ता, सुधाकर जायसवाल, प्रज्ञा, निधि, सतीश, सुमन, पुनीत, निखिल, कान्हा, रविका, त्रिशा, नित्या, दिव्यांशी, रूबी, पल्लवी, आशू, प्रभाकर, पवन आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा तब और बढ़ गई जब नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सुरीले भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया।

## दरिगापुर में भीषण आग, एक परिवार को 5 लाख का नुकसान



**खमरिया खीरी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दरिगापुर के मजरा सुल्तानापुर में बीती रात एक भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी भगवती निगम के घर में देर रात करीब 2 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगते ही घर में हड़कंप मच गया। किसी तरह परिवार के सदस्य अपनी जान बचाकर बाहर निकले। इस बीच भगवती निगम के बेटे, जो सेकंड हैंड मोबाइल का कारोबार करते हैं, का पूरा माल आग की भेंट चढ़ गया। घर में रखे करीब 575 मोबाइल फोन पूरी तरह जलकर राख हो गए। इसके अलावा बेड, एलईडी, फ्रिज समेत अन्य घरेलू सामान भी आग की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हो चुका था। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और प्रशासन को भी मामले की जानकारी दी गई। गांव के लोगों ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद उपलब्ध कराने की मांग की है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चिंता और सहानुभूति का माहौल बना हुआ है।

## सहकारी समितियों में साला, बहनोई और पुत्रवाद का बोलबाला

▸ सहकारी समितियां बनीं पारिवारिक अड्डा, रिश्तेदारों की मनमानी नियुक्तियां



**ईसानगर खीरी।** साधन सहकारी समिति जंगलवाली, ब्लॉक व तहसील धौरहरा के अध्यक्ष और सचिव पर रिश्तेदारों की नियमविरुद्ध नियुक्ति करने का गंभीर आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति के संचालक अशोक कुमार त्रिवेदी ने सहायक निबंधक सहकारिता को भेजी शिकायत में बताया कि अध्यक्ष दुर्गेशनंदन पांडेय ने अपने सगे बहनोई अमित बाजपेई निवासी मझगई, ईसानगर को नियुक्त कर दिया। वहीं सचिव शिवा त्रिवेदी ने अपने साले शुभम पांडे निवासी लखीमपुर खीरी को सेवा नियमावली की अनदेखी करते हुए स्थायी कर्मचारी बना दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब समिति का रजिस्टर मांगा गया तो वह सचिव के घर से मिला। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि इन नियुक्तियों को लगभग चार वर्ष पूर्व ही अंजाम दिया गया था। आरोप है कि अध्यक्ष और सचिव की मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर यह कदम उठाए गए। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सहायक निबंधक सहकारिता रजनीश प्रताप सिंह ने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई होगी। सूत्रों के मुताबिक मामला यहीं तक सीमित नहीं है। एक अन्य समिति में भी सचिव पर आरोप है कि उसने सेवानिवृत्ति से पहले ही अपने पुत्र को नियुक्त कर दिया। परिवारवाद और रिश्तेदारी के दम पर नियमों को दरकिनार करने के इन मामलों में जल्द बड़ा खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

## मोस्ट वांटेड अपराधी मोनू गिरफ्तार, टीवीएस एजेंसी मोड़ से हुई गिरफ्तारी

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** पुलिस ने थाना गोला क्षेत्र के बहुचर्चित वांछित अभियुक्त मोनू पुत्र स्वर्गीय लालराम, निवासी ग्राम भुसौरिया, थाना गोला को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक गोला की टीम ने सटीक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 27 अगस्त दोपहर करीब 1:26 बजे मोहम्मदी बाईपास से आगे, टीवीएस एजेंसी के पास मोड़ से अभियुक्त को घेराबंदी कर दबोच लिया। मोनू पर थाना गोला में के मुकदमा दर्ज है, जिसमें वह वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा एवं हेड कांस्टेबल विजयपाल वर्मा शामिल रहे।

### घर में घुसकर चोरों ने उड़ाए नकदी व जेवरात

**ईसानगर, खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र के बैबहा कुटी गांव में बीती रात चोरों ने एक ग्रामीण के घर पर धावा बोल दिया। चोर घर से नकदी, जेवर और कीमती कपड़े चुरा ले गए। गांव निवासी राधेश्याम यादव के घर में दरवाजे न लगे होने का फायदा उठाकर चोर आसानी से भीतर घुस गए। पीड़ित के मुताबिक घर से 1.10 लाख रुपये नकद के अलावा करीब तीन लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण और कपड़े चोरी हो गए। चोरी हुए जेवरों में सोने की पांच मालाएं और अन्य आभूषण शामिल बताए जा रहे हैं। वहीं, चोर घर की महिलाओं की कीमती साड़ियां भी पार कर ले गए। राधेश्याम यादव ने बताया कि दो दिन पहले उन्हें भुगतान मिला था, जिसे घर में रखा गया था। इसी नकदी पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है।

## अस्थाई गौ आश्रय स्थलों पर अराजकतत्वों का उत्पात, केयरटेकर से अभद्रता

▸ ज्ञापन सौंपकर जिम्मेदार अधिकारियों से की कार्रवाई की मांग



**निघासन खीरी।** अस्थाई गौ आश्रय स्थलों पर अराजक तत्वों की दबंगई से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। बुधवार को भेडौरी, चखरा और रकेहटी स्थित आश्रय स्थलों पर कुछ युवकों ने जबरन घुसने की कोशिश की। रोकने पर केयरटेकर से अभद्रता और गाली-गलौज की गई। गौशाला कर्मियों का कहना है कि शासन से धनराशि उपलब्ध न होने के बावजूद वे निजी संसाधनों से गोशालाओं का संचालन कर रहे हैं। इसके बावजूद अराजक तत्वों की हरकतों ने उनका मनोबल तोड़ दिया है। उन्होंने आशंका जताई कि इस तरह की घटनाओं से किसी भी समय गंभीर अनहोनी हो सकती है। इस बाबत गौशाला प्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी राजीव निगम, क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार व खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने मांग की कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। चेतावनी दी कि अगर जल्द कदम न उठाए गए तो वे गौशाला संचालन से हाथ खींच लेंगे। ग्राम प्रधानों और प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि अगर अराजक तत्वों के कारण कोई अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप सिंह केडी, धुरू वर्मा, श्याम मोहन, ग्राम प्रधान सुखदेव सिंह, गजराज,राम कुमार, सहित कई प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पंचायत भवन से कंप्यूटर-प्रिंटर समेत कीमती सामान चोरी, इलाके में दहशत



**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र में पंचायत भवनों पर चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार देर रात चोरों ने ग्राम पंचायत पहाड़ापुर सचिवालय को निशाना बनाया और वहां से कंप्यूटर, प्रिंटर, सीपीयू, कीबोर्ड, माउस, सीसीटीवी कैमरे की एलसीडी और यूपीएस समेत कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब ग्रामीण पहुंचे तो पंचायत भवन का ताला टूटा मिला। घटना की जानकारी होते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पंचायत सहायक अरुण कुमार को दी। अरुण कुमार मौके पर पहुंचे और जांच के दौरान चोरी की पुष्टि की। उन्होंने चोरी गए सामान की सूची तैयार कर भीरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले भी इसी क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरियाबाद, जगदेव पुर के पंचायत भवन में चोरी की घटना सामने आ चुकी है। लगातार हो रही ऐसी घटनाएं ग्रामीणों को दहशत में डाल रही हैं। लोग कह रहे हैं कि जब पंचायत भवन जैसे सरकारी दफ्तर सुरक्षित नहीं हैं तो गांव-घर कैसे सुरक्षित रहेंगे?

# दो साल से कटा है कनेक्शन, फिर भी आया रु.3.86 लाख का बिल

**बीपी त्रिपाठी**



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर के मोहल्ला पटेल नगर में बिजली विभाग का अजीबोगरीब करनामा सामने आया है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस चर्चा से गरीब परिवारों में ऐसे कारनामे की चिंता सता रही है। यहां बिजली विभाग ने एक मजदूर को तीन लाख छियासी हजार रुपए का बिजली बिल थमा दिया। जिसके बाद मजदूर के परिवार के होश उड़ गए। मोहल्ला पटेल नगर स्थित डूडा कालोनी में रईस अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। परिवार के जीविकोपार्जन के लिए रईस शादी विवाह में बर्तन धोने का काम करता है। उनके घर में एक पंखा और दो एलईडी बल्ब का कनेक्शन है। रईस ने बताया कि पिछले 2 साल से उनके घर का बिजली कनेक्शन कटा हुआ है। तब इक्कीस हजार रुपए बिजली का बिल बकाया था। तब से परिवार अंधेरे में जीवन यापन कर रहा है। दो साल से बिजली कनेक्शन कटा होने के बावजूद बिजली विभाग द्वारा उनको तीन लाख छियासी हजार रुपए से अधिक का बिल थमा दिया गया। मजदूरी से जीवन-यापन करने वाले इस परिवार के पास जब इतनी बड़ी रकम का बिल बिजली विभाग ने दिया तो परिवार भौचक्का रह गया। बिजली विभाग के इस कारनामे से पूरा क्षेत्र आश्चर्य में पड़ा है। मुख्य अभियंता ने मामले की जांच करा कर समस्या का समाधान कराने की बात कही है।

## शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त कराने की मांग, बीएसए को सौंपा गया ज्ञापन



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** आल इंडिया एनपीएस इम्प्लाइज फेडरेशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त कराने की मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद और प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षकों पर शैक्षणिक कार्यो के साथ-साथ बीएलओ ड्यूटी का अतिरिक्त बोझ डालना उचित नहीं है। संगठन ने मांग की कि शिक्षकों को केवल शैक्षणिक कार्यो तक ही सीमित रखा जाए, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार हो सके। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रीना यादव, संगठन मंत्री मैथिली शरण सिंह, कोषाध्यक्ष राम करन यादव, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, राकेश कुमार, मोहम्मद अफजल, देशरत्न, धर्मेंद्र, सतेन्द्र आर्या समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### किसानों की जेब पर यूरिया का डाका

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर खाद दुकानदार उनकी जेब पर सीधा डाका डाल रहे हैं। क्षेत्र के भुजैनिकभार स्थित कादिरी खाद भंडार पर यूरिया की बोरी सरकारी रेट से अधिक रुपये में बेचे जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीण किसानों कनिक राम, राम पडित, सुभाष, मुस्ताक और उमेश ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इसकी शिकायत एडीओ (कृषि) रणधीर सिंह से की। तो तत्काल खाद वितरण पर रोक लगा दी गई। लेकिन किसानों का



कहना है कि उसी रात गोदाम का पूरा स्टॉक गायब कर दिया गया। उनका आरोप है कि इस खेल में दुकानदार के साथ विभागीय मिलीभगत भी शामिल है। किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि एक तरफ सरकारी समितियों और गोदामों पर खाद के लिए लंबी–लंबी लाइनें लगती हैं, कई बार पूरा दिन खड़े रहने के बावजूद खाद नहीं मिल पाती। प्रशासन से किसानों ने मांग की है कि ऐसे खाद माफियाओं पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में किसानों के साथ इस तरह की लूट न हो सके। इस संबंध में जब उपजिलाधिकारी उतरौला अभय सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित दुकानदार के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## नवचयनित मुख्य सेविका एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों ने सुना पीएम का वर्चुअल संबोधन




**बलरामपुर।** जनपद में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा मुख्य सेविका के पद पर नवचयनित 8 मुख्य सेविका को विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, डीएम पवन अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर नवचयनित मुख्य सेविका एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया। इस अवसर पर विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा मुख्य सेविका एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी रूप से कराकर रोजगार के साथ साथ महिलासशक्तिकरण एवं बच्चों समुचित पोषण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया गया हैं। इस दौरान डीएम ने सभी नव चयनित मुख्य सेविकाओं को चयन की बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि सभी नव चयनित मुख्य सेविका अपने दायित्वों का पूरे मनोयोग के साथ निर्वहन करें। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग, समस्त सीडीपीओ व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# आयुक्त देवीपाटन मंडल ने किया बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य तैयारियों की समीक्षा

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील द्वारा जनपद के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य एवं थारू जनजाति क्षेत्रों के जनकल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त किए जाने, महत्वपूर्ण निर्माणधीन परियोजना की प्रगति आदि की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य की तैयारीयों की समीक्षा के दौरान उन्होंने तटबंधों के कटान रोधी कार्यो की समीक्षा की, अधिशाषी अभियंता बाढ़ खंड ने बताया कि सभी काटन रोधी कार्य समय से पूर्ण कर लिए गए हैं। आयुक्त महोदय ने सभी तटबंधों पर संवेदनशील स्थलों की सघन निगरान एवं कटान रोधी सामग्री की पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता का निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में नए जलाशय को प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने थारू जनजाति क्षेत्रों को कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त किए जाने की समीक्षा की एवं थारू जनजाति क्षेत्रों में नियमित मेडिकल एवं कल्याणकारी योजनाओं से कैम्प लगाए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर डीएम पवन अग्रवाल, एडीएम वित्त एवं राजस्व, प्रदीप कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**सूचना**

मैं शपथी विशाल कुमार पुत्र नरेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम पिपरहवा देवी नगर जिला गोंडा, सशपथ बयान करता हूं कि वर्ष 2021 की हाई स्कूल की मार्कशीट जिसका रोल नंबर 212617 631 है जो वास्तव में कहीं खो गया है।

# योगी सरकार में देश के दिग्गज निवेशकों को भाया गोरखपुर

## निवेशकों की डिमांड के अनुरूप गीडा ने न केवल लैंड बैंक समृद्ध किया है बल्कि साल दर साल औद्योगिक भूखंडों का आवंटन भी तेज हुआ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर।** दशकों तक जिस गोरखपुर में स्थानीय पूंजीपति भी औद्योगिक निवेश करने से घबराते थे, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद सरकार की प्रोत्साहनपरक नीतियों, कारोबारी सुगमता और शानदार कनेक्टिविटी से अब वहां नामी कंपनियों के आने की होड़ सी दिखती है।

निवेशकों की डिमांड के अनुरूप गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने न केवल लैंड बैंक समृद्ध किया है बल्कि साल दर साल औद्योगिक भूखंडों का आवंटन भी तेज हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में तो गीडा ने अब तक 54 नई यूनिट्स के लिए रिकार्ड 182 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। इससे 5800 करोड़ रुपये के नए पूंजी निवेश के साथ 8500 लोगों के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। लंबे दौर तक पहचान को जूझता रहा गोरखपुर अब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी के मामले में मजबूत होकर औद्योगिक नक्शे पर भी चमक गया है। जिस जिले से उद्यमियों ने मुंह फेर लिया था, वहां 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद से औद्योगिक प्रगति का ऐसा माहौल बनना शुरू हुआ कि देश की बड़ी-बड़ी कंपनियां, यहां तक कि मल्टीनेशनल भी इंडस्ट्री लगा रही हैं। औद्योगिक प्रगति के नए कालखंड में सिर्फ गत पांच साल की बात करें तो इस दौरान गीडा को 9445 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले और इसके जरिये 22922 रोजगार सृजन संभव हुआ। इसमें मल्टीनेशनल ब्रांड पेप्सिको, केयान डिस्टिलरी, ज्ञान डेयरी, टेक्नोप्लास्ट और केंद्रीय भंडारण निगम, कपिला कृषि उद्योग, एपीएल अपोलो ट्यूब्स जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

**परियोजनाओं को आवंटित जमीन से प्रस्तावित निवेश**

1- श्रेयश डिस्टिलरीज 2667 करोड़ रु.
2- अंबुजा सीमेंट (अडानी ग्रुप) 1400 करोड़ रु.
5- अमृत बॉटलर्स (कोका कोला) 800 करोड़ रु.
6 केयान डिस्टिलरीज 600 करोड़ रु.
7-विजन परेन्टल
8- (फार्मास्युटिकल)100 करोड़ रु.

आगामी प्रस्तावित निवेश प्रस्ताव
9- रिलायंस सीपीएल 1000 करोड़ रु.
10- श्री सीमेंट्स 500 करोड़ रु.
लाइफकेयर्स हॉस्पिटल 500 करोड़ रु.
ईएसआईसी 150 करोड़ रु.
डीपीएस 50 करोड़ रु.

# मनौतियों के राजा का आगमन, बप्पा हुए विराजमान

## गणेश चतुर्थी पर घरों-पंडालों में मूर्ति की स्थापना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी में गणेश चतुर्थी पर पंडालो और घरों में बप्पा की मूर्ति स्थापित कर दी गई। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच मनौतियों के राजा का आगमन हो चुका है।

10 दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव पर गोमती तट पर स्थित झूलेलाल वाटिका में भव्य पंडाल सजाया गया है। 27 अगस्त से 6 सितम्बर तक चलने वाले इस 20 वें गणेशोत्सव में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन लोग कर रहे हैं। पूजा-पाठ के साथ गणेश जी का आगमन पंडाल में हो चुका है। गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से आयोजित 20वां गणेश महोत्सव है। झूलेलाल वाटिका में 15,000 वर्ग फुट में वातानुकूलित और वाटरप्रूफ पंडाल दिल्ली के प्रसिद्ध अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया है। 85 फीट ऊंचा यह पंडाल कोलकाता से आए कारीगर द्वारा तैयार किया गया है। पंडाल बेहद सुंदर और आकर्षित है किसकी भव्यता देखते बन रही है। 10 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन। गणेश महोत्सव में आने वाले भक्तों के लिए दर्शन के साथ भक्ति संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी अनुभव मिलेगा। इस कार्यक्रम में राजस्थान के बीकानेर के भजन गायक प्रवेश शर्मा 29 अगस्त को प्रस्तुति देंगे, खलीलाबाद के रोमी सरदार 31 अगस्त को भजन गाएंगे। ग्वालियर के मनोज शर्मा 2 सितम्बर को और देवघर के प्रसिद्ध गायक मनोज अजीत भजन की प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति ने सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की है। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी है। 60 सीसीटीवी से सब पर नजर रखी जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### घर में मिला दो सगे भाइयों का शव, कूड़े में दबी थी लाश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सआदतगंज इलाके में बंद घर में दो सगे भाइयों के शव बरामद हुए। दोनों शव घर के अंदर अलग-अलग जगहों पर थे। एक भाई का शव कूड़े के ढेर में दबा था। दोनों शवों से बदबू आ रही थी। पुलिस ने उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना चौपटिया पावर हाउस के पीछे स्थित ई-5 मकान की है। मकान में राजू पाहवा (62) और रवि पाहवा (58) पिछले कई वर्षों से अकेले रह रहे थे। मंगलवार देर रात घर से बदबू आने पर पड़ोसियों ने मृतकों की बहन को सूचना दी। बहन के पहुंचने पर दरवाजा खुलवाया गया। अंदर दोनों भाइयों का शव मिला। मकान के अंदर कई कुत्ते बंद थे। पूरा घर गंदगी और कूड़े से भरा था। पुलिस को एक शव कूड़े के ढेर में दबा मिला, जबकि दूसरा शव अलग कमरे में पड़ा था। आसपास खड़े लोगों ने बताया कि दोनों भाई कुत्तों से बेहद लगाव रखते थे। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, छोटा भाई रवि पाहवा की पत्नी करीब 30 साल पहले उसे छोड़कर जा चुकी थी। बड़ा भाई राजू मानसिक रूप से बीमार था। लंबे समय से कूड़ा उठाने का काम करता था। पुलिस का कहना है कि मौके पर किसी तरह की जबरदस्ती या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि मौत को 12 घंटे से ज्यादा का समय हो चुका था। मृतकों के जीजा प्रदीप बम्मी ने सूचना दी थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों की जानकारी होगी।

### रालोद की बैठकें 29 व 30 अगस्त को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में दो महत्वपूर्ण बैठक होंने जा रहे है। मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि 29 अगस्त को प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं प्रभारी की बैठक तथा 30 अगस्त को प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, संगठन महासचिव, जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्षों की बैठक की जाएगी। दोनों बैठकों में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा संगठन के सुदृढ़ीकरण, रणनीति एवं जनसंपर्क अभियानों को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री त्रिवेदी ने आगे बताया कि इन बैठकों की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय करेंगे। वे प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे तथा संगठन को और मजबूत बनाने के लिए अपने विचार एवं मार्गदर्शन देंगे। 30 अगस्त की बैठक में पंचायत चुनाव कमेटी के प्रभारी कुलदीप उज्ज्वल एवं पंचायत चुनाव समिति के अन्य सदस्य भाग लेंगे। वे पंचायत चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल की भागीदारी एवं रणनीति पर विस्तृत ह्यह्यह्यचर्चा करेंगे।

### अवध शिल्प ग्राम में फूड एंड बेकरी एक्सपो का उद्घाटन 29 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में फूड एंड बेकरी एक्सपो 2025 का तीसरा संस्करण आयोजित होने जा रहा है। यह प्रदर्शनी 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में होगी। इस भव्य प्रदर्शनी का आयोजन एसजी फूडीज इन्फोटेक एलएलपी द्वारा किया जा रहा है तथा फूड इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन इसका सहयोग कर रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा अनुमोदित है। इस प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य खाद्य एवं बेकरी क्षेत्र के उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और स्थापित कंपनियों को अपने नवीनतम उत्पाद, पैकेजिंग, तकनीक, मशीनरी और नवाचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 29 अगस्त 2025 को प्रातः 11.00 बजे विशिष्ट अतिथियों और उद्योग जगत के नेताओं की उपस्थिति में होगा। आयोजक डॉ. गिरीश गुप्ता ने बताया कि यह प्रदर्शनी न केवल उद्योग जगत बल्कि लखनऊ के लोगों के लिए भी लाभकारी होगीं।

### धूप निकलने से उमस भरी गर्मी, हल्की बारिश के आसार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में बुधवार को मौसम का मिजाज बदलता नजर आया। सुबह आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन सुबह 9 बजे के बाद धूप निकलने से उमसभरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया। मौसम विभाग के मुताबिक, लखनऊ का अधिकतम तापमान आज 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि दोपहर बाद फिर से मौसम करवट ले सकता है। शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। पिछले 48 घंटे में राजधानी में रुक-रुककर बारिश हुई है। पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले एक सप्ताह तक लखनऊ में काले बादल छाए रहेंगे और बीच-बीच में धूप भी निकलेगी। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भारी बारिश की संभावना जताई है।

### सी.एम.एस. में दो-दिवसीय 'कैम्ब्रिज एक्सीलेन्सिया' का समापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कैम्ब्रिज इण्टर-स्कूल एक्स्ट्रावैगान्जा 'कैम्ब्रिज एक्सीलेन्सिया' का भव्य समापन विद्यालय के ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर विजयी छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया गया। कैम्ब्रिज एक्सीलेन्सिया समारोह में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस, सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस, सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस, सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस एवं सी.एम.एस. गोल्फसिटी कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के छात्रों ने प्रतिभाग कर विज्ञान, कला, संगीत, तकनीक व खेल प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन कर दर्शकों को दाँतो तले उँगली दबाने पर मजबूर कर दिया। इससे पहले, कैम्ब्रिज एक्सीलेन्सिया का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनूप चन्द्र पाण्डेय, आई.ए.एस. (से.नि.), पूर्व मुख्य सचिव, उ.प्र. द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागी छात्रों को सम्बोधित करते हुए लगातार उत्कृष्टता हेतु प्रेरित किया।

### भाषा विश्वविद्यालय पहुंचे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बुधवार को मूट कोर्ट के इनॉग्रशन समारोह में शामिल होने हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला पहुंचे है। उन्होंने बुधवार सुबह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मूट कोर्ट हॉल परिसर शुभारंभ किया। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में डॉ.राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता कार्यक्रम में डॉ.अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी भी शामिल हुए।

### दो करोड़ से अधिक लाभार्थियों को दी जा रही पोषण सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि ये दिन प्रदेश की प्रगति का दिन है। महिला आत्मशक्ति का दिन है। सहायिकाओं के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी की देखरेख होती है। प्रदेश में दो करोड़ से अधिक लाभार्थियों को पोषण सामग्री दी जा रही है। 14,535 आंगबाड़ी का पुनरोद्धार किया गया। कन्या सुमंगला योजना के तहत अभी तक 26 लाख बालिकाओं को 600 करोड़ से ज्यादा का लाभ दिया गया। 37 लाख महिलाओं को पेंशन दी जा रही है। दो करोड़ से अधिक लाभार्थियों को पोषण सामग्री दी जा रही है।

### खुद को सिर्फ सरकारी सेवा तक ही सीमित न समझें : प्रतिभा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि 20 साल बाद ये ऐतिहासिक पल आया है। जब 2425 मुख्य सेविकाओं के नियुक्ति पत्र वितरण में आप साझीदार बने हैं। ये बाल शक्ति और मातृ शक्ति का पत्र है। सरकारी कर्मचारी के साथ-साथ आप मां के रूप में सेविका भी हैं। अपने दायित्व को सरकारी सेवा तक ही सीमित न समझे।

### अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक परीक्षा छह व सात को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 6 व 7 सितंबर को प्रदेश के 48 जिलों में दो पालियों में आयोजित की जाएगी। आयोग ने अपनी वेबसाइट पर जनपदों की सूची जारी कर दी है। अभ्यर्थी परीक्षा से संबंधित विवरण आयोग की वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार की आमजन से अपील, पहले हेलमेट बाद में लें ईंधन

# एक से 30 सितंबर तक चलेगा नो हेलमेट, नो फ्यूल विशेष अभियान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार के 25 अगस्त के निर्देशों के अनुरूप पूरे प्रदेश में 1 से 30 सितम्बर तक 'नो हेलमेट, नो फ्यूल% विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान जिलाधिकारी के नेतृत्व तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति (डीआरएससी) के समन्वय से चलाया जाएगा, ताकि जनपद स्तर पर सभी सम्बंधित विभाग एक साथ नागरिक सुरक्षा के इस उद्देश्यमूलक प्रयास को आगे बढ़ाएं।

इस अवधि में पुलिस, राजस्व/जिला प्रशासन तथा परिवहन विभाग के अधिकारी प्रवर्तन की मुख्य जिम्मेदारी निभाएँगे। योगी सरकार ने आमजन से अपील की है कि वे इन प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग करें।

यह पहल पूर्णतः विधिसम्मत एवं जनहितैषी है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 दोपहिया चालक तथा पिलियन के लिए हेलमेट अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194डी उल्लंघन पर दंड का प्रावधान करती है।

सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति की ओर से भी राज्यों को हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने का परामर्श दिया गया है। योगी सरकार ने कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल का उद्देश्य दण्डित करना नहीं, बल्कि नागरिकों को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है– ईंधन तभी, जब हेलमेट सिर पर हो।

उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि नो हेलमेट, नो फ्यूल दण्ड नहीं, बल्कि सुरक्षा का संकल्प है। यह अभियान 1 से 30 सितम्बर तक जिलाधिकारी के नेतृत्व, डीआरएससी के समन्वय और अधिकारियों के प्रवर्तन के साथ चलेगा। सभी नागरिकों, पेट्रोल पम्प संचालकों और तेल कंपनियों से अपील है कि वे इसमें पूर्ण सहयोग दें। हेलमेट पहले, ईंधन बाद में को नियम बनाएं, क्योंकि हेलमेट पहनना जीवन का सबसे सरल बीमा है।

**कई विभागों के सहयोग से अभियान को मिलेगी गति**

परिवहन आयुक्त ने कहा कि अभियान पूरी तरह से सार्वजनिक हित में है। पूर्व के अनुभव बताते हैं कि दोपहिया वाहनस्वामी शीघ्र ही हेलमेट के साथ आने की आदत विकसित कर लेते हैं। इससे ईंधन बिक्री पर भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। तेल विपणन कंपनियां आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल तथा सभी पेट्रोल पम्प संचालकों से अनुरोध है कि वे इस प्रयास में सक्रिय सहयोग दें। खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से पेट्रोल पम्प स्तर पर आवश्यक समन्वय/निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। सूचना एवं जनसम्पर्क तंत्र जन-जागरूकता के प्रसार में सहयोग करेगा। नागरिक, उद्योग और प्रशासन मिलकर ही सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोटों को कम करने के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर ठोस कदम बढ़ा सकते हैं।

### लगातार कन्याओं के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहे सीएम योगी : खन्ना

**लखनऊ ।** नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि जिस दिन से सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की बागडोर संभाली है तब से कन्याओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। अब अत्याचारियों पर 100 दिन के अंदर कार्रवाई की जा रही है।वित्त मंत्री ने कहा कि कन्याओं के पोषण के साथ ही मार्गदर्शन की जिम्मेदारी भी मुख्य सेविकाओं की है। हमारे समाज में कन्याओं का पोषण ये कहकर किया जाता है कि उन्हें पराये घर जाना है पर मैं कहूंगा कि वो पराये घर जाएं तो स्वालंबी बनकर जाएं। आत्मनिर्भर बनकर जाएं। योगी सरकार ने कन्याओं की पढ़ाई से लेकर उनके विवाह तक के लिए मदद की है।

# बिजली विभाग ने शुरु कराया टहनियों की छटाई का कार्य

**लाइनों के नीचे पेड़ों की कटाई व छटाई कार्य बिजली विभाग ने किया शुरू, उपभोक्ताओं को लगातार होगी बिजली आपूर्ति**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बीकेटी खण्ड के जीपीआरए क्षेत्र में विद्युत लाइनों के नीचे लगे पेड़ों की कटाई और छटाई का कार्य शुरू किया गया। यह कार्य अधिशासी अभियंता पंकज गुप्ता के निर्देश पर किया जा रहा है, ताकि विद्युत सप्लाई में कोई विघ्न न आये।

एसडीओ जीपीआरए राजकुमार ने बताया की हमारी टीम द्वारा द्वारा पेड़ों की कटाई व छटाई का कार्य कराया जा रहा है। वहीं टीम द्वारा बिजली लाइनों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। जहां पोल टूटे हुए हैं उनकी मरम्मत की जा रही है। एसडीओ राजकुमार व जेई विशाल व जेई प्रदीप द्वारा ट्रांसफॉर्मर की भी चेकिंग की जा रही है। अधिकारियों ने बिजलीकर्मियों को निर्देश दिए कि लाइन में जो भी खराबी हो, उसे सही किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

### रोजगार मेले में पुलिस ने युवक को बताया संदिग्ध

**लखनऊ ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रहे रोजगार महाकुंभ का आज दूसरा दिन है। 20,000 से ज्यादा युवा रोजगार के लिए पहुंचे हैं। पहले दिन की अव्यवस्थाओं के बाद प्रशासन ने दूसरे दिन व्यवस्था में कई तरह के बदलाव किए हैं। युवाओं को इंटरव्यू देने के लिए टोकन व्यवस्था लागू की है। गेट नंबर-3 की तरफ बने काउंटर पर इंडियन कंपनी में जॉब अप्लाई करने वालों को टोकन दिया जा रहा है। गेट नंबर-1 पर बने काउंटर पर इंटरनेशनल कंपनियों के लिए टोकन दिया जा रहा है। वहीं, रोजगार मेले में आये कुछ युवाओं ने पुलिस पर बदसलूकी करने के आरोप भी लगाए हैं। आगरा से आये सत्यम मिश्रा ने बताया कि पुलिस हमारा कॉलर पकड़कर भगा रही है।

# उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को न रोजगार व किसानों को नहीं दे पा रही खाद : अजय राय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। न ही युवाओं को रोजगार दे पा रही है, न ही किसानों को खाद दे पा रही है, न लोगों को बीमारी से बचा पा रही है और न ही महिलाओं को सुरक्षा दे पा रही है।

एक मुख्यमंत्री हैं जो आत्ममुग्धता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं एवं उनका प्रशासन है जो ध्वस्त है और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ है। एक तरफ जहां गरीब अव्यवस्था के कारण अपने प्राण गवां रहे हैं तो दूसरी तरफ सरकार आंकड़ों की बाजीगरी कर झूठी तस्वीरें दिखाकर ईनाम हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि संवेदनहीनता यह है कि सरकार मौतों के आकड़ों को छुपा रही है। जानकीपुरम सेक्टर-7 निवासी राजेश कौशल जो फेरी करके अपने परिवार का पालन करते थे उनकी मौत डायरिया से हुई जिसका मुख्य कारण प्रदूषित सीवर युक्त पानी है, परंतु सरकार की तरफ से कारण कुछ और बताया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश में सफाई के मामले में लखनऊ का तीसरा स्थान है। प्रदेश की राजधानी है और तो और देश के रक्षा मंत्री का संसदीय क्षेत्र भी है। लेकिन बहुत ही अफसोस की बात है कि यहां के निवासी गंदगी से अपने प्राण गवां रहे हैं। राजेश कौशल जो अपने परिवार में अकेले कमाने वाले व्यक्ति थे उनके परिजनों का हाल लेने कोई भी भाजपा नेता नहीं पहुंचा। इस दौरान उन्होंने स्व. राजेश कौशल के घर के बाहर नाले की तस्वीरें भी दिखाई, जिनमें दूषित पानी बह रहा है।

### 31 तक आवेदन करें निःशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट के लिए किसान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विभाग के अन्तर्गत संचालित प्राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत तोरिया लाही फसल का दो किलोग्राम मात्रा का बीज मिनीकिट निःशुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के द्वारा आनॅलाइन आवेदन हेतु 1 अगस्त से 31 अगस्त तक की अवधि तक पोर्टल खोला गया है। कृषकों द्वारा पोर्टल पर तोरिया बीज मिनीकिट की बुकिंग की जा सकती है। आनॅलाइन आवेदन करने वाले कृषकों को बीज मिनीकिट आवेदन अवधि में प्राप्त आवेदकों के मध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में आनॅलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट प्राप्त हो सकेगा।

# शिक्षा के साथ खेल में भी उत्कृष्टता की ओर बढ़ रहे एसएमआईसी के छात्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय खेल महासंघ ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 18वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन हाल ही में हरदयाल तकनीकी परिसर, मथुरा में 23 और 24 अगस्त को किया गया था। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में सेंट मैरीज़ इंटर कॉलेज, सेक्टर 14, इंदिरा नगर के छात्र वंश पटेल ने मार्शल आर्ट्स में जूनियर कैडेट वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने कौशल का लोहा मनवाया।

इसके अलावा, यूपी ओपन कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में, इसी कॉलेज की छात्रा कृतिका बाजपेई ने रजत पदक हासिल कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। ये उपलब्धियाँ न केवल छात्रों की खेल प्रतिभा का प्रमाण हैं, बल्कि उनके अथक परिश्रम और समर्पण का भी परिचायक हैं। एसएमआईसी की प्रधानाचार्या मिसेज शालू कपूर ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे कॉलेज के लिए गर्व का विषय है।

कॉलेज हमेशा छात्रों को खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है और उन्हें अपने कौशल को विकसित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करता है। कॉलेज के पीटीआई धीरज रस्तोगी ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि वे आगे भी छात्रों को खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। वंश और कृतिका की इस उपलब्धि से निश्चित रूप से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने खेल कौशल को और भी बेहतर बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

### मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी भाजपा : धर्मपाल

**लखनऊ ।** बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाएगी। भाजपा नर सेवा, नारायण सेवा के संकल्प के साथ रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता कार्यक्रमों सहित विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम गांव, गली, मोहल्लों, शहरों, कस्बों, पगडंडियों तक पहुंचेगी। उन्होंने पंचायत चुनाव तथा 2027 विधानसभा चुनाव में पूर्व तैयारी-पूर्ण तैयारी की नीति के साथ बूथ समिति तथा मजबूत बूथ व्यूह रचना की रणनीति पर चर्चा की। धर्मपाल सिंह गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारियों की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

# मूर्ति स्थापना के साथ अलीगंज गणेश उत्सव शुरु, दर्शन करने पहुचीं मेयर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अलीगंज का राजा गणेश पूजा सेवा समिति की ओर से 13 वां श्री गणेश जन्मोत्सव बुधवार को मूर्ति स्थापना के साथ शुरू हुआ। गुलाब वाटिका अपार्टमेंट नेहरू बाल वाटिका पार्क के पास, अलीगंज मे पहले दिन पंडित उमेश कुमार मिश्रा ने विधिविधान से मूर्ति स्थापना सम्पन्न कराई।

पूजन मे समिति के संरक्षक राज कुमार सिंघल, महेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मनोज मिश्रा, अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, महामंत्री शरद तिवारी, शुभम अग्रवाल आदि लोग थे। बप्पा के दरबार मे महापौर सुषमा खर्कवाल दर्शन करने पहुंची। शाम को कानपुर के भजन गायक तरंग व मुकेश ने भजनों की गंगा बहाई। शुरुआत तरंग व मुकेश ने देवा हो देवा..., से की। उसके बाद राधिका गोरी से, फिर जिसकी नैया श्याम भरोस... सुनाया। अगले क्रम मे घर मे पधारो गजानंद जी कीर्तन की हैं रात, सुनाया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गये।

मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि 28 अगस्त को प्रातः 9 बजे से श्रृंगार, पूजन, अभिषेक, शाम को भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। संरक्षक संदीप अग्रवाल ने बताया कि बप्पा के दरबार में आने वाले सभी भक्तों को प्रतिदिन प्रसाद दिया जाएगा। विसर्जन शोभा यात्रा 31 अगस्त को निकली जाएगी जो आकर्षण का केंद्र होगी इस वर्ष शोभा यात्रा में भगवान गजानन का रथ भव्य रहेगा।

# निस्तारण बिना ही समस्या को निस्तारित दिखा देने पर ऊर्जा मंत्री हुए खफा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में राजधानी स्थित संगम सभागार में ऊर्जा विभाग की विद्युत आपूर्ति सहित तमाम शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

ऊर्जा मंत्री ने विभागीय शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।बैठक में सभी विद्युत वितरण निगम के एमडी व केस्को डायरेटर ने क्षेत्रवार ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण की वस्तुस्थिति से अवगत कराया। श्री शर्मा ने शिकायतों के निस्तारण की वास्तविक स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। बिना समस्याओं का सही समाधान किए हुए उन्हें निस्तारित दिखाना जनता के साथ अन्याय है। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने एमडी को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर से निस्तारित होने वाले शिकायतों के संबंध में शिकायतकर्ता से बात करते हुए क्रॉस चेक कराएं।

विभाग की साख व जनता का विश्वास तभी बन सकता है जब शिकायतकर्ता स्वयं यह महसूस करे कि उसकी समस्या का वास्तविक समाधान हुआ है। ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की क्रॉस चेकिंग सुनिश्चित की जाए।

# तालाब में औंधे मुंह पड़ा मिला कक्षा तीन के छात्र का शव

**चेहरे पर दिखे गहरी चोटों के निशान ग्रामीणों ने जताई हत्या की आशंका**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** गुडम्बा इलाके की बेहटा चौकी अंतर्गत सादामऊ गांव से कुछ दूरी पर बुधवार सुबह तालाब में 8 वर्षीय वीरू नामक कक्षा तीन के छात्र का शव तालाब में औंधे मुंह पड़ा मिला सूचना मिलते ही बच्चे के परिजनों में मातम छा गया।

परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है बच्चे के माथे और मुंह पर गम्भीर चोटों के निशान थे जिसको देख ग्रामीणों ने हत्या कर शव तालाब में फेंके जाने की आशंका जताई है। इस मामले में जानकारी देते हुए एसीपी गाज़ीपुर अनिंद्य विक्रम ने बताया कि मंगलवार देर रात गुडम्बा थाने पर बच्चे के पिता बब्लू ने गुमशुदगी की तहरीर दी थी जिसपर गुमशुदगी दर्ज कर स्थानीय पुलिस जांच करते हुए बच्चे की तलाश में जुट गई थी।

परिजनों के मुताबिक मंगलवार शाम क़रीब 6 बजे बच्चा गायब हो गया था जिसके बाद परिजनों ने काफ़ी तलाश किया वहीं बेहटा चौकी प्रभारी संतोष पटेल ने बच्चे के गायब होने की सूचना पाते ही बच्चे की तलाश शुरू कर दी थी और लगभग रात भर बच्चे की तलाश में वह लगे रहे परन्तु कोई सुराग़ नहीं मिला। बुधवार सुबह लगभग 6 बजे बच्चे का शव मिला आनन फानन में मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक छात्र वीरू छह भाइयों में सबसे छोटा था जो कक्षा तीन में पढ़ाई करता था उसकी मौत से ग्रामीणों में काफ़ी आक्रोश है स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को उचित जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

एसीपी अनिंद्य विक्रम सिंह ने यह भी बताया कि जांच के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद मुनासिब कार्रवाई की जाएगी यदि हत्या जैसी वारदात सामने आती है तो दोषी कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा। वहीं परिजनों ने किसी से भी किसी प्रकार की कोई रंजिश होने से साफ़ इनकार किया है। छात्र की मौत कैसे हुई पुलिस के लिए यह एक कड़ी चुनौती है। देखना दिलचस्प यह है कि इस गुत्थी को गुडम्बा पुलिस कैसे सुलझाती है।

# प्रा.वि. महेशपुर की प्रधानाध्यापिका को मिलेगा राज्य अध्यापक पुरस्कार

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए 5 सितंबर को लखनऊ में मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

बदलाव का जुनून और जज्बा हो तो उसके लिए सरकारी मदद मायने नहीं रखती। दृढ़ इच्छा शक्ति से भी बेहतर किया जा सकता है। इसकी नजीर बनी हैं जिले के नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर की प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल, जो लगन और मेहनत से नौनिहालों की किस्मत चमका रही हैं। उनके द्वारा किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों के लिए उन्हें राज्य अध्यापक पुरस्कार-2024 के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार आगामी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों दिया जाएगा। बताते चलें कि कोरोना काल में जब देशभर में लॉकडाउन था और स्कूल-कॉलेज भी बंद थे, तब नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर की प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल गांवों में जाकर मोहल्ला क्लास चलाकर बच्चों को शिक्षा मुहैया कराने का काम करती थीं। उनका यह कदम काफी सराहा गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में मोहल्ला क्लास शुरू करने का निर्देश दिया था। उसके बाद जिले के अधिकांश परिषदीय विद्यालयों द्वारा मोहल्ला क्लास की शुरूआत की गयी थी।



दरअसल, लाकडाउन के दौरान आनलाइन क्लास का निर्देश दिया गया था, लेकिन वंदना पटेल की सोच थी कि गांवों में बच्चों को आनलाइन क्लास में तमाम बाधाएं हैं। इस पर उन्होंने मोहल्ला क्लास की शुरूआत की थी। इसके साथ ही वंदना पटेल ने विद्यालय में पुस्तकालय और पठन-पाठन का बेहतर वातावरण मुहैया कराने का काम किया। दीवारों पर सुंदर चित्रकारी कराने के साथ ही परिसर को छात्रों के लिए रूचिकर बनाया है। उन्होंने कर्तव्य निष्ठा के बलबूते विद्यालय परिसर में फूल खिलाया है और विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों का रोपण कर नौनिहालों को पर्यावरणीय वातावरण मुहैया कराने का काम किया है। यहां छात्र प्राइवेट स्कूल से बेहतर सुविधा में पढ़ाई कर रहे हैं। उनके उत्कृष्ट कार्य को देखकर राज्य अध्यापक पुरस्कार-2024 के लिए चयनित किया गया है। वंदना पटेल ने महेशपुर में अपनी नियुक्ति के समय से ही परिवर्तन की पटकथा लिखने का काम किया, जो उनके जज्बे और जुनून के चलते बेसिक शिक्षा के लिए नजीर बन गया। प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में वंदना पटेल की जब तैनाती की गयी, उस समय स्कूल में कुछ ही छात्रों का नामांकन था और सुविधाओं के नाम पर भवन के अतिरिक्त कुछ भी नहीं था। इतना ही नहीं, यहां के अभिभावकों की राय भी प्राइमरी स्कूल व अध्यापकों को लेकर अच्छी नहीं थी। ऐसे में वंदना पटेल ने बदलाव की मुहिम शुरू की। उन्होंने घर-घर जाकर अभिभावकों से संवाद किया। उनको बेहतर शिक्षा का भरोसा दिया और बच्चों का प्रवेश कराने के लिए प्रोत्साहित किया। इस पर नामांकन तो बढ़ा, लेकिन उनके सामने चुनौती बेहतर करने की थी। इसके लिए उन्होंने वेतन से धनराशि खर्च करके पुस्तकालय और स्मार्ट क्लास का संचालन शुरू किया। इसका असर रहा कि यहां चालू सत्र में 155 छात्रों का नामांकन है। प्रतिदिन 75-80 फीसद बच्चों की उपस्थिति रहती है। वंदना पटेल को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के लिए चयनित होने पर तमाम शिक्षकों ने बधाई दी है।

# गौशाला में तड़प रहा गौवंश, बीडीओ अनजान

**बबनजोत में रसूख दिख रहा हावी, गौशालाओं पर जिम्मेदारों की नहीं पड़ रही नजर**



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

गौ संरक्षण के नाम पर जहां एक तरफ सरकार पानी जैसे पैसे बहाते हुए गौ संवर्धन के क्रम में लगी हुई है,वहीं दूसरी तरफ जनपद गोंडा के विकास खंड बभनजोत अंतर्गत ग्राम पंचायत केशवनगर ग्रंट में गौशाला की स्थिति अत्यंत दयनीय है।गौशाला में पड़ी तड़फ रही एक जिंदा गाय को कौवों द्वारा नोचने की तस्वीरें सामने आई हैं। जिससे गौशाला में भीषण लापरवाही दिख रही है, बताया जाता है ऐसी घटनाएं पहले भी सामने आ चुकीं हैं, फिर भी गौशाला में गायों की देखभाल ठीक नहीं की गई। वहीं आसपास के लोगों ने बताया कि यहां आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और जब भीषण गर्मी होती है तो कई पशु चारा-पानी के लिए तड़प-तड़प कर जान भी दे चुके हैं। इसके संबंध में ग्रामीण स्थानीय प्रधान व सचिव से कई बार कहा भी लेकिन कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है ।और यहां जिंदा गाएं अपनी सेहत की खस्ता हाल होने से जानवरों की निवाला बन रहा है। वहीं इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी बभन जोत राम लगन वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसी कोई समस्या मेरे संज्ञान में नहीं है। और मैं जुलाई से यहां पर प्रभार ग्रहण किया हूं तब से ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला है, फिलहाल मैं तत्काल सचिव को बोलकर समस्या से अवगत होते हुए तुरंत निराकरण करवा रहा हूं।

# 31 अगस्त तक चलेगा फाइलेरिया से बचाव अभियान



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

फाइलेरिया आज भी दुनिया के 72 देशों में 85.60 करोड़ लोगों को प्रभावित कर रहा है। भारत में यह बीमारी 328 जिलों में फैली है, जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश के 51 जिलों में इसका प्रभाव है। मच्छरों से होने वाली यह गंभीर बीमारी गोंडा जिले में भी साफ दिखाई देती है। यहाँ 2065 फाइलेरिया मरीज पंजीकृत हैं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सी.के. वर्मा के अनुसार, एक बार लक्षण आने के बाद यह जीवनभर की समस्या बन जाती है और मरीज को विकलांगता व आर्थिक बोझ झेलना पड़ता है। इससे बचाव का सबसे बेहतर उपाय है साल में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और डब्लूएचओ द्वारा प्रमाणित है। इस मौके पर सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने जानकारी दी कि अभियान में अब तक 19.37 लाख से अधिक लोगों ने फाइलेरिया से बचाव की दवाएं सेवन कर ली हैं। दवा नज़दीकी आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्य केंद्र से सेवन की जा सकती है, लेकिन इसे खाली पेट न लें।

### दवा सेवन के नियम

1. दवाओं की निर्धारित मात्रा एक साथ लें।
2. दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को दवा खानी चाहिए।
3. गर्भवती महिलाएं, गंभीर बीमार व्यक्ति और दो साल से छोटे बच्चों को दवा नहीं लेनी है।
4. दवा खाली पेट न लें।

### दवा सेवन के बाद संभावित प्रतिक्रिया

डॉ. सी.के. वर्मा के अनुसार मच्छर काटने के बाद फाइलेरिया के लक्षण प्रायः 10-15 साल बाद हाथ-पैर में सूजन के रूप में दिखते हैं, लेकिन शुरुआत में व्यक्ति सामान्य रहता है। लक्षण आने से पहले दवा खाने से शरीर में छिपे सूक्ष्म कृमि नष्ट हो जाते हैं और व्यक्ति बीमारी से सुरक्षित हो जाता है।दवा सेवन की प्रक्रिया में कुछ लोगों को हल्का चक्कर, थकान, उल्टी या सुस्ती जैसी प्रतिक्रियाएं हो सकती हैं, जो कुछ घंटों में स्वतः ठीक हो जाती हैं।

## हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम पर हुई बैठक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के बैनर तले आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश कोषाध्यक्ष नीलमणि शुक्ल का सर्व प्रथम भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र की अध्यक्षता में में सम्पन्न हुई। महासंघ की जिला कार्य समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं विकास खंड के प्रमुख पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हमारा विद्यालय- हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम दिनांक 1 सितंबर 2025 को जनपद के अधिकतम विद्यालयों में आयोजित किए जाने हेतु तैयारी की योजना रचना के संबंध में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीलमणि शुक्ल के द्वारा द्वीप प्रज्वलन व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

# आयुक्त ने की बलरामपुर में बाढ़ पूर्व तैयारियों की गहन समीक्षा

**गोण्डा/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बुधवार को बलरामपुर कलेक्ट्रेट सभागार में वहां की बाढ़ की स्थिति एवं बाढ़ पूर्व तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बाढ़ प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। बैठक का उद्देश्य संभावित बाढ़ की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना था। आयुक्त ने सबसे पहले तटबंधों पर चल रही निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तटबंधों के निर्माण और मरम्मत कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि यही बाढ़ नियंत्रण की सबसे अहम कड़ी है।



**डीएम बोले, जिले का कोई गांव फिलहाल बाढ़ग्रस्त नहीं**

साथ ही स्टोरों और तटबंधों पर एकत्रित भंडारण सामग्री की स्थिति का भी आकलन किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ से संबंधित सभी उपकरण, राहत सामग्री एवं नावें पहले से ही पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहनी चाहिए, ताकि आकस्मिक स्थिति में तत्काल कार्रवाई हो सके। बैठक के दौरान बलरामपुर के जिलाधिकारी ने आयुक्त को अवगत कराया कि वर्तमान समय में जिले का कोई भी गांव फिलहाल बाढ़ की स्थिति में नहीं है और हालात पूरी तरह से नियंत्रण में हैं। उन्होंने बताया कि नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और संवेदनशील स्थानों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आयुक्त ने बॉर्डर एरिया पर स्वास्थ्य कैंप लगाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अलर्ट मोड में रहें और हर स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ की चुनौती का सामना केवल विभागीय तैयारी से ही नहीं बल्कि जनभागीदारी से भी किया जा सकता है। इसलिए राहत और बचाव कार्यों में स्थानीय जनता को भी जागरूक किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई, जल निगम और आपूर्ति विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में दवाओं, पेयजल और खाद्यान्न की पर्याप्त आपूर्ति हर हालत में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

बैठक के अंत में आयुक्त ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही गंभीर परिणाम ला सकती है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रबंधन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रत्येक अधिकारी को अपने दायित्व का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करना होगा।

# 300गोवंशों के मरने व सागौन के 30 पेड़ों की चोरी का मामला उजागर

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

वजीरगंज विकास खण्ड की ग्राम पंचायत ढोढ़ियापारा में स्थित गोशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं,असमय ही 300 से अधिक गोवंशों के मरने तथा गोशाला में लगे सागौन के 30 पेड़ों को चोरी से बेच देने के साथ ही अन्य गंभीर अनियमितताओं की शिकायत शपथपत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री समेत अन्य अधिकारियों से करते हुए उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गयी,लेकिन पांच माह बाद भी कोई कार्र वाई नहीं की जा सकी और न ही अब तक जांच रिपोर्ट ही उच्चाधिकारियों को सौंपी गयी। जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़िया पारा की पूर्व ग्राम प्रधान माया देवी के पति अशोक कुमार सिंह ने करीब 5 माह पूर्व



शपथपत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से शिकायत की थी,जिसमें कहा कि ग्राम पंचायत में स्थित गौशाला में लगभग 300 गायें बिना चारा-भूसा के मर गयीं।आरोप लगाया कि गौशाला में दाना, भूसा व चोकर को कार्यकर्ता लल्लन सिंह, दिनेश सिंह,सूर्यलाल चौहान व गोपाल चौहान द्वारा कालाबाजारी कर लिया जाता है।इतना ही नहीं, पूर्व प्रधान के पति द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि गोशाला में लगे सागौन के करीब 30 वृक्षों को दुर्गेश सिंह, लल्लन सिंह व दिनेश सिंह द्वारा बिना परमिट के चुपके से कटवाकर बेच दिया गया है। गोशाला में नांद,चरनी का मानकविहीन निर्माण कराकर सरकारी धन की बंदरबांट करने के भी गंभीर आरोप लगाए गए। इसके साथ ही पंचायत भवन के निर्माण में भारी अनियमितता का भी आरोप लगाया गया। शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया कि ग्राम पंचायत ढोढ़ियापारा में स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण कराए बिना ही सरकारी धन को निकालकर आपस में बंदरबांट कर लिया गया है। इसके संबंध में पूर्व में भी शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। समग्र योजना के तहत ग्राम पंचायत में स्थित राजा सगरा तालाब का मौजूदा प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा बिना कार्य कराए ही 05 लाख 17 हजार रूपए निकालकर डकार लिया गया। प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी पर आरोप है कि जगन्नाथ पुत्र नीबर, शिवपता पत्नी बलदी, रामकिशोर पुत्र भगौती को फर्जी व नियम विरूद्ध दो-दो बार आवास योजना का लाभ दिया गया है।इसके साथ ही शिकायतकर्ता द्वारा ग्राम प्रधान पर अन्य तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गयी, लेकिन अभी तक सिर्फ जांच के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

### दबाव में पुलिस ने सीज की ट्रैक्टर-ट्रॉली

शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसके द्वारा शिकायत करने पर विपक्षी गणों द्वारा उस पर तथा उसके परिवार वालों पर पुलिस से साठ गांठ कर फर्जी मुकदमा लिखाया जाता है। अशोक कुमार सिंह का आरोप है कि अपनी ट्रैक्टर–ट्रॉली व दो मजदूरों द्वारा फावड़े से मिट्टी खोदवा कर अपने मित्र बब्लू बाबा के खेत से लाकर अपने घर में बाउंड्री के अंदर डालना था लेकिन विपक्षी गणों द्वारा डुमरियाडीह चौकी इंचार्ज से साठगांठ करके ट्रैक्टर–ट्रॉली को गलत तरीके से सीज करा दिया गया।अशोक सिंह का आरोप है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से खनन किया जाता है लेकिन चौकी इंचार्ज द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, जबकि इसकी शिकायत भी एसडीएम व सीओ तरबगंज से की गयी।

# टोकन के माध्यम से वितरण की गई यूरिया

**शाम 5 बजे तक 200 बोरी वितरण किया गया यूरिया**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

साधन सहकारी समिति रामपुर धोबिया हार पर शाम 5 बजे तक 200 बोरी यूरिया वितरण किया गया। जिले में यूरिया की जरूरत प्रत्येक किसान को इस समय है। किसानों को धान, गन्ना में यूरिया उर्वरक डालने का कार्य चल रहा है।



इसी कारण किसान यूरिया लेने के लिए साधन सहकारी समिति पर सुबह ही पहुंच जाते हैं। लेकिन यूरिया किसानों को समय से नहीं मिल पाती। बुधवार को साधन सहकारी समिति पर किसानों को जैसे पता चला कि यूरिया आ गई है वैसे ही समिति पर महिला व पुरुष भारी संख्या में किसान पहुंच कर लाइन में लग गए फिर सभी मौजूद किसानों को टोकन वितरण किया गया। इसके बाद खाद का वितरण 10 बजे से शुरू किया गया।

शाम 5 बजे तक 200 बोरी यूरिया का वितरण हो पाया जिन किसानों को यूरिया नहीं मिल पाई है उन किसानों को गुरुवार की सुबह दिया जाएगा। सुरक्षा के दृष्टिगत उप निरीक्षक मुकुट नाथ चौधरी, लाल धर प्रसाद, हेड कांस्टेबल प्रमोद वर्मा, रंजीत वर्मा मौजूद रहे। सचिव शाहबुद्दीन ने बताया कि यूरिया प्रयाप्त मात्र में है, सभी किसानों को यूरिया वितरण किया जाएगा।

# व्यापारी के ऑफिस से 3.95 लाख चोरी का खुलासा

**ड्राइवर निकला चोर, भाई के साथ मिलकर की वारदात**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

शहर के वजीरबाग मोहल्ले में रिफाइंड और तेल के थोक व्यापारी सतीश माहेश्वरी के प्रतिष्ठान से तीन दिन पहले चोरी हुई थी। चोरों ने गल्ले का ताला तोड़कर 3 लाख 95 हजार रुपये की नगदी चुरा ली थी। नगर कोतवाली पुलिस ने आज इस मामले का खुलासा किया। पुलिस ने व्यापारी के ड्राइवर और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के पास से चोरी की पूरी रकम बरामद कर ली गई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाह ने बताया कि चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था।



हालांकि उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। नगर कोतवाल राकेश सिंह और चौकी प्रभारी सुरेंद्र बौद्ध की टीम लगातार जांच कर रही थी। जांच में व्यापारी के ड्राइवर देवानंद श्रीवास्तव की भूमिका संदिग्ध लगी। पूछताछ में उसने अपने भाई के साथ चोरी करना कबूल कर लिया। देवानंद श्रावस्ती का रहने वाला है और पिछले तीन साल से व्यापारी के यहां काम कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, देवानंद लेन-देन भी देखता था। उसे गल्ले की एक चाबी मिल गई थी, जिसका इस्तेमाल कर उसने चोरी की। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## दो बच्चों के साथ सरयू नहर में महिला ने लगाई छलांग स्थानीय लोगों ने बचाया, पुलिस जांच में जुटी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय के पूरब बह रही सरयू नहर में लौकिहा पुल से बुधवार सुबह करीब 10 बजे लौकिहा ग्राम पंचायत के भया पुरवा गांव निवासी महिला शहीदा पत्नी चुन्ने अली उम्र करीब 28 वर्ष अपनी दो बच्ची वलीसा 4 वर्ष तथा ख़लीसा 3 वर्ष के साथ सरयू नहर में कूद गई। कूदते वक्त तीन वर्षीय बच्ची खलीसा को महिला ने कपड़े से सीने में बांधा था ।तभी उसी रास्ते से काम पर जा रहे कोरियनपुरवा गांव निवासी रामचन्दर तथा हरिश्चन्द्र ने नहर में कूदते हुए देखा और कूदकर दोनों की जान बचा ली। जिसके बाद मां और बेटी को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्साधिकारी नलिन राजा ने बताया कि उपचार के बाद दोनों की स्थिति अब सामान्य है और खतरे से बाहर हैं। सूचना पर पीआरवी डायल 112 की पुलिस पहुंची और पूछताछ कर विधिक कार्यवाही पूरी की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लौकिहा गौतम गुजराती ने बताया कि घरेलू विवाद को लेकर सुबह महिला नहर में कूदी थी जिसे राहगीरों द्वारा बचा लिया गया है अब मां और बेटी ठीक हैं। चौकी प्रभारी शिवपुर उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव ने बताया कि महिला की हालत ठीक है। पूछताछ के साथ जांच की जा रही है।



## 105 छात्रों को मिली टेबलेट की सौगात

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में संचालित चौधरी गया प्रसाद महाविद्यालय के 105 छात्रों को टेबलेट की सौगात मिली। बुधवार दोपहर स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत चौधरी गया प्रसाद महाविद्यालय में टेबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरचंद्र वर्मा उपाध्यक्ष, श्रावस्ती सहकारी चीनी मिल नानपारा रहे। 105 छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि ने टेबलेट वितरित किया। छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। श्री वर्मा ने सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि टेबलेट वितरण योजना युवाओं के भविष्य निर्माण में सहायक होंगे। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान बृज मोहन वर्मा पूर्व प्रधान गुजराती पुरवा, महाविद्यालय के संरक्षक श्याम बिहारी वर्मा, प्रबंधक मुकुट बिहारी वर्मा, उप प्रबंधक भीषम कुमार वर्मा, प्राचार्य डॉ.राम बहादुर सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# शिक्षा मित्र के भरोसे चल रहा है प्राथमिक विद्यालय

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के विकास खंड शिवपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय बसंतापुर भाकुरहा का निरीक्षण बुधवार की सुबह खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव और प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञसैनी ने किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में केवल एक शिक्षामित्र जितेंद्र कुमार ही मौजूद मिले। विद्यालय में कुल चार शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें प्रधानाध्यापक विनोद कुमार, सहायक अध्यापक जाकिया परवीन और शिक्षामित्र अंजलि व जितेंद्र कुमार शामिल हैं। छात्रों से पूछताछ में पता चला कि प्रधानाध्यापक बीआरसी केंद्र पर प्रशिक्षण में गए हैं। स्कूल में कक्षा 1 से



5 तक के सभी छात्रों को एक ही कमरे में पढ़ाया जा रहा था। कक्षा 5 के छात्रों की शैक्षणिक स्थिति चिंताजनक पाई गई। वे छोटा अ, बड़ा आ और अंग्रेजी सीख रहे थे। छात्र अपना नाम भी अंग्रेजी में नहीं लिख पा रहे थे। खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुर राम तिलक वर्मा ने कहा कि जांच के दौरान अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले भी इस विद्यालय की जांच की गई थी, जिसमें कई कमियां पाई गई थीं।

## 'बोलबम-बोलबम' व 'जय हो महाकाल की' नारो से गूंजा बहराइच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** विगत 17 वर्षो की भांति श्री सिद्धनाथ बाबा कांवड़िया संघ की ओर से इस बार भी कजरीतीज पर्व पर भव्य कांवड यात्रा व महाकाल की पालकी के साथ जुलूस निकाला गया। इस मौके पर सरयू तट पर स्थित श्रीश्री मरीमाता मन्दिर प्रांगण में एक आलौकिक व दिव्य नजारा देखने को मिला। जहां सैकड़ो की संख्या में पहुंचे कांवड़ियों व शिव भक्तो ने सरयू नदी से जल भरकर पूजा-अर्चना की और जुलूस के साथ नाचते-गाते हुए घण्टाघर स्थित पाण्डव कालीन श्री सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

# 12 मुख्य सेविकाओं को वितरित किये गए नियुक्ति पत्र

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश के चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं एवं 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण हेतु लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर अनुपमा जायसवाल, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ जिले



के चयनित 12 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। लोकभवन सभागार में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जिले की चयनित वन्दना वर्मा, रीतू मिश्रा, सौम्या चौधरी, शिखा मिश्रा, आयुषी चौधरी, शिवांकिता त्रिपाठी, प्रीति वर्मा, प्रतिभा सिंह, नीलम वर्मा, उर्मिला राणा, कु. रीता व संध्या कुमारी को मौजूद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया है। इसके अलावा पोषण ट्रैक्टर ऐप व एफआरएस के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 06 मुख्य सेविकाओं तेजवापुर की रजनी सिंह यादव, नगर की पल्लवी श्रीवास्तव, पयागपुर शिवकुमारी सिंह, महसी की संजू पाण्डेय, फखरपुर स्मिता सिंह व मिहींपुरवा की बीना सक्सेना तथा 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों माया देवी, रेनू उर्फ सीमा, पुष्पा देवी, अनीता देवी, सविता पाण्डेय, पुष्पलता, नीतू पाण्डेय, दीपमाला राव, जशीमुन्ननिंशा व नीति सिंह, रूबी रिजवी व राशिदा बेगम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, डीडीओ राज कुमार, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार, डीसी मनरेगा रवि पाण्डेय, एनआरएलएम धनन्जय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी विमल सिंह, दीपा गुप्ता, सीमा इजराईल, अनुज कुमार, अंजली गुप्ता, गरिमा श्रीवास्तव, आनन्द कुमार सहित अन्य बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका, कार्यकत्री, नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं के अभिभावक तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# आदर्श कुमार व फिरदौस खान बने छात्र-छात्रा हेड

**हरमैन मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल में यूनियन चुनाव संपन्न**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

शहर के मोहल्ला शखैय्यापुरा स्थित हरमैन मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल में छात्र संघ चुनाव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों और छात्राओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव में छात्र प्रत्याशी के रूप में ज़ैद, आदेश, पवन, हसन, आदर्श कुमार और फरमान, जबकि छात्रा प्रत्याशी के रूप में दिव्यांशी, फिरदौस खान, सिदरा, गार्गी, अलीशा खान और नाजिश ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। मतदान के बाद परिणाम




घोषित हुआ, जिसमें लड़कों की ओर से आदर्श कुमार छात्र हेड और लड़कियों की ओर से फिरदौस खान छात्रा हेड चुनी गईं।

निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अध्यापक इकराम तथा अध्यापिकाएँ फायज़ा, सानिया, अजरा, हिना और रिफ़त की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चुनाव प्रक्रिया में लगभग 400 बच्चों ने मतदान कर लोकतंत्र की बारीकियों को समझा और वोट डालने का अभ्यास किया। इस नवाचारपूर्ण पहल से बच्चों को लोकतांत्रिक प्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव मिला। विद्यालय के प्रबंधक इस्तियाक अली सिद्दीकी एवं डायरेक्टर मशकूर इश्तियाक ने बच्चों के उत्साह और शिक्षकों की सराहना करते हुए इसे बच्चों के लिए नई पहल करार दिया।

# सोशल मीडिया पर असामाजिक पोस्ट की तो होगी कार्रवाई

- एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने अपनाया कड़ा रुख
- आम जनमानस से की अपील- समुदाय जाति के को लेकर सोशल मीडिया पर ना डालें पोस्ट

सुशील सिंह






**रायबरेली।** सोशल मीडिया के अपने फायदे हैं तो वही उनके नुकसान भी देखने को मिल रहे हैं, सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाकर सकारात्मक खबरों का प्रचार प्रसार किया जा सकता है। वहीं विगत कुछ माह से रायबरेली में सोशल मीडिया पर जाति समुदाय को लेकर एक युद्ध साथ छिड़ गया है जो कहीं ना कहीं आपसी भाईचारा आपसी संबंधों में दरार पैदा करने का काम कर रहा है क्योंकि समाज में रहने वाले सभी लोग एक दूसरे के पूरक हैं उनका काम बिना एक दूसरे के सहयोग से नहीं हो सकता है मगर जिस प्रकार सोशल मीडिया पर जाति धर्म और समुदाय को लेकर युद्ध छिड़ा हुआ है आने वाला समय बुरा हो सकता है अगर समय रहते लोगों की मानसिकता को ना बदला गया तो परिणाम भयावह हो सकते हैं।

**रायबरेली पुलिस ने की अपील**

रायबरेली पुलिस के द्वारा अपने मीडिया सेल पर एक लेटर जारी करते हुए कहा गया है कि सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति के द्वारा एक समुदाय के ऊपर अभद्र टिप्पणी की गई है जिसको संज्ञान में लेकर उसके ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं यही नहीं रायबरेली पुलिस ने जारी किए गए अपने पत्र के माध्यम से यह भी अनुरोध किया है कि लोगों को ऐसे पोस्ट से बचना चाहिए जो समाज में जहर बोने का काम कर रहे हैं पुलिस उन लोगों की निगरानी कर रही है जो जिले में आपसी भाईचारा का माहौल खराब करने का काम कर रहे हैं।

# किसानों की डूबी फसल को लेकर पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**महराजगंज, रायबरेली।** पूर्व विधायक रामलाल अकेला बछरावां विधानसभा मौजूदा भाजपा नेता द्वारा महराजगंज की सड़कों पर अपने समर्थकों संग जमकर नारेबाजी की गई किसानों को मुआवजा दो योगी अकेला जिंदाबाद के नारे समर्थक लगाते रहे और लगाते हुए तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर एसडीएम से तो मुलाकात नहीं हुई लेकिन तहसीलदार मंजुला मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया कि बछरावां विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शिवगढ़ ड्रेन महराजगंज ड्रेन कसरावां ड्रेन हंसवा ताल व सिकंदरपुर मूंग ताल ड्रेन मे आई बाढ़ के कारण किसानों की हजारों एकड़ भूमि में खड़ी फसल बर्बाद हो गई प्रभावित ग्राम पंचायत में बहुदा खुर्द, बेडारू, ढेक्का, रानीखेड़ा, नेरथुआ, बसंतपुर, सकतपुर, गूढ़ा बकागढ़, सिकंदरपुर, उमरपुर, छींट खेड़ा, ताजुद्दीनपुर, मुरैनी, अलीपुर, दुंदगढ़, हलोर, पुरासी, मोन कुबना में विशेष नुकसान हुआ है उक्त सारी ग्राम पंचायतों के अलावा अन्य गांव में भी बाढ़ से फसल बर्बाद हुई है पूरे विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ से आए हुए नुकसान का तत्काल प्रभाव से सर्वे कराया जाए और सर्वे के आधार पर सभी किसानों की फसलों का मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर ग्राम प्रधानपुरासी गंगासागर पांडे पर बरहुआ प्रधान जुगनू तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्राइवेट एवं शासकीय कार्यालय में गठित कमेटी के अध्यक्ष/सदस्यों का विवरण शी बॉक्स पोर्टल पर कराना करें सुनिश्चितः जयपाल वर्मा

**रायबरेली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि मा. उच्चतम न्यायालय में योजित सिविल याचिका संख्या 2482/2014 के संबंध में निर्देश पारित किये गये है, जनपद में संचालित समस्त निजी/प्राइवेट कंपनियों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, फर्मों के मुख्यालयों में गठित आंतरिक शिकायत कमेटी का पंजीकरण शी बॉक्स के पोर्टल पर पंजीकरण कराये, एवं सभी प्राइवेट एवं शासकीय कार्यालय में गठित कमेटी के अध्यक्ष/सदस्यों का विवरण शी बॉक्स पोर्टल पर 30 अगस्त 2025 के पूर्व कराना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन कार्यालय, विकास भवन, रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

### वीवी पैट भण्डारण कक्ष का डीएम द्वारा किया गया निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वीवी पैट भण्डारण कक्ष (वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण) का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा–निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच टीवी स्क्रीन पर देखी एवं साफ–सफाई के निर्देश भी दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**महमूदाबाद, सीतापुर।** सदरपुर के अहिबनपुर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। महिलाओं का आरोप है समूह की कोषाध्यक्ष और सचिव ने धोखाधड़ी कर 70 हजार रुपए निकाल लिए। महिलाओं ने अधिकारियों ने शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। परेशान होकर महिलाओं ने सीएम को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। अहिबनपुर गांव में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह बना हुआ है। जिसमें सविता देवी अध्यक्ष, मंजू शर्मा कोषाध्यक्ष, सचिव गोल्डी देवी जुड़े थे। अध्यक्ष सविता देवी का आरोप है कि कोषाध्यक्ष और सचिव द्वारा 27 मई 2022 को 15 हजार 500 रुपए, सात नवंबर को 17500 रुपए, 30 दिसंबर 2023 को 5000 रुपए, चार सितंबर 2024 को 15000 रुपए और 11 मार्च 2025 को 8000 रुपए बिना दूसरे सदस्यों को जानकारी दिए हुए निकाल लिए। दूसरे सदस्यों को जब जानकारी हुई थी तो उन्होंने इसकी शिकायत ब्लॉक के अधिकारियों से की लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। अध्यक्ष सविता देवी, सदस्य रामवती, रूपवती, लक्ष्मीदेवी, संतोष कुमारी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायत भेजकर न्याय की मांग की है। एसडीओ जितेंद्र रस्तोगी ने बताया कि दोनों पक्षों को ब्लॉक बुलाया गया है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### पांच ब्लाकों में चलाया गया निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान, 173 गोवंशों को कराया गया संरक्षित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** खुले में घूम रहे निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देश पर यह अभियान जनपद के पांच विकासखंडों — मुसाफिरखाना, बहादुरपुर, गौरीगंज, जामों और जगदीशपुर — में संचालित किया गया। अभियान के तहत खंड विकास अधिकारियों व उनकी टीमों ने सक्रियता दिखाते हुए 173 निराश्रित गोवंशों को विभिन्न गौशालाओं में संरक्षित कराया। इनमें विकासखंड गौरीगंज से 26, जामों से 42, बहादुरपुर से 46, मुसाफिरखाना से 31 और जगदीशपुर से 28 गोवंशों को सुरक्षित गौशाला में पहुंचाया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जी.के. शुक्ला ने बताया कि निराश्रित गोवंशों की समस्या को हल करने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे पशुओं से न केवल लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, बल्कि इन मूक प्राणियों को भी सुरक्षित वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि संरक्षित किए गए गोवंशों के लिए गौशालाओं में चारे–पानी और चिकित्सीय सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने पालतू गोवंशों को निराश्रित न छोड़ें। डॉ. शुक्ला ने यह भी कहा कि खुले में घूम रहे गोवंश न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न करते हैं बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकते हैं। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा यह पहल की गई है, जो आगे भी जारी रहेगी।

### त्योहारों के दृष्टिगत की गई पीस कमेटी की गोष्ठी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहारों एवं शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना व क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना द्वारा थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पर व प्रभारी निरीक्षक मोहनगंज द्वारा थाना मोहनगंज पर थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, एस–10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में आपस में प्रेम व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने की अपील की गयी।

### निरीक्षण में तीन खाद विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने जनपद की दो साधन सहकारी समितियों और छह निजी खाद विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अनियमितता पाए जाने पर तीन विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए। जिन दुकानों की जांच की गई उनमें साधन सहकारी समिति गुलालपुर एवं जगदीशपुर, शंकर बीज भंडार महोना, हाजी खाद भंडार महोना, किसान खाद भंडार महोना, विशाल ट्रेडर्स महोना, अली खाद भंडार महोना तथा सोहेल खाद भंडार महोना शामिल हैं। शंकर बीज भंडार महोना पर 15 बोरी यूरिया भंडारित पाया गया, लेकिन कृषकों को उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था। किसानों ने शिकायत की कि यहां यूरिया की बिक्री जिंक आदि के साथ और निर्धारित दर से अधिक पर की जाती है। इस पर दुकान का लाइसेंस तत्काल निलंबित कर दिया गया। हाजी खाद भंडार महोना पर भी निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर यूरिया बेचे जाने और जिंक की टैगिंग पाए जाने पर लाइसेंस निलंबित किया गया। किसान सुविधा केंद्र, अहोरवा भवानी सिंहपुर के खिलाफ एसडीएम तिलोई को शिकायत मिली थी कि यहां यूरिया जिंक के साथ बेची जा रही है। सहायक विकास अधिकारी कृषि द्वारा जांच में आरोप सही पाए जाने पर लाइसेंस निलंबित कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

### ड्रोन की अफवाह फैलाने वाले 10 लोग हिरासत में

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में बीते कई दिनों से कुछ लोगों द्वारा रात को ड्रोन के उड़ने की अफवाह फैलाई जा रही है। जनपद पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की गई तथा कई बार लोगों को समझाया गया कि रात को विमानों की आवा जाही के चलते उसका रंगीन संकेतक है जो दिखाई देता है। किन्तु इसके बावजूद भी कुछ लोगो द्वारा रात में ड्रोन के उड़ने की अफवाह निरन्तर फैलाई जा रही थी। जिसके लिए पुलिस ने मना किया था। उसी क्रम में पुलिस ने जनपद में विभिन्न थाना क्षेत्र से इस तरह की अफवाह फैलाने वाले 10 लोगों को हिरासत में लिया है। इस अफवाह से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। पुलिस को जामों, बाज़ार शुकुल, मुंशीगंज, गौरीगंज, मुसाफ़िर खाना, तथा अमेठी आदि थाना क्षेत्र से अधिक अफवाहें सुनने को मिल रही थीं। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुंशीगंज से एक, जामों से दो, मुसाफ़िर खाना से दो, गौरीगंज से दो, अमेठी से दो तथा बाजार शुकुल से एक मिलाकर कुल 10 लोगों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके अलावा पुलिस ने क्षेत्र में लाउडस्पीकर से लोगों को ड्रोन संबंधी अफवाहों पर ध्यान न देने की घोषणा की है।

# विकासखंड में बीएलबीसी बैठक संपन्न



- विकासखंड में बीएलबीसी बैठक सम्पन्न, समूहों की प्रगति हेतु सीसीएल पर रहा विशेष फोकस

**सीतापुर।** पिसावा विकासखंड पिसावा में एल.डी.एम. मनोज कुमार की अध्यक्षता में बीएलबीसी की बैठक बैंकों के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में महिला एवं स्वयं सहायता समूहों की प्रगति और उत्थान के लिए कैश क्रेडिट लिमिट (CCL), सीएम उद्यमी योजना एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर योजना पर विशेष चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी अमित यादव ने बैंक प्रबंधकों के साथ विचार-विमर्श करते हुए कहा कि समूह अपने उत्थान एवं नए कार्यों की शुरुआत के लिए CCL का प्रयोग कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। बैठक में ए.डी.ओ. (I.S.B.) विमलेश तिवारी, बीएमएम संदीप मिश्रा सहित बैंक प्रतिनिधि विकास तिवारी, अतुल पांडे, पीयूष पटेल, एम.पी. सिंह आदि बैंक प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में समूहों की वर्तमान स्थिति, बैंकिंग सहयोग और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान सेना के हमले में घायल मजदूर की हुई मौत

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



प्रगति करते करते हम सब इतनी दूर आ गए हैं कि लोगों की संवेदनाये एवं इंसानियत की मौत हो चुकी है शायद जिम्मेदारों के साथ- साथ हम सब इतने संवेदनहीन हो चुके हैं कि किसी का दर्द एवं दुख देखना व सुनना ही नहीं चाहते ऐसी ही स्थित के कारण एक गरीब भट्ठा मजदूर की पत्नी जिम्मेदारों से पति के इलाज के लिए रोती बिलखती चिल्लाती रही लेकिन उसकी मदद के लिए कोई भी आगे नहीं आया अंततः उसके पति की मौत हो गई। प्रशासनिक जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान सेना के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए डलमऊ क्षेत्र के एक गरीब भट्ठा मजदूर की मौत हो गई मालूम हो कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान 10 मई को पाकिस्तानी गोलाबारी में जम्मू कश्मीर के नौशेरा के एक भट्टे पर काम कर रहे डलमऊ क्षेत्र के संतपुर गांव निवासी श्रमिक सोहनलाल उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया था इलाज के लिए उसे जम्मू कश्मीर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था एक महीने से अधिक इलाज के बाद उसे एंबुलेंस से पैतृक गांव संतपुर लाया गया था श्रमिक की पत्नी रेखा ने पति को काम पर ले जाने वाले ठेकेदार पर समुचित इलाज न किए जाने का आरोप लगाया था पीड़ित पत्नी का कहना है कि उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है जिससे वह पति का इलाज करा सके उसका पति अकेला कमाने वाला था जिसके इलाज के लिए उसने जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाई थी लेकिन किसी ने उसकी एक न सुनी आखिरकार आर्थिक तंगी और समुचित इलाज एवं जिम्मेदारों का सहयोग न मिलने के कारण ऑपरेशन सिंदूर के दौरान घायल हुए मजदूर सोहनलाल जिंदगी और मौत की जंग लड़ते-लड़ते हार गया और मंगलवार बीती रात उसकी मौत हो गई पत्नी रेखा दहाड़े मार मार कर रोते हुए चिल्लाती रही कि उसके पति के इलाज के लिए अगर प्रशासनिक जिम्मेदारों ने मदद की होती तो उसके पति की जान बच सकती थी वह अब अपने बच्चों का पालन पोषण कैसे करेगी मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा एवं तीन बच्चे रितिक 7 वर्ष अनिकेत 6 वर्ष आर्निक डेढ़ वर्ष को छोड़ गया पत्नी रेखा एवं पारिवारिक जनों का का रो-रो कर बुरा हाल है मृतक के अंतिम संस्कार में कोई भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजगी रही।

# तो क्या जर्मनी के तानाशाह की राह पर चल पड़े हैं नगर पंचायत के विरोधी

- हिटलर के मंत्री की तरह कह रहे हैं की झूठ को इतनी बार दोहराव की वह सत्य में बदल जाए

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।




लगातार चौथी बार नगर पंचायत महराजगंज की कुर्सी पर प्रभात साहू का दबदबा बना हुआ है और जनता है जो इस लोकप्रिय नेता पर जान छिड़कती है और हर चुनाव में अध्यक्ष की कुर्सी प्रभात साहू को ही सौंपती है। शायद यही बात वर्षों से विरोधियों को खल रही है और तरह-तरह के आरोप प्रत्यारोप लगाकर मात्र गरीबों के मसीहा जननायक को बदनाम करने का काम करते है। ताजा मामला नगर पंचायत महराजगंज के घेरा गांव में स्वीकृत इंटरलॉकिंग नहरिया रोड पर नाली बनाकर छोड़ देने का आरोप लगाया जा रहा है जबकि अनुमानित लगभग ये 6 लाख का कार्य था जिसमें दो लाख तिरसठ हजार रुपए ही स्वीकृत हुए थे जितना पैसा आया था ठेकेदार द्वारा उतना कम किया गया है ।अन्य पैसा आने पर और कार्य किया जाएगा वही आरोप लगाने वालों को शायद ये पता ही नहीं है कि कमीशन खोरी कहे देना और उसे साबित करना बहुत ही टेढ़ी खीर है ।ओपन जिम की बात की जा रही है अभी उसमें कार्य ही नहीं शुरू हुआ है तो कैसी कमीशन खोरी हो गई जब कहीं पर काम होगा तभी कमीशन खोरी के आरोप लगाए जा सकते हैं कि कार्य में यह चीज गलत है और इसमें बंदरबांट हुआ है लेकिन जहां पर कार्य ही नहीं शुरू हुआ है उस पर आरोप लगा देना कहीं ना कहीं हताशा और निराशा साफ जाहिर करता है जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के कर्मियों ने बताया कि 6 लाख का कार्य घेरा में होना था 263000 का कार्य हुआ है बाकी पैसा आने पर कार्य किया जाएगा और ओपन जिम में अभी कार्य शुरू ही नहीं हुआ है उसकी चर्चा जो कर रहे हैं केवल लोकप्रियता पाने के लिए और बदनाम करने के लिए यह सब व्यवस्था चल रही है।

# महमूदाबाद में गणेश उत्सव पर पंडालों में विराजे बप्पा

महमूदाबाद, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।



भगवान गणेश उत्सव पर नगर में बुधवार को गणेश पूजन के कार्यक्रमों की धूम मच गई। गणेश पूजन महोत्सव समिति के 19वें आयोजन में मनौतियों के राजा व दसवीं बाल गणेश समिति तथा नई बाजार दक्षिणी में गणेश पूजन उत्सव समिति महादेवपुरम् में छठीं बार बुद्धि के देवता के रुपों में वैदिक विधि-विधान से पूजन-अर्चन व जयकरों के साथ भव्य पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना हुई। भक्तों ने कई दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार की सुबह विघ्न विनाशक देव गणेश की आरती के साथ की। नगर की प्राचीन गणेश पूजन महोत्सव समिति ने नहर कॉलोनी स्थित एक निजी लॉन में भव्य गणेश प्रतिमा स्थापित करने के साथ रामकुंड चौराहे तक आकर्षक सजावट के साथ अपना 19वां महोत्सव शुरू किया है। मुख्य यजमान रितेश रस्तोगी के साथ पुजारी पं. राजेंद्र मिश्र गुड्डू ने विधि विधान से वेदी निर्माण के साथ प्रतिमा स्थापना सम्पन्न करायी। राम जानकी मंदिर पर आयोजित दशम् बाल गणेश पूजन कार्यक्रम में पं. राजेंद्र मिश्र ने यजमान राहुल गुप्त सनातनी व मृदुल तिवारी, शिवम विश्वकर्मा द्वारा वैदिक पूजन-अर्चन के साथ गणेश प्रतिमा की स्थापना करायी। समिति के सत्यम् तिवारी, सुधीर तिवारी सहित बड़ी संख्या में बाल गणेश भक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। नई बाजार दक्षिणी स्थित जिला सहकारी बैंक के निकट छठें वर्ष गणेश पूजन उत्सव समिति के सुनील जायसवाल, नितिन शुक्ल, सूरज गुप्त, हिमांशू गुप्त, सोमनाथ गुप्त द्वारा मनौतियों के देवता भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना व वेदी रचना आचार्य श्रवण शास्त्री द्वारा मुख्य यजमान राजेश मिश्र अपनी पत्नी मीरा तिवारी के हाथों से वैदिक विधि-विधान से कराई गई। पूरा दिन नगर भगवान गणेश के गीतों व जयकारों से गुंजायमान रहा।

## राजकीय आईटीआई में रिक्त सीटों पर प्रवेश का अवसर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने जानकारी दी कि चतुर्थ चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी जनपद के छह राजकीय आईटीआई में कुछ सीटें रिक्त रह गई हैं। इन सीटों पर प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को वॉक–इन पहले आओ, पहले पाओ आधार पर अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 27 अगस्त से 30 अगस्त तक संबंधित राजकीय आईटीआई से सीधे संपर्क कर सकते हैं और रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकते हैं। इस दौरान प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक शैक्षणिक अभिलेखों के साथ संस्थान में उपस्थित होना आवश्यक है। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से की जाएगी और सीटें केवल उपलब्धता के आधार पर दी जाएंगी।

# पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीक से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण आयोजित

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।




राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत किसानों को सतत और पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीक से अवगत कराने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न विकास खंडों में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय प्राकृतिक खेती था, जिसमें किसानों को बीज, खाद, दवा पर आत्मनिर्भरता लाने हेतु प्राकृतिक विधाओं, फसल प्रबंधन, पशुपालन और नवोन्मेषी प्राकृतिक कृषि तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किया गया, जिसमें विषय वस्तु विशेषज्ञ, प्राविधिक सहायकों और कृषि सखियों ने सहयोग प्रदान किया।

विकास खंड खैराबाद के बिनौरा और उनसिया क्लस्टर मे डॉ. रीमा, गृह वैज्ञानिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती में पशुपालन का महत्व और जैविक खुराक के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक और जैविक दृष्टिकोण अपनाने से पशुओं की उत्पादकता बढ़ती है और उनकी स्वास्थ्य देखभाल अधिक प्रभावी ढंग से हो सकती है।

लहरपुर विकास खंड के बसंतीपुर और महमूदपुर क्लस्टर डॉ. शिशिर कान्त सिंह, वैज्ञानिक-फसल विज्ञान ने किसानों को प्राकृतिक खेती में बीज चयन, जैविक उर्वरक का प्रयोग और प्राकृतिक फसल संरक्षण तकनीक पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक विधियों के उपयोग से फसल की गुणवत्ता और पैदावार दोनों में सुधार होता है। विषय वस्तु विशेषज्ञों और प्राविधिक सहायकों ने किसानों के प्रश्नों का समाधान किया और कृषि सखियों ने प्रशिक्षण में तकनीकी सहायता प्रदान की। बिसवां विकास खंड के महिमापुर और मानिकपुर क्लस्टर में डॉ. सचिन प्रताप तोमर, वैज्ञानिक-मृदा विज्ञान ने किसानों को प्राकृतिक खेती में मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और जैविक खाद प्रयोग पर व्यावहारिक जानकारी दी। महमूदाबाद विकास खंड के टिकरा और सेहरूखेरा क्लस्टर में डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह, वैज्ञानिक दू प्रसार ने किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार और तकनीकी जानकारी के सही उपयोग पर मार्गदर्शन दिया।

कसमंडा विकास खंड के कुरसांड और डोभा क्लस्टर मे प्रशिक्षण देते हुए डॉ. आनंद सिंह, वैज्ञानिक-पशुपालन ने किसानों को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत पशुपालन में जैविक और प्राकृतिक दृष्टिकोण अपनाने पर प्रशिक्षण दिया। मिश्रिख विकास खंड के इटलवंट ग्रांट और साहबनगर कलस्टर में डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव, अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती और सतत कृषि तकनीक पर व्यापक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसान प्राकृतिक और जैविक विधियों को अपनाते हैं तो न केवल उनकी फसल की पैदावार बढ़ती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। विषय वस्तु विशेषज्ञों, प्राविधिक सहायकों और कृषि सखियों ने किसानों को प्रशिक्षण के दौरान मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता प्रदान की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# छात्राओं व शिक्षकों को दिया गया अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अग्निशमन एवं आपात सेवा केन्द्र की ओर से अग्नि सचेतक प्रशिक्षण अभियान का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने किया। प्रशिक्षण के दौरान इंदिरा गाँधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं एवं शिक्षकों को आग के विभिन्न प्रकारों और उन पर प्रयोग होने वाले अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी गई। साथ ही प्राथमिक उपकरणों का संचालन, फायर ट्रेंगल, धुएं से सुरक्षित बाहर निकलने की विधि, होज रील व ब्रांच पाइप का प्रयोग, आग के प्रसार को रोकने के उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया गया। अभियान में फायर टेंडर में लगी होजरील और फायर बुलेट की सहायता से आग बुझाने का अभ्यास भी कराया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि आग लगने पर धुएं की स्थिति में झुककर या बैठकर बाहर निकलें। अस्पताल व सार्वजनिक भवनों के पलायन मार्ग हमेशा बाधा मुक्त रखें।कटे-फटे विद्युत तारों को तुरंत बदलवाएँ और एक ही प्लग पर कई यंत्र न लगाएँ। आग बुझाने वाले उपकरणों का नियमित अभ्यास करें और उन्हें कार्यशील दशा में रखें। कपड़ों में आग लगने पर दौड़ें नहीं, बल्कि जमीन पर लुढ़कें या कंबल लपेटें। बिजली की आग को पानी से न बुझाएँ, इसके लिए कार्बन डाइऑक्साइड, ड्राई पाउडर, मिट्टी या बालू का प्रयोग करें।फायर ब्रिगेड को सूचना देते समय घबराएँ नहीं, साफ-साफ नाम, पता और स्थान बताएं।आग लगने पर भीड़ न लगाएँ, बल्कि फायर ब्रिगेड की पूरी मदद करें। प्रशिक्षण अभियान में अग्निशमन केंद्र के प्रशिक्षक लीडिंग फायरमैन मो शरीफ, चालक राजेन्द्र प्रसाद दूबे, राम प्रवेश राम, फायरमैन हरिकृष्ण सिंह, गुलाब सिंह, गनगासी लाल, रामनाथ सरोज, अरविन्द कुमार, महेश मिश्रा, आशीष सिंह, अमित कुमार, शिवम कुमार, उमेश चन्द्र, सौरभ, रोहित कुमार गौतम व रणजीत यादव ने सक्रिय योगदान दिया।

# मुख्य सेविकाओं को वितरित किया नियुक्ति पत्र

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



विकास भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि एवं जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 23 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री जी के नियुक्ति पत्र वितरण एवं संबोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

नियुक्ति पत्र पाने वालों में प्रगति जायसवाल, शालिनी जायसवाल, पूनम पांडेय, सरोज यादव, आंचल, मंजरी, प्रिया, सौम्या त्रिपाठी, साधना, जागृति देवी, नीलम यादव, प्रियंका यादव, ज्योति सागर, रचना यादव, ज्योति यादव, लक्ष्मी, अर्चना यादव, संगीता यादव, संगीता, निशा गौतम, सरिता सिंह, प्रीतमा व सृष्टि सिंह के नाम शामिल है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने नव चयनित मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज अगर यह भर्ती पारदर्शी तरीके से ना हुई होती तो साधारण परिवार से आने वाले बच्चों का चयन नहीं हो पाता, यह मुख्यमंत्री जी के निष्पक्ष और कुशल कार्य प्रणाली का ही परिणाम है कि जो जितनी मेहनत कर रहा है उसे उसका फल मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, सीडीपीओ अरविंद कुमार, संतोष गुप्ता, धर्मेंद्र गौतम, रूपेश कुमार, शिवानी दीक्षित सहित अन्य संबंधित अधिकारी व नव चयनित मुख्य सेविकाएं उपस्थिति रही।

## खनिज उत्खनन से होगा रोजगार का हल

दुनिया तकनीकी प्रकृति चाहे जितनी कर ले, अंततः उसकी आर्थिक उन्नति, प्रगति एवं विकास के हल प्राकृतिक संपदा में ही निहित हैं। भारत हो या कोई अन्य देश खनिज और कृषि के बूते ही उन्नति के शिखर छूते हैं। इस दृष्टि से भारत भूमि को कुदरत ने अटूट प्राकृतिक संपदा दी हुई है। इस संपदा का उत्खन्न और उसका उपयोग मप्र के लोगों के लिए हो इस नजरिए से कटनी में खनिज कॉन्क्लेव संपन्न हुआ है। यह षुरूआत मप्र को 'खनिज राज्य' के रूप में विकसित करने की मुख्यमंत्री मोहन यादव की अहम् पहल हैं। इसी के फलस्वरूप खनिज कंपनियों द्वारा 56,414 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्रदेश सरकार को मिले हैं। वाकई किसी भी प्रदेश के लिए व्यवसायियों की यह रुचि नई ऊर्जा देकर उत्साहित करने वाली है। आधुनिक तकनीक से खनिजों का खनन एक ऐसा कारोबार हैं, जो निवेशकों को लाभदायी साबित होता हैं। दुर्लभ खनिजों की खोज और फिर उनका प्रसंस्करण एवं संवर्धन ऐसा उपाय है, जो कुशल और अकुशल दोनों ही लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार देता है। अब प्रदेश में कारगर उत्खनन के लिए एआई, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग की मदद से दुर्लभ खनिजों के अनुसंधान में मदद मिलेगी। दुर्लभ खनिजों के उत्खनन में संसद के मॉनसून सत्र में माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक भी पारित हो चुका है। इस नए कानून से व्यवसायियों को लीज पर खनन करने के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के लिथियम, कोबाल्ट, निकल, हीरा जैसे दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा भी मिल गई हैं। भारत इन खनिजों के लिए अब तक चीन पर निर्भर था, लेकिन चीन ने इनके निर्यात पर रोक लगा दी थी। यही वे खनिज हैं, जो क्वांटम कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कारों की बैटरी और अंतरिक्ष उपकरणों में काम आते हैं। हालांकि ट्रंप द्वारा लगाए गए अनर्गल टैरिफ के बाद चीन ने भारत को उपरोक्त खनिज देने का वादा कर दिया है। लेकिन भारत ने अब खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अभियान चलाया हुआ है। क्योंकि भारत की धरती पर इस नजरिए से प्रचुर मात्रा में धरती के गर्भ में हर तरह के खनिज मौजूद हैं। इसीलिए भारत अब अपनी षर्तों पर विकसित देशों के साथ व्यापार भी करेगा। मोहन यादव द्वारा कटनी कॉनक्लेव अत्यंत महत्वपूर्ण है। मप्र की धरती में खनिजों की खजाना भरा पड़ा है। इसके दोहन के लिए उद्योगपति बेरकरार रहे हैं। इसीलिए कटनी कॉन्क्लेव में देशभर के करीब 1500 निवेशक शामिल थे। इनकी समस्याओं के हल के लिए यादव ने खनिज विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा की। यहां की धरती हीरा और सोना तो उगलती ही है, तांबे और चूने का यहां सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। कटनी में जहां चूने के भंडार हैं, वहीं षडहोल और उमरिया में कोयला एवं बॉक्साइड, छिंदवाड़ा में कोयला, बैतूल में ग्रेफाइड और सतना में सिमेंट के भंडार भरे पड़े हैं। प्रदेश में अब मजबूत सड़कों का जाल भी बिछ चुका है। यहां पांच लाख किमी लंबी सड़कें हैं। प्रदेश में अब कोयला और पानी से बिजली के उत्पादन के अलावा सौर ऊर्जा से भी बड़ी मात्रा में बिजली बन रही है। इस कारण बिजली प्रदेश की जरूरत से कहीं अधिक उत्पादित हो रही है। प्रदेश में ईंधन के खनन के लिए 12 क्षेत्र चिन्हित किए हैं। कोयला आधारित 37 प्रतिशत मीथेन का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है। जबलपुर में सोने के नए भंडार मिले हैं। ग्रेफाइट सहित 30 दुर्लभ खनिज तत्वों की खोज की गई है। इनके उत्खनन व प्रसंस्करण के बाद लीथियम और लौह अयस्क के लिए सीधी में एक क्षेत्र चिन्हित कर दिया गया है।

# असम सरकार का 'शूट एट साइट' आदेश और हिंदू त्योहारों की सुरक्षा

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भय बिनु होइ न प्रीति। गोस्वामी तुलसीदास की यह चौपाई केवल अध्यात्म का संदेश नहीं, बल्कि शासन और व्यवस्था के लिए भी गहरी सीख है। यही कारण है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने दुर्गा पूजा से ठीक पहले धुबरी जिले में शूट एट साइट का आदेश देकर स्पष्ट संकेत दिया कि अब त्योहारों की आड़ में साम्प्रदायिक हिंसा की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। इस आदेश ने पूरे देश में हलचल मचा दी है, क्योंकि यह शायद पहली बार है जब किसी हिंदू पर्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इतनी कठोर व्यवस्था लागू की गई है।

सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर असम सरकार को इतना बड़ा और अभूतपूर्व फैसला लेने की जरूरत क्यों पड़ी? क्या यह आदेश केवल प्रशासनिक मजबूरी थी या फिर इसके पीछे एक व्यापक सामाजिक और राजनीतिक संदेश छुपा है? और सबसे अहम, क्या यह कदम वहां अल्पसंख्यक बन चुके हिंदुओं के लिए एक सुरक्षा कवच है? धुबरी जिले की हकीकत इस आदेश की पृष्ठभूमि को समझने में मदद करती है। वर्ष 1951 में यहाँ हिंदू आबादी 43.5 प्रतिशत थी लेकिन समय के साथ यह घटती गई और 2011 की जनगणना तक केवल 19.92 प्रतिशत रह गई। वहीं, मुस्लिम आबादी 79.67 प्रतिशत तक पहुंच गई। यानी जो इलाका कभी हिंदुओं का गढ़ माना जाता था, वहां अब वे अल्पसंख्यक बन चुके हैं। कई अध्ययनों के मुताबिक यह परिवर्तन केवल उच्च जन्मदर का परिणाम नहीं, बल्कि बांग्लादेश से निरंतर हो रही घुसपैठ का असर भी है। यही वजह है कि धुबरी अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है।

यही नहीं, जून 2025 में धुबरी का एक हनुमान मंदिर उस समय सुर्खियों में आया जब उसमें अज्ञात लोगों ने पशु मांस के टुकड़े फेंक दिए। घटना के बाद बाजार बंद हो गया, पथराव हुआ और सांप्रदायिक तनाव भड़क उठा। इसके कुछ ही सप्ताह बाद अतिक्रमण हटाने गई सरकारी टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी और अधिकारी घायल हुए। इन घटनाओं ने साफ कर दिया कि यह जिला बेहद संवेदनशील है और किसी भी धार्मिक अवसर पर यहाँ हालात बिगड़ सकते हैं।

इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री हिमंता सरमा ने शूट एट साइट का आदेश जारी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आदेश पूरे असम पर लागू नहीं है, बल्कि केवल धुबरी के लिए है। लेकिन संदेश पूरे राज्य और देश तक गया कि त्योहारों की शांति बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। यह कदम उस व्यापक पैटर्न का हिस्सा है, जो पिछले कुछ वर्षों में देशभर में उभरता दिखाई दे रहा है। हिंदू त्योहारों पर हिंसा की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं। वर्ष 2022 में हनुमान जयंती और रामनवमी की शोभा यात्राओं के दौरान दंगे भड़के। 2023 में भी यही सिलसिला जारी रहा। 2024 की बात करें तो सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान सबसे ज्यादा हिंसक घटनाएँ हुईं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी चार बड़ी हिंसक वारदातें दर्ज हुईं। गणेश उत्सव में भी चार बार तनाव की खबरें आईं और रामनवमी पर तीन बार दंगे हुए। सेंटर फॉर स्टडी ऑफ सोसायटी एंड सेक्युलरिज्म की रिपोर्ट बताती है कि 2024 में कुल 59 साम्प्रदायिक तनाव की घटनाएँ हुईं, जिनमें से 26 सीधे-सीधे त्योहारों से जुड़ी थीं।



**यही नहीं, जून 2025 में धुबरी का एक हनुमान मंदिर उस समय सुर्खियों में आया जब उसमें अज्ञात लोगों ने पशु मांस के टुकड़े फेंक दिए। घटना के बाद बाजार बंद हो गया, पथराव हुआ और सांप्रदायिक तनाव भड़क उठा। इसके कुछ ही सप्ताह बाद अतिक्रमण हटाने गई सरकारी टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी और अधिकारी घायल हुए। इन घटनाओं ने साफ कर दिया कि यह जिला बेहद संवेदनशील है और किसी भी धार्मिक अवसर पर यहाँ हालात बिगड़ सकते हैं। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री हिमंता सरमा ने शूट एट साइट का आदेश जारी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आदेश पूरे असम पर लागू नहीं है, बल्कि केवल धुबरी के लिए है। लेकिन संदेश पूरे राज्य और देश तक गया कि त्योहारों की शांति बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा।**

ताजा घटनाएँ इस पैटर्न को और पुख्ता करती हैं। गुजरात के वडोदरा में गणेशोत्सव की शोभायात्रा पर अंडे फेंके गए। उत्तर प्रदेश के बहराइच में गणपति की शोभायात्रा पर पटाखे फेंके गए। दोनों घटनाओं ने श्रद्धालुओं की भावनाएँ आहत कीं और तनाव पैदा किया। जब त्योहारों पर बार-बार इस तरह की हरकतें हों तो यह मानना कठिन नहीं कि इन्हें साजिशन अंजाम दिया जा रहा है। अकादमिक शोध भी इस पैटर्न को समझाने की कोशिश करता है। आशुतोष वार्ष्णेय और स्टीवन विल्किंसन का अध्ययन बताता है कि जिन जिलों में मुस्लिम आबादी 20 प्रतिशत से अधिक होती है, वहां दंगे की संभावना तीन गुना बढ़ जाती है। साथ ही, जब हिंदू और मुस्लिम त्योहार एक ही दिन आते हैं, तो हिंसा की आशंका और बढ़ जाती है। भारत के 110 जिलों में मुस्लिम आबादी 20 प्रतिशत से ज्यादा है। यानी ये इलाके स्वाभाविक रूप से संवेदनशील हो जाते हैं। धुबरी तो इस परिभाषा में और भी गहराई से फिट बैठता है, जहाँ हिंदुओं की संख्या लगातार घट रही है और वे अपनी धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। वस्तुतः यही पृष्ठभूमि बताती है कि मुख्यमंत्री हिमंता सरमा का फैसला केवल कानून-व्यवस्था का उपाय नहीं, बल्कि धुबरी के हिंदुओं को मनोवैज्ञानिक आश्वासन देने वाला कदम भी है। यह आदेश अल्पसंख्यक हिंदुओं को संदेश देता है कि राज्य सरकार उनके पर्वों और आस्था की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी, चाहे वह कितना भी कठोर क्यों न हो। विपक्ष इस आदेश को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का प्रयास बता रहा है। कुछ मुस्लिम संगठनों ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला कहकर विरोध जताया है। किंतु यह भी एक हकीकत है कि धुबरी जैसे जिलों में अगर हिंदू त्योहारों पर बार-बार हिंसा होती रहे और सरकार सिर्फ अपील करती रह जाए, तो इससे हिंदुओं के भीतर गहरी निराशा और भय पैदा होगा। ऐसे हालात में कठोर कदम ही विश्वास बहाल कर सकता है। सवाल बरकरार है कि क्या अब हिंदुओं को हर त्योहार सुरक्षा के साये में ही मनाना पड़ेगा? क्या दुर्गा पूजा, रामनवमी और गणेशोत्सव अब केवल पुलिस बैरिकेड और सुरक्षा बलों की मौजूदगी में ही सुरक्षित रहेंगे? यह स्थिति न केवल त्योहारों की खुशी को कम करती है, बल्कि यह सामाजिक ताने-बाने की गहरी टूटन को भी दर्शाती है।

## उपराष्ट्रपति पद के विवाद, सरकार जिम्मेदार

राष्ट्रपति चुनाव में फिर भी राजनैतिक दांव-पेंच देखने मिल जाते थे, लेकिन उपराष्ट्रपति पद पर बैठे व्यक्ति या उपराष्ट्रपति चुनाव से विवादों का नाता नहीं होता था, अब 11 सालों की मोदी सरकार में यह बड़ा परिवर्तन भी देखने मिल रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे का रहस्य अब भी बना हुआ है। रोजाना उनके लिए विपक्ष के नेता सवाल उठा रहे हैं कि धनखड़ साहब कहां हैं, कैसे हैं, वे सामने क्यों नहीं आते। लेकिन इनका कोई जवाब नहीं मिलता।

मानसून सत्र खत्म हो गया, लेकिन 21 जुलाई यानी सत्र के पहले दिन श्री धनखड़ के इस्तीफे के बाद से उनकी कोई चर्चा उस राज्यसभा में नहीं हुई, जहां वो आसंदी पर बैठते थे। मोदी सरकार कम से कम उनके लिए एक विदाई समारोह आयोजित कर ही सकती थी, लेकिन इतनी शालीनता और शिष्टता भी नहीं दिखाई गई। इस बारे में गृहमंत्री अमित शाह से न्यूज एजेंसी एएनआई की संपादक स्मिता प्रकाश ने सवाल किया तो उनका जवाब था कि स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने इस्तीफा दिया। धनखड़ साहब को भी न जाने किस बात का डर है जो अब तक उन्होंने न किसी से फोन पर बात की, न आम जनता के लिए एक संदेश ही भेजा कि वे ठीक हैं या स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से जुड़े रहस्य अभी बरकरार हैं और इस बीच उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी भी शुरु हो गई है।

मैदान में एनडीए के सीपी राधाकृष्णन और इंडिया के बी श्रीनिवास रेड्डी हैं। श्री रेड्डी को आम आदमी पार्टी ने भी साथ देने का वादा किया है, जबकि वह इंडिया गठबंधन से अलग हो चुकी है। लेकिन चूंकि मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए इसे विचारधारा की लड़ाई बताया था, इसलिए संविधान की रक्षा के लिए आम आदमी पार्टी फिर इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। इधर अखिलेश यादव ने भी अपील कर दी है कि अंतरात्मा की आवाज सुनकर वोट करें, यानी उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा के सामने क्रॉस वोटिंग का खतरा खड़ा हो गया है। भाजपा तो संघ से जुड़े रहे सी पी राधाकृष्णन को वोट देगी ही, लेकिन जेडीयू, टीडीपी या शिंदे गुट की शिवसेना, अजित पवार की एनसीपी, इनमें से किसी ने अपनी जमीर की आवाज सुन ली, तो फिर एनडीए प्रत्याशी का जीतना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में अब अमित शाह खुद मैदान में उतरते दिख रहे हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में शालीनता की उम्मीद थी, लेकिन भाजपा इसे मलिन कर रही है। गृहमंत्री अमित शाह जस्टिस रेड्डी को घेरने के लिए छत्तीसगढ़ के सलवा जुडूम अभियान पर 2011 के उनके फैसले को फाइलों से निकाला है।

## विचार

# मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का फैसला और हमारा सामाजिक बाना

**प्रो. मनीषा शर्मा**

मध्य प्रदेश हाइ कोर्ट ने एक केस में फैसला दिया है कि यदि कोई बालिग स्त्री चाहे तो अपनी मर्जी से शादीशुदा पुरुष के साथ रह सकती है। यह फैसला जब से आया तब से चर्चा का विषय बना हुआ है। कोर्ट ने साफ कहा है कि कौन किसके साथ रहना चाहता है यह उनकी निजी स्वतंत्रता है। इस मामले में वह हस्तक्षेप नहीं कर सकती। अगर लड़की बालिग है तो उसे अपने फैसले स्वयं करने की स्वतंत्रता है। चाहे निर्णय सही हो या गलत। लड़की यदि चाहती है तो वह किसी शादीशुदा पुरुष के साथ रह सकती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अदालत नैतिकता या प्रवचन का मंच नहीं।

इस तरह के फैसले हमारे समाज की सामाजिक मान्यताओं, मानदंड, नैतिक मान्यताओं के लिए किस कदर खतरनाक हैं, यह देखना कोर्ट का विषय नहीं है। कोर्ट ने इससे पहले भी कई मामलों में ऐसे फैसले दिए जो हमारे यहां की सामाजिक संरचना, मान्यताओं पर फिट नहीं बैठते हैं। कई बार न्यायालय ने भारतीय संस्कृति, परंपरा, सामाजिक मान्यता, नैतिकता को दरकिनार करते हुए इस तरह के फैसले सुनाए हैं। तो फिर समाज में नैतिक परंपराओं नियमों का पालन कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है? कानून के डर से कुछ लोग इस तरह के रिश्तों में सामाजिक प्रतिष्ठा की बात सोच चुप्पी साधे रखते हैं या फिर ऐसा कोई निर्णय नहीं लेते हैं, ऐसा कोई कदम नहीं उठाते जिससे कानूनी पचड़ों में पड़े। पर अब जिस तरह से निजी स्वतंत्रता की बात को ही महत्व देने की हवा चल रही है उससे तो जिसकी मर्जी वह ऐसे कृत्य खुल कर करेगा। वैसे भी वर्तमान में लोग समाज और सामाजिक प्रतिष्ठा को बहुत महत्व नहीं दे रहे है।



व्यक्ति के लिए उसकी निजी स्वतंत्रता, उसकी व्यक्तिगत जिंदगी ही बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। युवा पीढ़ी को तो एक जीवन ही मिला है तो उसे हर तरह से जी लेना है। उसे नहीं लेना देना कि समाज क्या कह रहा है? लोग क्या कह रहे हैं? तो ऐसे समय में, ऐसी विकट परिस्थिति में जहां समाज का बहुत ज्यादा जोर नहीं है। कानून भी अगर इस तरह के फैसला देगा तो इस प्रकार के व्यभिचार को बहुत ज्यादा बढ़वा मिलेगा। ऐसे फैसले चाहे लिव इन हो या विवाहेत्तर सम्बन्ध या अन्य उसका प्रभाव हम समाज पर देख रहे हैं। हर कोई खुलेआम इसको मान्यता दे रहा है। लड़के-लड़कियां इसी तरह के बंधन से मुक्त जीवन में ज्यादा सहज महसूस कर रहे है।

अगर आपको याद होगा तो कुछ फिल्में जरूर ऐसी बनी हैं, जिनकी कहानी घरवाली बाहरवाली पर आधारित थी। ये गाना और गोविंदा आपको याद होगा, एक तरफ है घरवाली, एक तरफ बाहरवाली। पर यहां पर कोर्ट दोनों को ही एक घर में एक साथ रहने की इजाजत दे रहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि द्विविवाह का केस या दावा करने का अधिकार सिर्फ पहली पत्नी का है। हम यह मान लें की कोर्ट इस तरह के फैसले देकर समाज में एक तरह से अनैतिक परंपराओं को बढ़वा दे रहा है। किसी भी समाज में उसका आधार उसकी सामाजिक मान्यता, रीति-नीति, नैतिक परंपराएं होती हैं । इन्हीं वजह से समाज में सुसंस्कृति, सुशासन स्थापित होता है। यदि उसे दरकिनार कर दिया जाए समाज में विकृति आ सकती है। न्यायालय, न्यायाधीश भी इस समाज का अंग है और वह बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि इस तरह के फैसले बहुत गंभीर और प्रभावी परिणाम लेकर आते हैं। कानून, न्यायालय सामाजिक जीवन और समाज से कटे या अलग नहीं हैं, ये सामाजिक जीवन में अंतर्निहित हैं। इन्हीं का संदर्भ लेकर आगे भी इस तरह के अनेक मामले सामने आएंगे जब एक ही छत के नीचे विवाहित स्त्री के रहते हुए पति दूसरी प्रेमी का या गर्लफ्रेंड को भी साथ में रहने के लिए ले आएगा। इस तरह के फैसले देते हुए सामाजिक संरचना, मान्यताओं, नैतिकता का आधार होना बहुत जरूरी है। हम इसको पूरी तरह से दरकिनार नहीं कर सकते हैं वरना समाज का जो स्वरूप होगा वह भयानक होगा। इस तरह के निर्णयों से भविष्य में हमारा सामाजिक ताना-बाना बिगड़ जाएगा।

इस प्रकार निर्मित समाज के लिए कहीं ना कहीं हम लोग ही जिम्मेदार होंगे। न्यायापालिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। न्यायपालिका का निर्माण उस राष्ट्र के लोगों और समाज की चिंता के लिए, उनके हितों के लिए, वहां कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए, उसकी सुरक्षा के लिए हुआ है तो वह कैसे समाज और उसकी नैतिक मान्यताओं को दरकिनार कर सकती है? इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। एक स्वस्थ, सुसंकृत, सुशासित समाज के लिए समाज, उसकी स्वस्थ नैतिक मान्यताओं और न्यायालय के मध्य संतुलन, सद्भाव का होना आवश्यक है।

**अगर आपको याद होगा तो कुछ फिल्में जरूर ऐसी बनी हैं, जिनकी कहानी घरवाली बाहरवाली पर आधारित थी। ये गाना और गोविंदा आपको याद होगा, एक तरफ है घरवाली, एक तरफ बाहरवाली। पर यहां पर कोर्ट दोनों को ही एक घर में एक साथ रहने की इजाजत दे रहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि द्विविवाह का केस या दावा करने का अधिकार सिर्फ पहली पत्नी का है। हम यह मान लें की कोर्ट इस तरह के फैसले देकर समाज में एक तरह से अनैतिक परंपराओं को बढ़ावा दे रहा है। किसी भी समाज में उसका आधार उसकी सामाजिक मान्यता, रीति-नीति, नैतिक परंपराएं होती हैं । इन्हीं वजह से समाज में सुसंस्कृति, सुशासन स्थापित होता है। यदि उसे दरकिनार कर दिया जाए समाज में विकृति आ सकती है। न्यायालय, न्यायाधीश भी इस समाज का अंग है और वह बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि इस तरह के फैसले बहुत गंभीर और प्रभावी परिणाम लेकर आते हैं।**

## अब तो मुझको लगता है डर



अब तो है मुझको डर लगता  
क्यूं बेटी बनाकर भेजा है,  
हर एक मोड़ पे खड़े दुशासन  
क्यूं लाचार बना कर भेजा है,

नहीं आयेगा कृष्ण कहीं से  
ना कोई चीर बढ़ाएगा,  
तुझे मारके तुझे जलाके  
ना कोई पछताएगा,  
तेरा रुदन और चीत्कार  
ना कुछ भी कर पाएगा,  
अब तेरा अस्त्र उठाना ही  
इस दंश से तुझे बचाएगा,  
अस्त्र उठा और चंडी बन  
खुद की रक्षा अब स्वयं करो,

वो दानव बन जब सम्मुख है  
तो शीश काट कर सांस भरो,  
जब तुझे मारना गलत नहीं  
क्यूं तेरा मारना अनुचित है,  
ना तेरी लाज बचाने को  
कोई वंशी वाला आयेगा।

**श्वेता रानी**  
**सहायक अध्यापक, पीएम श्री कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय राजेपुर**



# राशिफल

**मेष:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्नक विचार ला सकती हैं।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**कन्या :-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

**मीन:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# आरएसएस के 100 वर्ष : उपलब्धियाँ और नये क्षितिज

**डॉ प्रियंका सौरभ**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष केवल इतिहास की उपलब्धियाँ नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा का संकल्प हैं। संघ का उद्देश्य है परिवार को सुदृढ़ करना, पर्यावरण का संरक्षण करना, समाज में समरसता लाना, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को अपनाना तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करना। इन पाँच संकल्पों से भारत का भविष्य उज्ज्वल और आत्मनिर्भर बनेगा। संघ मानता है कि वसुधैव कुटुंबकम् आदर्श पर चलकर भारत न केवल अपने समाज को सशक्त करेगा, बल्कि पूरी दुनिया को शांति, सद्भाव और सहयोग का संदेश देकर विश्वगुरु की भूमिका निभाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर देशभर में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एक तीन दिवसीय शताब्दी महोत्सव भी प्रस्तावित है, जिसमें संघ की सौ वर्षीय यात्रा, उपलब्धियाँ और भविष्य की रूपरेखा पर प्रकाश डाला जाएगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी। उस समय यह सोचना भी कठिन था कि कुछ गिने-चुने स्वयंसेवकों के साथ आरंभ हुआ यह प्रयास आने वाले सौ वर्षों में भारतीय समाज जीवन का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक संगठन बन जाएगा।

सौ वर्ष किसी संस्था के जीवन में केवल समय की गिनती नहीं होते, बल्कि यह उसकी प्रासंगिकता, जीवंतता और समाज पर पड़े उसके प्रभाव का प्रमाण होते हैं। संघ की सौ वर्षीय यात्रा संघर्ष, सेवा, संगठन और संस्कारों से भरी हुई है। संघ का प्रारंभ शाखा के रूप में हुआ। साधारण से दिखने वाले खेल, व्यायाम, गीत और अनुशासन ने केवल शारीरिक क्षमता का ही निर्माण नहीं किया, बल्कि एक ऐसी पीढ़ी को तैयार किया जिसने समाज के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी। उस समय यह सोचना भी कठिन था कि कुछ गिने-चुने स्वयंसेवकों के साथ आरंभ हुआ यह प्रयास आने वाले सौ वर्षों में भारतीय समाज जीवन का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक संगठन बन जाएगा। सौ वर्ष किसी संस्था के जीवन में केवल समय की गिनती नहीं होते, बल्कि यह उसकी प्रासंगिकता, जीवंतता और समाज पर पड़े उसके प्रभाव का प्रमाण होते हैं। संघ की सौ वर्षीय यात्रा संघर्ष, सेवा, संगठन और संस्कारों से भरी हुई है। संघ का प्रारंभ शाखा के रूप में हुआ। साधारण से दिखने वाले खेल, व्यायाम, गीत और अनुशासन ने केवल शारीरिक क्षमता का ही निर्माण नहीं किया, बल्कि एक ऐसी पीढ़ी को तैयार किया जिसने समाज के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया।**

अनेक बार इस संगठन पर प्रतिबंध लगे, कठिनाइयाँ आईं, विरोध हुआ, किंतु संघ हर बार और सशक्त होकर उभरा। 1947 के बाद के राजनीतिक परिवर्तनों, आपातकाल की कठोर परिस्थितियों और अनेक आलोचनाओं के बावजूद संघ ने अपने कार्य की गति धीमी नहीं की।

आज संघ की पहचान सेवा कार्यों से होती है। जब भी देश में कोई आपदा आती है, सबसे पहले स्वयंसेवक सहायता के लिए पहुँचते हैं। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, महामारी– हर जगह संघ के कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से सेवा करते दिखते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के हजारों विद्यालय बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से भी जोड़ते हैं। ग्राम विकास, वनवासी सेवा, स्वदेशी उत्पादों का प्रचार और सामाजिक समरसता के अभियान संघ की पहचान बन चुके हैं।

सौ वर्षों की यात्रा का सबसे बड़ा योगदान यह है कि संघ ने भारतीय समाज को आत्मगौरव का भाव दिया। सदियों की गुलामी और पराधीनता ने समाज को हीनता और आत्मसंकोच से भर दिया था। संघ ने यह बताया कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि एक ऐसी सभ्यता है जो विश्व को दिशा दे सकती है। शाखा में गाया जाने वाला गीत केवल स्वर नहीं, बल्कि आत्मगौरव और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। यही कारण है कि संघ का प्रभाव आज राजनीति, शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक संस्थाओं और प्रवासी भारतीय समाज तक फैला हुआ है। शताब्दी का यह क्षण केवल अतीत की स्मृतियों का उत्सव नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। पाँचजन्य में प्रकाशित लेख में कहा गया है कि यदि किसी व्यवस्था को बिगाड़ने में पचास साल लगते हैं, तो उसे सुधारने में सौ साल लगते हैं। संघ का विश्वास है कि यह कार्य कठिन अवश्य है, पर असंभव नहीं। यही आत्मविश्वास आने वाले समय के लिए नई ऊर्जा का स्रोत है।

संघ ने आने वाले समय के लिए पाँच प्रमुख लक्ष्यों को अपनाया है। इनमें परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता, तथा नागरिक कर्तव्य का पालन प्रमुख हैं। परिवार भारतीय संस्कृति की धुरी है। प्रकृति का संरक्षण जीवन का आधार है। जाति-भेद से ऊपर उठकर समाज को एक करना समय की माँग है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग है। नागरिक कर्तव्यों के पालन से ही राष्ट्र सशक्त बनेगा। ये केवल नारे नहीं, बल्कि गहरे सामाजिक परिवर्तन के संकल्प हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सर्पदंश से युवक की मौत, परिजनों में छाया मातम

**पनवाड़ी।** ब्लॉक अंतर्गत महुआ गांव में सोमवार की रात 45 वर्षीय युवक को सोते समय जहरीले सांप ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के उपरांत स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया गया। इस दुखद घटना से परिजनों सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के मुताबिक पुखरिया पुरा निवासी रूपसिंह राजपूत (45 वर्ष) पुत्र दुलीचंद राजपूत रात्रि में महाकांडेश्वर ग्रेनाइट पर सो रहा था, तभी उसे सांप ने काट लिया। परिजन तत्काल उसे पनवाड़ी के एक निजी क्लीनिक लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उपचार के दौरान झांसी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पनवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा और आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित कर दी गई तकनीकी शिक्षा की जानकारी




**भरुआ सुमेरपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन करके छात्र-छात्राओं को संस्था की शैक्षिक गतिविधियों के साथ क्रियाकलापों से अवगत कराया गया प्रधानाचार्य विवेक कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नव प्रवेश छात्र छात्राओं को संस्था की तकनीकी शिक्षा के साथ विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर संस्था की विभागाध्यक्ष गीता गौतम, पंकज सिंह, डॉ आशीष मिश्रा, अमित कटियार, दिव्यांशु गुप्ता, आलोक कुमार, रामकुमार, मनोज कुमार, राहुल सिंह, सुभाष चंद्र, अभिषेक गुप्ता, दीक्षा त्रिपाठी आदि शिक्षक शिक्षकाएं मौजूद रहे।

### ट्रॉली चुराने वाले अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के अरतरा चौराहे के समीप खड़ी ट्राली को कोई अज्ञात व्यक्ति अपने ट्रैक्टर में फंसाकर ले गया था, जिसका वीडियो फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। प्रार्थी ने उक्त घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी थी जिसमें कोतवाली पुलिस ने अज्ञात लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कस्बे के चौधराना मोहल्ला निवासी मु. यासीन पुत्र जकी मुहम्मद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनांक 24- 08- 025 की मध्य रात्रि उसकी ट्राली अरतरा चौराहे के निकट स्थित अनन्या गेस्ट हाउस के पास खड़ी थी जिसे अज्ञात व्यक्ति अपने ट्रैक्टर में फंसाकर रात्रि लगभग 2:14 बजे ले गया है जिसका वीडियो फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उसने बताया कि जब सुबह वह अपनी ट्राली लेने गया तो वहां पर ट्राली मौजूद नहीं थी तभी प्रार्थी ने सीसीटीवी कैमरे देखे तो अज्ञात व्यक्ति ट्राली फंसाते हुए देखा गया। घटना की लिखित तहरीर प्रार्थी ने कोतवाली पुलिस को देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ट्राली बरामद करने की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थी की तहरीर अनुसार अज्ञात चोरों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त पति को किया गिरफ्तार



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त पति को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि कल 26 अगस्त 25 को थाना तिंदवारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम धौसड़ में एक व्यक्ति द्वारा पारिवारिक कलह के कारण अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी । इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तिंदवारी में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर ग्राम धौंसड़ के बाहर बनी पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद हुई है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रामआशीष वर्मा पुत्र भोला प्रसाद निवासी ग्राम धौसड़ थाना तिंदवारी जनपद बांदा है।

### मानव तस्करी आदि की रोकथाम के संबंध में की गयी मासिक समीक्षा बैठक



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में बाल भिक्षावृत्ति/बालश्रम की रोकथाम, किशोर न्याय संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम आदि हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज पुलिस लाइन बांदा नवीन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई के तत्वावधान में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी एवं अन्य बाल अपराधों की रोकथाम हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करना तथा आगे की रणनीति तैयार करना रहा । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल अपराध से जुड़े संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें साथ ही जनपद में बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाए जाएं, पीड़ितों को अधिक से अधिक आवश्यक सहायता प्रदान कराने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाए, साथ ही बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया जाए । समीक्षा बैठक दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा मेविस टक सहित बाल कल्याण समिति, विधि सहपरिविक्षा अधीकारी, सहायक श्रमायुक्त बांदा, मुख्. चिकित्साधिकारी सीएमएस, बाल संरक्षण विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा, समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, आरपीएफ, जीआरपी, थाना एएचटी, एसजेपीयू, वन स्टॉप सेन्टर, साथी उत्तर प्रदेश संस्था तथा ग्रामीण स्वावलंबन समिति,ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान के सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

### उर्वरक वितरण पर कड़ी निगरानी दुकानों का किया गया निरीक्षण

**बांदा।** खरीफ सीजन हेतु उर्वरकों की बिकी जनपद में लगातार जारी है। मांग के अनुसार जनपद में उर्वरक की आपूर्ति भी हो रही है और खाद की पर्याप्त उलब्धता है। जनपद में इस समय 4675 मी.टन यूरिया एवं 1286 मी.टन डीएपी तथा 1037 मी.टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध है, जिसका वितरण निजी विक्रेताओं एवं सहकारी समितियों के माध्यम से कराया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा दुकानों एवं समितियों का निरीक्षण भी लगातार किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार द्वारा बिलगांव एवं बिसण्डा में चल रही निजी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिससे दुकानों पर उर्वरकों की उपलब्धता एवं स्टाक आदि का मिलान किया गया। महेश खाद बीज भण्डार, बिलगांव के द्वारा स्टाक एवं वितरण रजिस्टर नहीं पूरा किया गया था इसलिये उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। धीरेन्द्र ट्रेडर्स बिलगांव एवं साहू बीज भण्डार बिलगांव, अन्नपूर्णा खाद बीज भण्डार मौके पर बन्द पाये गये, जिन्हें दुकान बन्द करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बिसण्डा स्थित दुकान लल्लू खाद बीज भण्डार का भी औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर यूरिया एवं डी0ए0पी0 का वितरण सुचारू रूप से पाया गया। मौके पर उपस्थित किसानों को बताया गया कि किसी ऐसी जगह से उर्वरक न खरीदें जहाँ बिना पॉश मशीन के एवं बिना रेटबोर्ड लगी हुई स्थान पर बिकी किया जा रहा है। साथ ही अपील की गयी कि ऐसे अवैध उर्वरक भण्डार एवं वितरण की सूचना तत्काल जिला कृषि अधिकारी या जिला प्रशासन को दें। उनके द्वारा आस्वस्त किया गया कि उर्वरक की अवैध भण्डारण एवं कालाबाजारी करने वालों पर कठोर कार्यवाही करते हुये आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज करायी जायेगी।

### एक्सपोजर विजित में प्रतिभाग करेंगे नरैनी ब्लाक प्रमुख

**नरैनी/बांदा।** तेलंगाना राज्य में पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट में प्रतिभाग करेंगे नरैनी क्षेत्र के ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल। पंचायती राज निदेशक ने पत्र जारी कर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से शामिल होने वाले प्रतिभागियों का भ्रमण कार्यक्रम तय किया। तेलंगाना इंस्टीट्यूट आफ रूलर डब्लपमेंट हैदराबाद से प्राप्त सहमति के क्रम में प्रदेश से तीस सदस्यीय दल 8 से 12 सितंबर तक तेलंगाना राज्य की उत्कृष्ट पंचायतों में भ्रमण करेंगे।जिसमें बांदा जनपद के नरैनी क्षेत्र के ब्लॉक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल का नाम शामिल है।मनफूल पटेल ने बताया कि किसी विशिष्ट क्षेत्र या कार्यप्रणाली का अनुभव करने के लिए यह दौरा किया जा रहा है।इस दौरान टीम में शामिल सभी प्रतिभागी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे।इसमें प्रदेश के विभिन्न नामित किए गए जनपदों से पंचायत विभाग के अधिकारी और ग्राम प्रधान सचिव सहित ब्लाक प्रमुख प्रतिभाग करेंगे।

# प्रदेश स्वस्थ्य होगा तो तेजी से विकास के साथ देश विकसित राष्ट्र बन सकेगा: रामकेश निषाद

**मुख्य सेविकाओं व फार्मासिस्टों को राज्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्य नाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रदेश में 2425 मुख्य सेविकाओं एवं 12 फार्मासिस्टों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्टेट्र सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इसी के साथ जनपद के नवनियुक्त प्रन्द्रह मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रदेश की जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सभी नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त अभियान प्रदेश में चलाया गया है। प्रदेश में कई भर्तियां निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई हैं। उन्होंने मुख्य सेविकाओं से कहा कि क्षेत्र में जाकर अपने नये दायित्वों का निर्वहन बखूबी करें और आंगनबाडी केन्द्रों को बनायें। उन्होंने कहा कि मुख्य सेविकाओं की गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं बच्चों के टीकाकरण को सुचारू रूप से सम्पादित करना मुख्य कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्वस्थ्य होगा तो तेजी से विकास के साथ देश विकसित राष्ट्र बन सकेगा। जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा ने मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण समय है, जिससे महिलाओं की सेवा का महिला सशक्तिकरण कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य सेविकायें सुपरवाइजरों एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों के कार्यो का पर्यवेक्षण के कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। आंगनबाडी कार्यकत्रियों को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यो को समझाने एवं जागरूक करने की जिम्मेदारी होगी, इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। उन्होनें कहा कि अपनी सेवायें पूर्ण ऊर्जा एवं मेहनत तथा ईमानदारी के साथ सम्पादित करें। कार्यक्रम में पन्द्रह नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र मंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा वितरण किया गया, जिसमें क्रमशः आरती देवी, महिमा सिंह, शालिनी, काजल देवी, शिवानी, आरती सोनकर, महिमा त्रिपाठी, हिना जबी आदि को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सीडीपीओ, आंगनबाडी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

## प्रधानाध्यापक दो दिन में विभागीय कार्य पूर्ण कर खत्म करे पेंडेंसी




**भरुआ सुमेरपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कुछेछा में प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक की समीक्षा बैठक करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने सभी को निर्देशित किया कि डीबीटी, स्वच्छ भारत मिशन, इंस्पायर अवार्ड, एक पेड़ मां के नाम तथा बच्चों के ड्रॉप आउट बॉक्स को दो दिन में पूर्ण कर सभी शिक्षक गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा प्रदान करने में लग जाए। बैठक में विकासखंड के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों की समीक्षा कर विद्यालय स्तर पर लगातार पेंडिंग चल रहे तथा विभाग की दायित्वों का समय से पूर्ण करने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। इस बार नव अन्वेषण तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने वाले प्रत्येक विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के पांच पांच बच्चों को इंस्पायर अवार्ड योजना में भारत सरकार के पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराया जा रहा है जिनके आइडिया चयनित होने पर उनको विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 10-10 हजार रुपए की धनराशि सीधे उनके खाते में प्रदान की जाएगी। बैठक में विकासखंड के समस्त प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक तथा संकुल शिक्षक एवं एआरपी अकबर अली उपस्थित रहे।

## गणेश चतुर्थी कार्यक्रम की तैयारियां पूरी



**मौदहा हमीरपुर।** गणेश चतुर्थी कार्यक्रम की तैयारी कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में जोर शोर से शुरू हो गया बाजारों में गणेश की मूर्तियां की दुकानों खासी भीड़ देखने को मिल रही गणेश चतुर्थी का पर्व 10 दिन लगातार गणेश भगवान की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ किया जाता है। बताते चलें कस्बे थाना चौराहा व अरतरा चौराहा में गणेश भगवान की मूर्ति का विधि विधान के साथ पूजन अर्चन करते हुए पंडालों की सजावट में भक्तों ने जोरदारी से किया इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में सिसोलर थाना प्रभारी ब्रिजेश कुमार ने बताया तीन स्थानों पर गणेश भगवान की प्रतिमा रखी जाएगी जिसमें छानी गांव, लेवा, चांदी कला आदि जगहों पर गणेश पंडालो की सजावट व गणेश की प्रतिमा का भक्तगण पूजा अर्चना करते हुए 10 दिनों तक चलने वाला पर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे इसी प्रकार कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कस्बे के थाना चौराहा अरतरा चौराहा सहित ग्रामीण क्षेत्र खंडेह प्राथमिक विद्यालय, मकराव, ढिया डेरा आदि स्थानों पर गणेश प्रतिमा रखी जाती है प्रतिदिन पूजा दर्शन कर जन्मोत्सव का आनंद उठाते क्षेत्र में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है यह पर भाद्र मास की चतुर्थी तिथि से शुरुआत की जाती है भक्त जन घरों और पंडालों में गणेश जी की प्रतिमा का स्थापित कर विधिवत पूजन आरती व्रत और भजन करते हुए मोदक लड्डू और सुबह शाम गणेश भगवान की आरती का मनोकामनाएं पूर्ण करने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यह 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा 31 अगस्त को राधा अष्टमी का कार्यक्रम और 6 सितंबर को प्रसाद भोग लगाकर भंडारे का आयोजन कर अपने मनोकामनाएं पूर्ण करेंगे।

### महिला ने अपने पति व ससुर के विरुद्ध दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के नारायच गांव निवासी महिला मुस्कान नसीर पत्नी इकराम खान ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके पिता ने उसकी शादी नवंबर 2021 को गांव के ही इकराम खान पुत्र सुभान खान के साथ अपनी सामर्थ्य अनुसार दहेज देकर किया था। पिता द्वारा दिये गए दहेज से असंतुष्ट पति इकराम व ससुर सुभान संतुष्ट नहीं हुए और उसे शुरू से ही अत्यधिक दहेज लाने के लिए कहते रहे। पीड़िता ने बताया कि जब उसने उक्त बात अपने पिता को बताई तो पिता ने उनकी मांग को पूरा करने में असमर्थता जताई तो पति मेरे साथ मारपीट करने पर आमादा हो गया। उसने बताया कि उसका पति गांव की अन्य महिलाओं से भी फोन पर बातें करता है जिसके साक्ष्य भी उसके पास मौजूद हैं। पीड़िता ने बताया कि पति के इस हरकत को जब उसने अपने पिता से बताया तो पिता उसे कुछ दिनों बाद सब कुछ ठीक होने का ढांढस बंधाते हुए शांत रहने के लिए कहने लगा। उसने बताया कि 23 तारीख को सुबह 11 बजे उसका पति किसी दूसरी महिला से फोन पर बात कर रहा था और मैंने पूछा कि कौन है तो वह झुंझला गया और मुझे पटक जमीन पर दिया और मेरी गर्दन पर बैठ गया और बड़े लड़के को कमरे से बाहर फेंक दिया तथा मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने डायल 1090 को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पति-पत्नी को थाने लेकर आई। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला से तहरीर मिली है दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### अतरार पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की, दुखी परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा, जगतराज प्रजापति

**हमीरपुर।** ग्राम अतरार मे देवदास प्रजापति के 30 वर्षीय नौजवान पुत्र की विद्युत करैंट लग जाने से दुखद मृत्यु हो गई जिसकी सूचना मिलते ही समाजसेवी जगत राज प्रजापति तुरंत ग्राम अतरार पहुंचकर दुखी परिवार के साथ हमेशा खड़े रहने की बात कहते हुए उसके अंतिम संस्कार में शामिल हुए और दुखी परिवार से भेंट कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की तथा गरीब परिवार को अपनी तरफ से आर्थिक मदद की और कहा कि मैं आपके परिवार के साथ हूं मेरे लायक जो भी समस्या का निदान हो सकता हो तो मुझे अपना बेटा समझ कर आदेश करें मैं बराबर आपकी सेवा में तत्पर रहूंगा इस तरह की सेवा और समर्पण को देखते हुए मौजूद लोग भी भाऊक हो गए जागतराज प्रजापति ने कहा कि इस घटना से मन बहुत दुखी है।

## आल्हा गायकों ने भरा जोश पहलवानों ने दंगल में दिखाएं दांव-पेंच

**आल्हा सुनने दंगल देखने को उमड़ी भीड़**





**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला के दूसरे दिन रामलीला मैदान में विशाल आल्हा गायन कार्यक्रम संपन्न हुआ। वही पशु बाजार मेला मैदान में आयोजित दंगल में यूपी, एमपी, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड से आए नामी गिरामी पहलवानों की रोमांचक कुश्तियां हुई ऐतिहासिक तीजा मेला के दूसरे दिन रामलीला मैदान में विशाल आल्हा गायन संपन्न कराया। यहां पर दो दर्जन गायको ने शानदार प्रस्तुति देते हुए माडो की लड़ाई का सुंदर वृतांत सुनाया। आल्हा गायन में महावीर प्रजापति, चरन सिंह, जय सिंह, श्याम बाबू यादव, राजा बाबू, राजपाल सिंह, रामकुमार सविता आदि ने हिस्सा लेकर सुंदर वृतांत सुनाया पशु बाजार मेला मैदान में दंगल का शुभारंभ पूर्व विधायक युवराज सिंह, हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने संयुक्त रूप से पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। दंगल में दो दर्जन कुश्तियां संपन्न कराई गई। बाबा रामदास हरिद्वार ने गुल्ला चौधरी राजस्थान को जोरदार पटकनी देकर जमकर वाहवाही लूटी। महिला पहलवान रोशनी गोरखपुर ने सपना बांदा को हराया। राधेश्याम भिंड, शिवा मथुरा, कल्लू इंगोहटा, विक्रम झलोखर, कुलदीप टेढ़ा, अंशुल हाथरस, कुलदीप हाथरस, वीरेंद्र टेढ़ा, राजवीर झांसी, विशाल मथुरा, राधेश्याम मिरगहनी, आकाश बनारस, जितेंद्र झांसी, शुभम मेरठ, नजाकत बांदा, आकाश हाथरस के मध्य कुश्ती बराबरी पर छूट गई। दंगल का संचालक सुरेश यादव दपसौरा ने किया। रेफरी की भूमिका सूरजपाल सिंह, रामकिशुन नन्ना, जीतू पहलवान, मुन्ना तिवारी ने निभाई। इस मौके पर दंगल के आयोजक अमर सिंह, जयकरन सिंह, सौमित्र सिंह इटरा आश्रम के महंत बलराम दास महाराज, मनासर बाबा आश्रम के महंत द्वारिका दास महाराज, पूर्व प्रधान दिनेश सिंह,पूर्व प्रधान बउवा यादव आदि मौजूद रहे।

## प्रतिमा स्थापना के साथ शुरू हुआ गणेश महोत्सव कार्यक्रम

**पूजा अर्चना व आरती के बाद दीवारी नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के गणेश भवन अलीगंज में गणेश जी की मूर्ति स्थापना के साथ गणेश महोत्सव की शुरुवात की गई स नूतन बाल समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गणेश जी की मूर्ति में पूजा अर्चना कर आरती उतारी स गणपति बप्पा मौर्या के नारों से सारा वातावरण गूँज उठा स इस अवसर पर कमेटी के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू, अशोक अवस्थी, पालिकाध्यक्ष श्रीमती मालती बासू, ज्योत्सना पुरवार, विजय ओमर, निखिल सक्सेना, रोहन सिन्हा, राजबहादुर तिवारी, अभय पाण्डेय, अनुराग तिवारी आदि मौजूद रहे। इसके बाद अगले कार्यक्रमों की शुरुवात जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद द्वारा दीप प्रजवलित कर की गई तत्पश्चात रमेश एंड पार्टी द्वारा रमेश पाल के निर्देशन में पार्टी के कलाकारों द्वारा मनमोहक दीवारी नृत्य का प्रदर्शन किया। दीवारी के युवा कलाकारों ने विभिन्न मुद्राओं व कलाओं के माध्यम से लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर दिया। उनका प्रदर्शन बहुत की शानदार रहा स इसके बाद ब्लाइंड स्टार्ट म्यूजिक एकेडमी महोबा व मनमोहन सिंह बावला एंड पार्टी द्वारा बहुत ही सुन्दर गणेश जी की आरती के साथ मनमोहक गीत व भजन प्रस्तुत किये गए। मंच पर रंगविरंगी चमचमाती रोशनी ने सबको चकाचौध कर दिया। नृत्य कलाकारों ने अपनी अपनी धमाकेदार प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को ताली बजाने को मजबूर कर दिया। सर्व प्रथम नूतन बाल समाज के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू व अशोक अवस्थी द्वारा द्वारा कलाकारों को धार्मिक पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया स कार्यक्रम का संचालन पंकज रावत व काकोनिया द्वारा किया गया स अंत में अशोक त्रिपाठी जीतू ने बताया कि कल 18 अगस्त को मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता के स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने सभी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा 160 बच्चों का परीक्षण किया गया



**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के डा. भागवत यादव एवं डॉ आयुष मिश्र द्वारा विद्यालय के 160 छात्र छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 13 छात्र छात्राओं को विशेष समस्या होने पर चश्मा दिया जायेगा।शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। डॉ आयुष मिश्र ने बताया कि आज कल कम उम्र अधिकांश छात्र छात्राओं को पढ़ने लिखने में आंखों में दर्द, सिर में दर्द होता है, यदि समय से ध्यान नहीं दिया गया तो आंखों में बड़ी समस्याएं बन जाती है। उन्होंने बताया कि जांच में अधिक समस्या आने वाले छात्र छात्राओं को चश्मा भी दिया जायेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य भारत सिंह ने डाक्टर टीम का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सभी आचार्यो का भी नेत्र परीक्षण किया गया।

## प्रधानाध्यापिका की कारगुजारियों से शिक्षक व अभिभावक परेशान



**पपरेन्दा/बांदा।** पैलानी तहसील के अम्लोर गांव में स्थित कक्षा एक से कक्षा 8 तक कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापिका किरण मैडम की करगुजारियों के चलते विद्यालय का स्टाफ तथा बच्चों के अभिभावक बेहद परेशान है। कंपोजिट विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक जय प्रताप, राजू, हेमराज, बड़े सिंह, पप्पू प्रजापति, तथा समाजसेवी शिव गोविंद सिंह ने विद्यालय में पिछले 9 साल से कार्यरत प्रधानाध्यापिका किरण की करगुजारियों के चलते आरोप लगाते हुए कहा है कि कंपोजिट विद्यालय की हेड मास्टर किरण जो 12 अगस्त को विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई थी जिसकी शिकायत तत्कालीन एबीएसए तिंदवारी से ग्रामीणों ने की थी जिस पर तत्कालीन एबीएसए ने विद्यालय के स्टाफ का उपस्थिति रजिस्टर तथा स्टाफ का जीपीएस का फोटो मंगवाया था जिस पर उक्त प्रधानाध्यापिका अनुपस्थित पाई गई थी फिर भी उक्त प्रधानाध्यापिका द्वारा किसी भी प्रकार की आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई अभिभावकों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उक्त प्रधानाध्यापिका के मनमानी के चलते स्कूल का संचालन ठीक ढंग से नहीं चल रहा है जिससे गांव के बच्चों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है आज खंड शिक्षा अधिकारी आभा अग्रवाल द्वारा अम्लोर गांव के कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया गया ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने के पश्चात भी एबीएसए जसपुरा तथा तिंदवारी का चार्ज प्राप्त किया आभा अग्रवाल ने ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का आश्वासन न देकर कहा कि ऐसा तो होता ही रहता है यह आम बात है हम क्या कर सकते हैं यह पावर बीएसए को है। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही न किए जाने पर ग्रामीणों में भारी गुस्सा है उनका कहना है कि अगर विद्यालय में किसी भी प्रकार का प्रधानाध्यापिका द्वारा सुधार नहीं किया गया तो वह इसकी शिकायत जिला अधिकारी से करेंगे।

## चिल्ला पुलिस टीम ने दो अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

**अभियुक्तों के कब्जे से 22 किलो अवैध सूखा गांजा किया गया बरामद**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर के नेतृत्व में आज दिनांक 27.08.2025 को थाना चिल्ला पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर तिन्दवारी मोड़ पपरेन्दा तिराहे से दो अभियुक्तों को लगभग 04 लाख रुपये कीमत के अवैध सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । अभियुक्त मध्य प्रदेश के रास्ते से अवैध सूखे गांजे की खेप लाते थे तथा बांदा और आसपास के जनपदों में इसकी बिक्री करते थे । अभियुक्तों के कब्जे से 22 किग्रा अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है । जिसके सम्बन्ध में थाना चिल्ला पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायलय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्तों में धर्मेन्द्र सिंह उर्फ पंजाबी पुत्र लालजी सिंह निवासी ग्राम पहरा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट व संजय सिंह उर्फ मोनू पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम पहरा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट शामिल हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



# शिकायत से समाधान तक, डीएम की सक्रियता से बदल रही तस्वीर

▸ प्रकरणों का स्थल पर निस्तारण, असंतोषजनक जांच आख्या मिलने पर डीएम दे रहे है पुनः जांच के निर्देश



**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की सख्त निगरानी और पारदर्शी कार्यप्रणाली के चलते जनसमस्याओं के निस्तारण में उल्लेखनीय तेजी देखने को मिल रही है। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आने वाले प्रार्थना पत्रों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान होने से आमजन का विश्वास जिला प्रशासन के प्रति निरंतर बढ़ रहा है। जिलाधिकारी प्रतिदिन सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन करते हैं। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया जाता है। इसी प्रकार जनपद की सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य विभागीय अधिकारी भी जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का प्रयास करते हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जनता दर्शन में प्राप्त आवेदन-पत्रों की जांच स्थल पर आवेदक की उपस्थिति में की जाए। यदि कोई प्रकरण विभागीय तकनीकी कारणों या माननीय न्यायालय में लंबित होने के कारण तत्काल निस्तारित नहीं हो सकता है तो आवेदक को यथास्थिति से अवगत कराते हुए संतुष्ट किया जाए। शेष प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**निस्तारित प्रकरणों का विवरण**

जनता दर्शन में प्रस्तुत प्रकरणों के निस्तारण में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। राघवपुर निवासी शिव केश ने विकास खण्ड बनीकोडर के पूर्व प्रधान सनोली व सेक्रेटरी के खिलाफ शिकायत की थी कि उनकी दुकान से सामग्री लिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। इस पर बीडीओ द्वारा की गई जांचोपरांत नाली निर्माण हेतु आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान नियमानुसार किया जा चुका है, जिससे प्रकरण का समाधान हो गया।इसी प्रकार पल्हरी चौराहा निवासी अकबर शाह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि गाटा संख्या 615 पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और सरकारी भूमि संख्या 617 पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटवाकर शिकायत का समाधान किया गया। भगवंतापुर निवासी जयकरन ने अपने पुत्र का राजकीय हाईस्कूल छेदा में प्रवेश दिलाए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था।जिलाधिकारी के निर्देश पर विद्यालय प्रशासन ने तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रार्थी के पुत्र का प्रवेश कक्षा 9 में सुनिश्चित कर दिया।

# पोस्ता छिलका के साथ पांच गिरफ्तार

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/ वांछित अभियुक्तों/ वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में बाराबंकी पुलिस द्वारा 26 अगस्त को 01 वारंटी व 04 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 40 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा 27 अगस्त को अभियुक्त इन्द्रपाल पुत्र उजागिर निवासी ग्राम बबुरिहा थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को ग्राम छेदानगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 11 किलो 100 ग्राम अवैध पोस्ता बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना सतरिख पर मु.अ.सं. 413/2025 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। इस आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है, मु.अ.सं. 191/2020 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना सतरिख में दर्ज है। वही थाना बड्डूपुर पुलिस टीम द्वारा मु.अ.सं. 239/2025 धारा 64(1)/ 352/351(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त गुफरान पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी ग्राम सालेहपुर थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मु.अ.सं.-273/2025 धारा 69/351(3)/352 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त कुलदीप रावत पुत्र रामहरख निवासी ग्राम महदूद मजरे वजीउद्दीनपुर थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मु.अ.सं.-813/2025 धारा 115 (2)/ 352/ 351(3)/140(1)/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त पम्मू यादव पुत्र दुलारे निवासी ओबरी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।



# जिला न्यायाधीश ने किया राजकीय सम्प्रेषण गृह 'किशोरी' का निरीक्षण

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



महिला कल्याण विभाग द्वारा किशोर न्याय अधिनियम-2015 के अन्तर्गत संचालित राजकीय सम्प्रेषण गृह (किशोरी) एवं राजकीय विशेष गृह (किशोरी) का आज जिला न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान तीनों अधिकारियों ने गृह में निवासरत किशोरियों की दैनिक आवश्यकताओं, आवासीय सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं, शिक्षा एवं सुरक्षा की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। रसोईघर, शौचालय, आवासीय कक्षों और प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने स्वच्छता, व्यवस्थाओं और संसाधनों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने यह निर्देश दिए कि गृह में रह रही बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उनके मानसिक स्वास्थ्य सहित समग्र विकास के लिए नियमित रूप से वोकेशनल ट्रेंनिंग आदि आयोजित किए जाएं, जिससे वे आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ सकें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भोजन और आवासीय सुविधाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा स्वच्छ वातावरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अधिकारियों ने किशोरियों से संवाद भी किया और उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी हर उचित आवश्यकता पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कृष्ण चंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह सहित महिला कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# साहित्यकार हुंकारी के 75वें जन्मदिन पर साहित्यकारों ने दी बधाई

▸ मेरे सर पर सदा हाँथ माँ बाप का, गुरु के चरणों हूँ मैं अभागा नहीं...

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



साहित्य साधना संस्थान से लंबे समय तक जुड़कर बाराबंकी की साहित्यिक भूमि को उर्वरा बनाने वाले वरिष्ठ साहित्यकार कवि जय प्रकाश हुंकारी के 75वें जन्मदिन पर सजी काव्य संध्या में जिले के प्रसिद्ध कवियों ने अपनी रचनाओं के द्वारा हुंकारी जी को बधाई दी और उन्हें स्वस्थ्य रहने की शुभकामनाएं अर्पित की। श्री हुंकारी जी काफी समय से अस्वस्थ्य चल रहे हैं, उनकी खुशी के लिए यह काव्य संध्या महत्वपूर्ण रही है। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता 81 वर्षीय कवि सनत कुमार ÷अनाड़ी÷ ने की तो संचालन युवा ओज के गीतकार दीपक दिवाकर ने किया। सभी कवि व साहित्यकारों ने हुंकारी जी को माल्यार्पण, शॉल एवं उपहारों से सम्मानित कर उनके दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी। युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा ने अपनी रचना - कैसे कह दूं मेरा भाग्य जागा नहीं,

मैंने भगवान से कुछ भी माँगा नहीं,

मेरे सर पर सदा हाँथ माँ बाप का,

गुरु के चरणों हूँ मैं अभागा नहीं। प्रस्तुत कर आर्शीवाद लिया। वहीं राष्ट्रीय कविताओं के प्रस्तोता ओज कवि डॉ ओपी वर्मा ओम द्वारा राष्ट्र प्रेम के दीप जलाने का आहवान करते हुए पंक्तियां प्रस्तुत की गई -हम कविता नहीं सुनाने केवल तुम्हें जगाने आये हैं, बस राष्ट्र प्रेम के दीप यहां पर पुनः जलाने आए हैं।

हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव लल्लु जी ने अपनी रचना-हवा चलय सनासन तौ समझौ बसन्त है, मित्र मिलय भनाभन तौ समझौ बसन्त है,मित्रन कै हुवै टोली् जम के लगय ठहाके, गुरूदेव जौ टनाटन तौ समझौ बसन्त है...के द्वारा हुंकारी जी के स्वस्थ्य रहने की कामना की। जहां ज्ञान विज्ञान सीखने आते देश तमाम, दिल कहता है बार-बार बस करता रहूं प्रणाम... रचना द्वारा ओज कवि डॉ अमरीश अंबर ने बधाई दी। संचालक दीपक दिवाकर ने ओज की रचना पढ़ी- उन वीरों के लिए ये शब्द सुमनो का हार,

देश भक्ति को जो माना ग्रंथ और माला है।देश रूपी मंदिर के तम हरने के लिए, प्राण रूपी वर्तिका जला के की उजाला है। पंडित राम किशोर तिवारी किशोर ने बधाई देते हुए कहा- सबय सुनाइन कविता आपन मिलकय बारी बारी, चाय समोसा कै संग मा रसगुल्ला भारी-भारी, जन्मदिवस पर यहय प्रार्थना ईश्वर से हम चाही, पूरा शतक लगावें भईया जय प्रकाश हुंकारी। वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार रत्नेश कुमार ने हुंकारी जी को माला-शाल से सम्मानित कर उन्हें स्वस्थ्य, दीर्घायु होने की कामना की और अपनी रचना जिंदगी में सदा मुस्कुराते रहो,

गीत खुशियों के सबको सुनाते रहो, आपका आशीष हम-सब को मिले, शतायु हों सबको हंसाते रहो...।

अंत में जय प्रकाश हुंकारी ने भावविभोर होकर सभी से गले मिले और अपनी रचना पुलकित हुआ हमारा मन है जो हमको गले लगाए हैं,

जो मिला नहीं था अब तक हमको प्यार वही हम पाए हैं... के द्वारा अभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में गीतकार सोहन आजाद, शिवेंद्र कुमार वर्मा, वंश वर्मा आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गरीबों के लिए बनाए गए आवासों में पुलिस का कब्जा

**रामनगर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

तहसील रामनगर के क्षेत्र में आजकल निष्पक्ष खबरें छाप देना मान सम्मान पर हमले से लेकर किसी फर्जी मुकदमे मे फंसाये जाने की धमकी देकर हर तरह से दबाव बनाये जाने के कुचक्र रचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। एक हिन्दी दैनिक के पत्रकार नीरज शुक्ला ने नगर पंचायत रामनगर के आसरा आवास में पुलिस वालों के कब्जे और कटिया लगाकर बिजली जलाने संबंधी खबर को प्रकाशित किया गया था।जिससे खुन्नस खाये थाने में तैनात सिपाही के द्वारा पत्रकार को षड्यंत्र रचकर फर्जी मामले में फंसा देने की धमकी दी गयी है।पुलिस के द्वारा पत्रकार को दी गई धमकी से मुख्यमंत्री योगी जी महराज के आह्वान को जहां खुलेआम ठेंगा दिखाया जा रहा है वहीं पुलिस की धमकी से भयभीत पत्रकार ने आज पंजीकृत डाक के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस अधीक्षक बाराबंकी समेत कई जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दे कर कार्यवाही की मांग की है।इतना ही नहीं पीड़ित पत्रकार ने क्षेत्र के संभ्रांत जन प्रतिनिधियों को भी लिखित में घटना से अवगत कराया है।लोगों में सवाल तो इस बात का है कि क्या गरीबों के आशियाने पर पुलिस का कब्जा बना रहेगा क्या जिनके नाम पर आसरा आवास आंवटित है वह केवल कागजी कोरम में रह जायेगे क्या खुलेआम वह लोग कटिया लगाकर गैर कानूनी काम कर बिजली विभाग को चूना लगाते रहेंगे।

## आत्महत्या करने का प्रयास करने वाले की पत्नी ने पड़ोसी पर दर्ज कराई एफआईआर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पत्नी से कहा सुनी के बाद गत रविवार की रात गोमती नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले दंपति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया हैं। उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र के इच्छा का पूर्व मजरे चकौरा गाँव निवासी बुधराम रावत ने पत्नी से वाद विवाद के बाद गांव के बगल बह रही गोमती नदी में जाकर देर रात छलांग लगा दी थी। घटना के बाद रात भर पुलिस व ग्रामीण बुधराम की खोज में परेशान रहे। सोमवार की सुबह अचेत अवस्था में नदी से मिले बुधराम को पुलिस द्वारा सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद वह होश में आ गय था। इस मामले में पुलिस ने बुधराम की पत्नी की तहरीर पर पड़ोसी रामकरन व इनकी पत्नी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पेड़ से लटकता बरामद हुआ युवक का शव

**जैदपुर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



संदिग्ध परिस्थितियों के चलते रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिला एक युवक का शव। शव देखते ही परिवार सहित पूरे मोहल्ले में हड़कंप, मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

बताते चलें कि जैदपुर नगर पंचायत के मोहल्ला नान पजान निवासी आशु पुत्र सईद का शव बुधवार को सुबह पांच बजे बड़ी मीरा शाह के मैदान में संदिग्ध परिस्थितियों में एक पेड़ में रस्सी के सहारे लटका हुआ देख से हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना राहगीरों ने परिवार के लोगों को दी गई। जानकारी होते ही पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़। वही सूचना पर मौके पर मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सहित पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों द्वारा कदीमी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

सूत्रों की मानें तो आशू बहुत एखलाक पसंद व समाजसेवी यूवक था, जिसने ने दूसरी शादी कुछ दिन पहले की थी,और मियां बीबी में आपसी कहा सुनी को लेकर परेशान था, जिसकी पहली बीबी से दो मासूम बच्चे भी हैं,जो पारिवारिक विवादों के चलते आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।

# जालौन में नव चयनित 13 मुख्य सेविकाओं को मिला नियुक्ति पत्र

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं को आज राज्यभर में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में नव चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र देकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया। जनपद जालौन से नव चयनित 13 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान तथा कालपी विधायक प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से वितरित किए। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने नव चयनित मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर युवाओं के सपनों को पंख दिए हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विजय गिरी व नक्कू दोनों मेरे ही नाम है। गलती से मेरे बैंक खाते में नक्कू नाम अंकित हो गया है, जबकि सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम विजय गिरी अंकित है। अतः मुझे विजय गिरी के नाम से जाना पहचाना जाए व बैंक खाते में विजय गिरी नाम अंकित किया जाए।

सूचनाकर्ता
विजय गिरी पुत्र रामगिरी नि. दांदूपुर त. हैदरगढ़ जि. बाराबंकी।

## फेक न्यूज़ व साइबर अपराधों के लिए डिजिटल वारियर्स किये गए जागरूक

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** फेक न्यूज एवं साइबर अपराध के विरुद्ध उप्र पुलिस के अभियान में डिजिटल वॉरियर के रूप में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए थाना हैदरगढ़ पुलिस द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज पोखरा में जागरुकता कार्यक्रम में फेक न्यूज के खण्डन, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता एवं पुलिस के सराहनीय कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित किए जाने के लिए युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कॉलेज के छात्राओं को उप्र पुलिस का डिजिटल वॉरियर बनाए जाने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। छात्रों को साइबर क्राइम एवं फेक न्यूज़ को रिपोर्ट करने, सामाजिक दायरे में फेक न्यूज़ एवं साइबर अपराध के प्रति अपने परिवारीजनों एवं मित्रों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

# जालौन की बेटी आकांक्षा दूबे को राज्यपाल ने किया सम्मानित

▸ 30 वें दीक्षांत समारोह में छात्रा को दिया गया स्वर्ण पदक

**जगम्मनपुर,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जालौन जनपद की बेटी आकांक्षा दुबे ने परास्नातक (एमए) अर्थशास्त्र विषय में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी से प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया बल्कि पूरे जनपद का नाम भी रोशन किया। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 30वें दीक्षांत समारोह में आकांक्षा दुबे को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

आकांक्षा की इस उपलब्धि से उनके परिवार में हर्ष का माहौल है। उनके पिता कृष्ण कुमार दुबे ने बताया कि आकांक्षा ने हमेशा शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने पर जोर दिया और कठिन परिश्रम के माध्यम से यह मुकाम हासिल किया। इसी प्रकार उनके भाई अंकित दुबे ने भूगोल विषय से पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय, जगम्मनपुर से परास्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण कर विश्व विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंकित को इस उपलब्धि के लिए रजत पदक प्रदान किया गया। स्थानीय लोगों ने दोनों भाई-बहन की इस उपलब्धि को जालौन के लिए गर्व का विषय बताया। शिक्षाविद और समाजसेवी भी इस सफलता को प्रेरणादायक उदाहरण मान रहे हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए।

आकांक्षा और अंकित की मेहनत और लगन यह संदेश देती है कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से कोई भी छात्र उच्च शिखर प्राप्त कर सकता है। उनके माता-पिता ने बताया कि वह हमेशा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे। इस तरह आकांक्षा और अंकित दुबे की सफलता न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे जालौन जनपद के लिए गौरव का क्षण है।

# युवक ने सात वर्षों तक बनाये युवती से संबंध, अब शादी करने से मुकरा

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

सात साल तक शादी का झांसा देकर युवती से संबंध रखना युवक को महंगा पड़ गया है। बुधवार देर शाम पुलिस ने उसके खिलाफ दुष्कर्म के साथ मारपीट व दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है।

विदित हो कि गत कुछ दिनों पूर्व एक मुहल्ला निवासी युवती ने पुलिस से शिकायत की थी कि नगर निवासी युवक दिनेश श्रीवास्तव विगत 7 वर्षो से उसके साथ शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा है। लेकिन विगत दिनों उसने शादी करने से इनकार कर दिया है। युवती के मुताबिक युवक की बहिन व भांजी ने पहले शादी के लिए 3 लाख रुपया की मांग की थी लेकिन अब वह दो लाख और मांग रहे हैं और उसके मना करने पर उन्होंने शादी से इनकार कर दिया है इतना ही नहीं वह उसका मोबाइल भी छीन ले गये हैं और कहा कि वह दलित से शादी नहीं करेंगे। इस मामले में पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया था लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो युवती ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार से बात की थी जिन्होंने मामले की संवेदनाशीलता देख कोतवाली पुलिस को मामला दर्ज कर जाँच करने के निर्देश दिए थे जिसके चलते पुलिस ने देररात आरोपी दिनेश श्रीवास्तव के खिलाफ 79त्र 351, 352 तथा एससी, एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम HENA KAUSAR W/O TARIQ EHTASHAM था। जो कि दिनांक 20/07/2025 को मैने अपना नाम बदलकर HENA KAUSER W/O TARIQ EHTASHAM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी भिनगा रोड दरगाह शरीफ थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच।

**सूचना**

मैं फातिमा तारिक खान पुत्री तारिक अहमद खान उम्र 23 वर्ष निवासिनी मकान नम्बर 2/648 सेक्टर एच जानकीपुरम थाना गुडम्बा जिला लखनऊ 226021 की रहने वाली हूं। तथा शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करती हूं। यह की शपथिनी उपरोक्त पते की निवासिनी है। नगर निगम से जारी हुए जन्म प्रमाण पत्र में भूलवश शपथिनी का नाम सियम खान दर्ज हो गया है जो कि ग़लत है। शपथिनी के अन्य समस्त शैक्षणिक प्रपत्रों आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में शपथिनी का वास्तविक नाम फातिमा तारिक खान अंकित है। नगर निगम लखनऊ से जारी जन्म प्रमाण पत्र में अंकित नाम सियम खान के स्थान पर शपथिनी का सही नाम फातिमा तारिक खान दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। मैं शपथिनी उपरोक्त सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की धारा 1 से 4 में वर्णित कथन हमारे निजी ज्ञान से सत्य एवं सही हैं कोई कथन छिपाया नहीं गया है।

# सैफई में 18वां यूपीटीबीसीसी कॉन कल से प्रारंभ

**सैफई, इटावा समृद्धि न्यूज।**





उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई में 29 एवं 30 अगस्त को दो दिवसीय 18वां यूपीटीबीसीसी-कॉन का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह सम्मेलन उत्तर प्रदेश क्षय रोग संघ के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने कहा कि यूपीयूएमएस में इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने कहाष्टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह सम्मेलन इस दिशा में एक सार्थक पहल है। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए उझयानी ग्राम को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। इसके साथ ही हमारे चिकित्सक निक्षय मित्र की भूमिका निभाते हुए अब तक 100 से अधिक टीबी रोगियों को गोद ले चुके हैं। यह क्रम निरंतर आगे बढ़ रहा है और हम सब मिलकर इस सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश टास्क फोर्स कमेटी के वाइस चेयरमैन प्रो. डॉ. आदेश कुमार ने बताया कि टीबी एसोसिएशन ऑफ इंडिया की स्थापना फरवरी 1939 में हुई थी। इसकी प्रांतीय शाखा यूपी टीबी एसोसिएशन के अंतर्गत यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस संघ की प्रेसिडेंट माननीय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल हैं तथा प्रांतीय चेयरमैन व यूपीयूएमएस पूर्व निदेशक एंव महामहिम राष्ट्रपति द्वारा डॉ बी सी राय अवार्ड से सम्मानित प्रो. डॉ. राजेंद्र प्रसाद, देश के विख्यात श्वसन रोग विशेषज्ञ हैं।

## वन ट्रिलियन डॉलर सेल की हुई समीक्षा बैठक

**इटावा।** प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक ले जाने हेतु जनपद स्तर पर वन ट्रिलियन डॉलर सेल की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की आर्थिक प्रगति हेतु प्रत्येक विभाग अपने-अपने कार्यों पर विशेष बल देते हुए आंकड़ों की प्राथमिकता एवं उत्पीड़न बढ़ाने हेतु अग्रसर रहे साथ ही बताया कि उत्पादन बढ़ाने हेतु सरकारी योजनाओं का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनपद का जीडीपी 16189.11 करोड़ है, जो कि राज्य का 0.63: है, जनपद की वृद्धि दर 13.4: है।

# कुत्तों के लिए फीडिंग पांइट निर्धारित करे प्रशासन

**इटावा समृद्धि न्यूज।**



आवारा कुत्तों के लिए सामुदायिक फीडिंग पांइट निर्धारित करे प्रशासन। समाजसेवी देव गुप्ता ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रेणुका दीक्षित को सौंपा।

देव गुप्ता ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि जीवों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी महसूस करते हुए सामुदायिक श्वानों के लिए भोजन के स्थान निर्धारित किए जाएं। मेरा दृढ़ मानना है कि यदि श्वानों को समय पर उचित स्थान पर भोजन उपलब्ध कराया जाए, तो उनकी आक्रामक प्रवृत्ति पर नियंत्रण संभव है और इस प्रकार नागरिकों को क्रह ठपजम जैसे मामलों से भी बचाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के अनुसार प्रत्येक वार्ड में कुत्तों के लिए समर्पित फीडिंग स्पॉट बनाए जाने हैं। कोर्ट के आदेशानुसार नगर पालिका, नगर पंचायत शीघ्र ही शहर के प्रत्येक वार्ड की हर गली में कुत्तों की संख्या और उनके ठिकानों को ध्यान में रखते हुए समर्पित फीडिंग पॉइंट स्थापित करे। इन स्थानों पर स्पष्ट सूचना-पट्ट, बोर्ड लगाए जाएँ, ताकि नागरिकों को यह जानकारी रहे कि केवल निर्धारित स्थानों पर ही कुत्तों को भोजन दिया जाना है। इसके अतिरिक्त मेरा यह सुझाव है कि केवल बोर्ड लगाने तक ही सीमित न रहकर, नगर निकाय को एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाना चाहिए, जिससे लोग इन जीवों के प्रति सहयोग और स्नेह भाव विकसित करें। जब सभी नागरिक नियमित रूप से इन कुत्तों को भोजन पानी देंगे तो उनके बीच आपसी नज़दीकी तथा विश्वास का रिश्ता बनेगा। विश्वास बढ़ने से कुत्ते अजनबी व्यक्तियों पर आक्रामक नहीं होंगे और मनुष्यदृकुत्ता संबंध अधिक सौहार्दपूर्ण बनेगा।

# शिक्षा के विकास में टैबलेट का बड़ा योगदानः प्रिया शाक्य

▸ सॉई मीर कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में टेबलेट का वितरण

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।







फर्रूखाबाद रोड स्थित सॉई मीर कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में स्वामी विवेकानन्द युवा शशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत संस्था के चेयरमैन डॉ जितेन्द्र सिंह एवं मैनेजिंग डायरेक्डर डॉ अनीता रंजन के मार्गदर्शन में आयोजित टेबलेट वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिय शाक्य ने कहा शिक्षा के विकास में टैबलेट का बड़ा योगदान है।

उन्होंने कहा छात्र छात्राएं टेबलेट के माध्यम से देश दुनिया की तकनीकी जानकारी हासिल कर आगे बढ़ सकेंगे। इसका प्रयोग भविष्य बनाएगा लेकिन दुरुपयोग भविष्य को खत्म कर देगा। वह सभी भाग्यशाली हैं जिनको पढ़ाई के लिए टेबलेट मिला है। हम चाहते हैं कि इस टेबलेट के माध्यम से आप तकनीकी और उच्च शिक्षा को बेहतर तरीके से प्राप्त करें। प्राचार्य डॉ अर्पित कटियार ने कहा टेबलेट के जरिए गूगल और यूट्यूब से पढ़ाई की बहुत सारी बातें जान सकते हैं और घर बैठे अच्छी शिक्षा हासिल कर सकते हैं।इस कार्यक्रम में 2024-25 के बीफार्म प्रथम वर्ष, बीफार्म द्वितीय वर्ष, डीफार्म प्रथम वर्ष एवं डीफार्म द्वितीय वर्ष के कुल 88 बच्चों को टेबलेट वितरित किये गये हैं।

इस अवसर पर सॉई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी से खुशबू वर्मा, अरुन कुमार, उमांश नारायन अवस्थी, शर्मिला मौर्या, रोली शाक्य, अनुज कुमार, शिवाकान्त, निशा यादव, राहुल शाक्य, मनोज कुमार दुवे, शालिनी श्रीवास्तव, सुजाता शाक्य, दीपा राजपूत, अलशिफा सिद्दिकी, अराफात, अदिति, काजल त्रिपाठी, पारुल त्रिपाठी, दीपक प्रजापति, रजत शाक्य, राम भजन, रेहान अन्सारी, शिशुपाल सिंह (चच्चा), अजय कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## मदनेपुर के महाविद्यालय में प्राचार्य, शिक्षक न होने की हुई शिकायत

**जालौन,उरई।** महाविद्यालय में प्राचार्य और शिक्षक न होने के बाद भी बीटीसी, बीएड की आदि की कक्षाएं संचालित होने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। रजिस्ट्रार परीक्षा नियमक प्राधिकारी ने मामले की जांच डायट प्राचार्य को सौंपी है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला नया खंडेराव निवासी सुधीर कुमार ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि मदनेपुर क्षेत्र में संचालित एक महाविद्यालय में बीटीसी, बीएड आदि की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इस महाविद्यालय में न तो कोई प्राचार्य कार्यरत हैं और न ही कोई अनुमोदित शिक्षक कार्यरत है।

## गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गूंजा पूरा क्षेत्र



▸ 11वें श्री गणेश महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ
▸ समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने विधि-विधान से कराया हवन पूजन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड के तत्वाधान में 11वां श्री गणेश महोत्सव धूमधाम से शुरू हुआ। भगवान श्री गणेश जी की स्थापना कलश यात्रा, बैंड बाजे और हवन पूजन के साथ की गई। कलश यात्रा ताजपुर रोड काली देवी मठिया से शुरू होकर फर्रूखाबाद चौराहे से इंदिरा आवास कॉलोनी स्थित गणेश चौक तक संपन्न हुई।

भक्तों ने बैंड बाजे के साथ नाचते-गाते भव्य पंडाल में भगवान गणेश की मंत्रोच्चार के साथ स्थापना की।

समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने विधि-विधान से हवन पूजन कराया, जिसके बाद आरती और प्रसाद वितरण हुआ। पंडाल में गणपति बप्पा मोरिया के नारे गूंजे। इस अवसर पर प्रशांत त्रिपाठी, पंकज मिश्रा, हिरदेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, राजू गुप्ता, यश तिवारी, स्पर्श तिवारी, आशु शाक्य, अनामिका अग्रवाल, रजनी सक्सेना, प्रीती सक्सेना, रुचि ठाकुर, मीना मिश्रा, हरिओम मिश्रा, अमिता चौहान, अनुपम शर्मा, शीतला गुप्ता, अभय गुप्ता, प्रवेश दीक्षित, ज्योति, गीता कश्यप, शिवानी अरोड़ा आदि ने विशेष सहयोग दिया।



## आरबी पब्लिक स्कूल में विराजे गणपति

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आरबी पब्लिक स्कूल इंद्रानगर में गणेश चतुर्थी पर विधि विधान पूर्वक गणपति की स्थापना की गई। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री हैं मंत्रोच्चार के बीच विद्यालय परिसर में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कराई। सभी ने पूजन के बाद आरती की। कार्यक्रम में कुसमा देवी, सरोजनी यादव, एडवोकेट राजीव शुक्ला, प्रधानाचार्य माधवी सिंह, शिक्षक बृजेश सर, सुमित, गुंजन श्रीवास्तव, मोनिका, अनूप कश्यप, सुषमा पाल, सपना, सुनीता, शोभित राठौर, अंजली बायम, भावना, निवेदिता, निशा पाल, मिथुन, सुमित यादव, संजीव शुक्ला, रवीश त्रिपाठी, रजनेश शुक्ला, खुशबू, अनुष्का आदि उपस्थित रहे।

## अंकित क्लीनिक का हुआ भव्य उद्घाटन,गरीबों को मिलेगा बेहतर इलाज

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



सौरिख रोड पर अंकित क्लिनिक का भव्य शुभारंभ समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. धर्मेंद्र यादव ने फीता काटकर किया।

उद्घाटन समारोह में डॉ. यादव ने कहा कि लोग डॉक्टर को भगवान का दर्जा देते हैं, और उम्मीद है कि इस क्लिनिक में गरीब, मजदूर और जरूरतमंद मरीजों को उच्च गुणवत्ता का इलाज मिलेगा। उन्होंने क्लिनिक के प्रयासों की सराहना करते हुए क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में चंदन दिवाकर, सोहेब खान, दीपक वर्मा, सुल्तान, अल्तमश, आदित्य राजपूत, अनुज यादव, मुन्नू यादव, अंकित यादव, अमित पाल और देबू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। क्लिनिक के उद्घाटन से स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया, और यह उम्मीद जताई जा रही है कि यह क्लिनिक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम देगा। समारोह में उपस्थित लोगों ने क्लिनिक की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## आवास के नाम पर प्रधान प्रतिनिधि व सचिव पर लगा प्रताड़ना का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ निवासी गीता देवी ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि एक वर्ष पूर्व गांव के दो व्यक्तियों ने खुद को प्रधान प्रतिनिधि बताकर सरकारी आवास योजना का लालच दिया। उन्होंने गीता के खाते से 1 लाख 20 हजार रुपये सचिव के साथ मिलकर निकाल लिए और आधा-अधूरा मकान बनवाकर छोड़ दिया। पीड़ित महिला का कहना है कि एक साल बीतने के बाद भी मकान पूरा नहीं हुआ। पैसे मांगने पर उक्त व्यक्ति जातिसूचक गालियां देकर भगा देते हैं। गीता ने इसके अलावा और भी गंभीर आरोप लगाया कि आवास के नाम पर उनसे शारीरिक संबंध बनाए गए और धमकी दी गई कि शिकायत करने पर आवास नहीं बनेगा। साथ ही उनका गर्भपात भी कराया गया। पीड़िता ने कोतवाली, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। समस्या का समाधान न होने पर गीता ने बच्चों सहित आत्मदाह की चेतावनी दी है।

## दीवार गिरने से मलबे में दबे अधेड़ की हुई मौत

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

ग्राम मदारपुर में बुधवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। अपने घर में दीवार के पास काम कर रहे अधेड़ पर अचानक दीवार गिर पड़ी, मलबे में दबने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी 50 वर्षीय सरमन पुत्र बाबूराम नवीन मंडी में अरविंद यादव की आढ़त पर पल्लेदारी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार को वह अपने कच्चे मकान में काम कर रहे थे, तभी अचानक कमजोर दीवार भरभराकर गिर पड़ी। दीवार के मलबे में दबने से सरमन गंभीर रूप से घायल हो गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पड़ोसियों और परिजनों ने तुरंत मलबा हटाकर सरमन को बाहर निकाला और उन्हें सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया।

हालत गंभीर होने पर उन्हें यहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहां कुछ देर चल प्राथमिक उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश के कारण मकान की दीवार कमजोर हो गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। घटना के बाद मृतक की पत्नी सरोज तथा पुत्री अनन्या, मनीषा पुत्र उत्तम का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## समय सीमा के भीतर लंबित प्रकरणों का करें निस्तारण

▸ एडीएम की अध्यक्षता में पेट्रोल पंप अनापत्ति प्रमाण पत्रों की हुई समीक्षा बैठक

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम ;वित्त एवं राजस्वद्ध आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद के अंतर्गत विभिन्न आयल कंपनियों से प्राप्त पेट्रोल पंप अनापत्ति प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदनों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एडीएम ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग निर्धारित समयसीमा के भीतर लंबित प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक आपत्तियों के आधार पर आवेदनों को लंबित रखना उचित नहीं है। पेट्रोल पंपों की स्थापना न केवल ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी है बल्कि यह स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है अतः इसमें पारदर्शिता और त्वरित कार्यवाही अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जनपद में विभिन्न विभागों के स्तर पर 26 पेट्रोल पंपों से संबंधित आवेदन लंबित हैं। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने. अपने लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं और जिन प्रकरणों में वास्तविक आपत्तियाँ हैं उन्हें शीघ्र दूर कर अनुमन्य आवेदन जारी करें। इस मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र, विभिन्न तेल कंपनियों के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी रहे।

## एक्सपोजर विजिट हेतु तेलंगाना जायेंगी प्रधान बबिता सिंह

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



प्रधान बबिता सिंह

राज्य के बाहर एक्सपोजर विजिट हेतु जनपद से प्रधान/सचिव के नाम उनसे प्रतिभागिता की पुष्टि के पश्चात निदेशालय को उपलब्ध कराये गये हैं।

उपरोक्तानुसार तेलंगाना इंस्टीट्यूट आफ रूरल डेवलपमेन्ट, हैदराबाद, तेलंगाना से प्राप्त सहमति के क्रम में 30 सदस्यीय दल द्वारा दिनांक 08 से 12 सितम्बर 2025 तक की अवधि में तेलंगाना राज्य की उत्कृष्ट पंचायतों में भ्रमण किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें राज्य स्तर से अधिकारी/कन्सलटेंट के साथ जिला पंचायत राज अधिकारी/सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी (पं0), ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्राम प्रधान सम्मिलित है। इनमें जनपद फर्रुखाबाद के ब्लाक नवाबगंज की ग्राम पंचायत चांदपुर की प्रधान बबिता सिंह का भी नाम शामिल है।

## 13 नवचयनित मुख्य सेविकाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



▸ नियुक्ति पत्र पाकर सेविकाओं के खिले चेहरें

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित जनपद की 13 मुख्य सेविकाओं को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि विधायक, कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सीधा प्रसारण भी देखा व सुना गया। इस दौरान विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि जनपद की 13 बेटियों ने अपनी मेहनत व प्रतिभा के बल पर मुख्य सेविका के पद पर चयन प्राप्त किया है जो गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस सफलता से जनपद की अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली सभी मुख्य सेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मुख्य सेविकाओं की भूमिका बाल विकास से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन, आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी, पोषण कार्यक्रमों की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने तथा समुदाय में जागरूकता फैलाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेंद्र सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण रहे।

## प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने वाले चार गिरफ्तार

▸ पुलिस ने कब्जे से दो धर्म ग्रंथ व दो मोबाइल फोन किए बरामद

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



प्रलोभन व भय दिखाकर धर्मांतरण कराने के प्रयास में संलिप्त चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे से 02 अदद धर्म ग्रंथ, 02 मोबाइल फोन बरामद किए। गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर निवासी सबीना नगर पत्नी विनोद द्वारा थाने पर एक प्रार्थना पत्र दिया गया।

जिसमें उसने आरोप लगाया कि कुछ लोग उसे प्रलोभन व भय दिखाकर हिन्दू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। मना करने पर उसके साथ अभद्रता व धमकी दी गई। इस आधार पर थाना गुरसहायगंज पर मामला दर्ज किया गया। मामले में गुरसहायगंज पुलिस उपनिरीक्षक अवनीश कुमार, हेड कांस्टेबल बबलू कुमार, कांस्टेबल रत्नेश उत्तम सहित पुलिस टीम ने धर्मेन्द्र ;29 पुत्र रामदास जाटव ;29 वर्ष, निवासी मिश्रपुर, सौरिख, गौवडा प्रसाद ;47 पुत्र रामचन्द्र राव ;47 वर्ष, निवासी राजमेन्ट्री तरपु गोदावरी जिल्ला, थाना कम्बल पेटा, जिला गोदावरी पूर्व, आंध्र प्रदेश, ममता देवी ;35, पत्नी मलिखान ;35 वर्ष निवासी इस्माइलपुर, गुरसहायगंज, मंजू ;42 पत्नी संजय कुमार निवासी गोपालपुर थाना गोला, गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

**'पैसों का लालच देकर कराते थे धर्म परिवर्तन'**

**कन्नौज।** गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे सीधे. साधे अनुसूचित जाति के लोगों को पैसों का लालच दैवीय सुरक्षा और पारिवारिक समस्याओं से मुक्ति का झांसा देकर धर्म परिवर्तन कराते हैं। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त को ग्राम इस्माइलपुर में सबीना नामक महिला को लालच देकर बुलाया और प्रार्थना करने के बहाने धर्म परिवर्तन का प्रयास किया। विरोध करने पर विवाद हुआ। उनके पास विभिन्न भाषाओं में धर्म ग्रंथ भी पाए गए।

## जालौन क्षेत्र में 19 स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं पंडालों में हुई विराजमान

**जालौन,उरई।** बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर भक्तों ने ढोल-नगाड़ों की थाप और जयकारों के बीच भगवान श्रीगणेश की मूर्तियों की स्थापना की। नगर के 15 स्थानों और ग्रामीण क्षेत्र के चार स्थानों सिकरीराजा, मांडरी, खर्रा और उरगांव में गणेश प्रतिमाएं विराजमान हुई। शुभ मुहूर्त में पूजन-अर्चन के बाद पंडालों और घरों में गणेशोत्सव की शुरुआत हो गई। दोपहर होते ही भक्त अपने-अपने साधनों से मूर्तिकारों के यहां पहुंचने लगे। भगवान की प्रतिमा की न्यौछावर कर भक्त झूमते-गाते, ढोल-नगाड़ों के साथ मूर्तियां पंडालों तक लेकर आए। हर गली और चौराहे पर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे।

## भाकियू लोक शक्ति ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



तहसील में मौजूद भाकियू लोक शक्ति के पदाधिकारी

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष कायम अली की टीम के द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर 8 सूत्रीय मुख्यमन्त्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार विक्रम सिंह को सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत 20 प्रतिशत विकसित जमीन का उपयोग व लाभ प्रभावित परिवार को दिया जाए, जनपद सोनभद्र मे घोरावल तहसील के ग्राम भैसवार में हो रही चकबंदी में चकबंदी अधिकारियो द्वारा की गई घोर अनियमितता के विरोध में सैकड़ों दिन से चल रहे शान्तिपूर्ण धरना के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा किसान हित में कोई कदम नहीं उठाया गया है। इस प्रकरण को तत्काल संज्ञान लेकर इसकी निष्पक्ष जाँच कराकर किसान हित में उचित कार्यवाही करते हुए धरनारत किसानों को न्याय दिलाने की व्यवस्था की जाये, तहसील कायमगंज के ग्राम अहमदगंज क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। जिससे लोग खासे परेशान हैं। बाजार सामान लेने जाते हैं, तो डूबकर उनकी मौत हो जाती है, तहसील क्षेत्र में यूरिया की कालाबाजारी हो रही है। 267 रुपये वाली बोरी 500 रुपये में बिक रही है, सरकार का नारा है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लेकिन कायमगंज क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल संचालक फीस के माध्यम से अवैध वसूली करते हैं। जिन बेटियों की फीस नहीं जमा हो पाती उनको स्कूल से बाहर निकाल देते हैं और कहते है कि जब तक फीस नहीं जमा करोगे तब तक स्कूल नहीं आना, कायमगंज तहसील के गाँव मोती नगला में नन्द किशोर पुत्र नत्थू सिंह की दिनाँक 13 अगस्त को बाढ़ के पानी में डूबकर मौत हो गयी थी और उसका सव 15 अगस्त को बरामद हुआ था। जिसका मुआवजा सरकार द्वारा 500000 रुपया 24 घंटे में देने का आदेश है, फिर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। लेखपाल से जब जानकारी की तो उन्होंने बताया कि अभी फाइल तैयार हो रही है, मृतक के परिवार को शीघ्र मुआवजा दिलाया जाये। इस दौरान मण्डल उपाध्यक्ष रागिव अली सहित भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने संभाली छात्रा की शिक्षा की जिम्मेदारी

**उरई ,जालौन।** बुधवार को जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के पास एक मासूम छात्रा और उसकी मां की अपनी व्यथा लेकर पहुंची जिसे सुनकर वह भावुक हो उठे। इसके बाद डीएम ने बेटी जानवी की शिक्षा-दीक्षा का भार स्वयं उठाने की बात कही तो जनता दर्शन में बैठे अन्य फरियादियों ने पहल को न सिर्फ सराहा, बल्कि बच्ची के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। बताया जाता है कि पार्वती देवी अपनी पुत्री जानवी वर्मा के साथ जनता दर्शन में पहुंचीं। उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें बीमा पॉलिसी की राशि न मिलने की पीड़ा दर्ज थी। जिलाधिकारी ने आत्मीयता से बातचीत करते हुए पार्वती देवी से पूंछा आपका घर कैसे चलता है।

## आईटीआई में प्रवेश तीस तक किये जायेंगे

उरई (जालौन)। नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई नूपुर कश्यप ने बताया कि जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चतुर्थ चरण प्रवेश प्रकिया के अन्तर्गत अभ्यर्थियों द्वारा रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश कार्यवाही चल रही थी, जिसकी अन्तिम तिथि 25 अगस्त 2025 थी। उप्र शासन के निर्देशानुसार अधिशाषी निदेशक प्रशिक्षण परिषद उप्र लखनऊ के पत्र 26 अगस्त के द्वारा चतुर्थ चरण के प्रवेश की अन्तिम तिथि 30 अगस्त कर दी गई है।

**कार्यालय ग्रा0पं0 सिनौढ़ा पृथ्वी वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फरु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 27/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिनौढ़ा पृथ्वी वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 28/08/2025 से 03/09/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03/09/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | शैलेन्द्र के घर से दशरथ के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 3.78 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | बाबूराम के घर से अविनाश के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 2.80 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | हरिश्चन्द्र के घर से प्रकाश के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 3.06 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | महेन्द्र सिंह के घर से मंदिर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 2.89 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | बृजकिशोर के घर से बबलू के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 4.96 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | रामनिवास के घर से बालकराम के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 2.31 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(गुड्डी देवी) ग्रा0पं0 सिनौढ़ा पृथ्वी वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव-(शिवपाल सिंह)

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक कॉलेज में गणेश महोत्सव का हुआ शुभारंभ

- चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन ने दी सभी को शुभकामनाएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में सात दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। गणेश पूजा महोत्सव के अध्यक्ष एवं कॉलेज के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व उपाध्यक्ष डॉ. अनीता रंजन के मार्गदर्शन में 27 अगस्त 2025 से 2 सितंबर 2025 तक सात दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। जिसके तहत दिनांक 27 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे से गणपति जी का स्थापना पूजन एवं आरती किया गया। जिसमें कॉलेज के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्रायें, कॉलेज स्टाफ, हॉस्पिटल स्टाफ ने पूजन एवं आरती कर गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की। गणेश महोत्सव कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं व्यवस्थापक डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने बताया गणेश महोत्सव का कार्यक्रम 27 अगस्त से 2 सितंबर तक चलेगा। 2 सितंबर को गणपति विसर्जन तथा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया है। जिसमें महाविद्यालय के छात्र भाग लेंगे। कॉलेज के चेयरमैन एवं डायरेक्टर ने सभी को गणेश चतुर्थी पर शुभकामनाएं दीं एवं कॉलेज की प्राचार्य अंजना दीक्षित एवं कोआर्डीनेटर डॉ. नीतू श्री ने कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. अरूण पाण्डे, डॉ. जीतेन्द्रराय, डॉ. वेणु गोपाल, डॉ. निरंजन एस, डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी, डॉ. इमरान पटेल, डॉ. रथीष वीवी, डॉ. नन्दन श्रीवास्तव, डॉ. विघ्नेश्वर मिश्रा, डॉ. हरप्रिया दास, डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. गगन देवी, डॉ. दीपिका सिंह, डॉ. सुमन कुंडू, डॉ. रूमा डे, डॉ. मधुरंजन, डॉ. मनीष उपाध्याय, डॉ. अरिमर्धन सिंह, डॉ. भारती पांचाल, डॉ. विकास बाबू, डॉ. कविता शर्मा, डॉ. अरीब हुसैन, डॉ. समर्पिता भट्टाचार्य, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह यादव, डॉ. आनन्द बाजपेयी, डॉ. रेशमा, डॉ. श्वेता सिंह राठौर सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



भगवान गजानन की पूजा अर्चना करते चिकित्सक



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं व कॉलेज स्टाफ

## गैर इरादातन हत्या के मामले में दो लोगों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने गैर इरादातन हत्या के मामले में भोला उर्फ सुरेन्द्र पुत्र गुबरे उर्फ गोवर्धन, सर्वेश पुत्र रामकिशन निवासीगण ग्राम बझेरा थाना कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 29 अगस्त की तिथि नियत की गयी है। बीते 17 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम बझेरा निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र रामचंद्र ने 3 नवंबर 2008 को थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि गांव के भोला से मेरा विवाद चल रहा था। उसी रंजिश को लेकर उपरोक्त लोगों ने अपने घर के सामने उस समय गाली-गलौज किया जब वह सुबह 8 बजे अपने जानवरों को लेकर जा रहा था। जब मैंने गाली-गलौज करने से मना किया, तो लाठी-डंडों से मारने पीटने लगे। मेरे शोर मचाने पर गांव के बहुत से लोग आ गये थे। जिन्होंने बचाया और जान से मारने की धमकी दी। जिससे मेरे शरीर पर काफी चोटें आयी थीं। उक्त घटना में पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली थी। घायल वीरेन्द्र की उपचार के दौरान डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में मौत हो गई थी, तो मुकदमा में धारा 304 की बढ़ोतरी कर दी गई। पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार पर गुबरे उर्फ गोवर्धन, भोला उर्फ सुरेन्द्र, सर्वेश के विरुद्ध न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल दिया। मुदकमा विचारण के दौरान गुबरे उर्फ गोवर्धन की मौत हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार पाल की पैरवी के आधार न्यायाधीश शैली रॉय ने भोला उर्फ सुरेन्द्र, सर्वेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 अगस्त की तिथि नियत की गयी है।

सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 अगस्त की तिथि नियत

# पुलिस ने मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय बदमाश को दबोचा

- गोली से घायल बदमाश को सीएचसी में कराया गया भर्ती
- बीते दिन कायमगंज में व्यापारी के जेब काटकर उड़ाये थे 50 हजार रूपये

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय अपराधी सिकंदर को दबोच लिया। हालांकि इस दौरान अपराधी के पैर में गोली लग गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल विनीत कुमार ने अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया। रात में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पितौरा से नरसिंहपुर मार्ग पर बंबा के पास बाइक सवार दो संदिग्ध तेजी से जाते दिखे। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने भागने की कोशिश की और पीछा करने पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सिकंदर निवासी करहल जनपद मैनपुरी बताया। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं दूसरा अपराधी भगाने में सफल रहा। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश अंतर्जनपदीय अपराधी है। जिस पर डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह कायमगंज में 50 हजार की चोरी की वारदात में भी वांछित है। पुलिस ने मौके से एक बाइक, 6 हजार रुपये, तमंचा, खोखा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। अपराधी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



घायल बदमाश को ले जाती पुलिस

### तम्बाकू व्यापारी की जेब काटकर उड़ाए थे 50 हजार

**कायमगंज।** पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़े गये अपराधी के संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा ने बताया कि यह वही शातिर बदमाश है जिसने बीते दिनों सधवाड़ा निवासी तम्बाकू व्यापारी राजकुमार अग्रवाल उर्फ रज्जू की जेब काटकर 50 हजार रुपये उड़ाये थे। पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। आखिरकार वह पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया।

## गैंगेस्टर के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत अवैध रुप से गतिविधियों व समाज में भय व्याप्त करने के मामले में खुशीराम उर्फ खुशिया पुत्र सुखराम निवासी रूपपुर कोतवाली गुरसहायगंज जनपद कन्नौज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

पांच हजार रुपए के अर्थदंड से भी हुआ दंडित

# शातिर चोरों ने लाखों के जेवर व हजारों की नकदी उड़ाई

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शौचालय के रास्ते घर में घुसे शातिर चोरों ने लाखों के जेवरात व हजारों की नकदी पार कर दी। घटना की सूचना मिलने के चार घंटे बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। चोरी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर कोहना निवासी सुनीता पत्नी प्रवेश कुमार अपने घर की छत पर अपने बेटे रोहित एवं पत्नी करिश्मा के साथ सो रहे थे। सुनीता ने बताया की मेन गेट के पास स्थित शौचालय के रास्ते चोर छत पर चढ़े और जीने के रास्ते नीचे उतर गए। बताया गया है कि कमरे में कुंडी पड़ी हुई थी। चोरों ने कुंडी खोली और इसके बाद सेफ अलमारी खोलकर उसमें रखे सोने का एक हार, सोने का कुंडल, सोने की दो अंगूठी, सोने की नाक की कील के अलावा चांदी का कमर बंद, दो जोड़ी चांदी की पायल के साथ 35 से 40 हजार रुपए चोर चुरा ले गए।

बताते चले पिछले काफी लंबे समय से चोरों की चहल कदमी से लोग पूरी-पूरी रात जागकर काट रहे हैं। इस सबके बावजूद चोर चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस घटना से पहले भी इसी मोहल्ले में कई चोरियां एक साथ हुई थीं। जिसका पुलिस ने अभी तक खुलासा नहीं किया है। ग्रामीणों का कहना है की पुलिस रात्रि के समय मोहल्ले में गस्त करें। इधर घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर 4 घंटे के बाद पहुंची और जांच पड़ताल की।



चोरों द्वारा घर में बिखेरा गया सामान

## खबरें एक नजर में

### सांसद व एसडीएम ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री



बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते सांसद व एसडीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव पचरोली, पंछी नगला, सिनोली बाढ़ से प्रभावित हैं। बुधवार को इन ग्रामों में सांसद मुकेश राजपूत व उप जिलाधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी। सांसद ने बाढ़ पीड़ितों से कहा कि उन्हें चिंता करने की कोई जरुरत नहीं। सरकार उनकी हर सम्भव मदद कर रही है और आगे भी इसी तरह की मदद जारी रहेगी। बुधवार को करीब 540 बाढ़ पीड़ितों को बाढ़ राहत सामग्री के पैकेट वितरित किये गये। जिसमें आटा, तेल, मसाले व अन्य खाद्यान्न शामिल है। बाढ़ राहत सामग्री के पैकेट पाकर ग्रामीण काफी खुश नजर आये। इस दौरान कई ग्रामीणों ने सांसद व एसडीएम को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर ग्रामीणों को भरोसा दिया गया कि उनकी हर समस्या का समाधान किया जायेगा। इस दौरान तहसीलदार विक्रम सिंह, ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे, ग्राम प्रधान अनिल राजपूत, आसिफ मंसूरी, मनोज गंगवार सहित कई लोग मौजूद रहे।

### साइकिल से गिरकर किशोर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलॉक पुरानी बेड़ारास निवासी विजय जाटव उम्र 16 वर्षीय पुत्र नेहरू जाटव साईकिल द्वारा कुछ सामान लेने पुलिया पर जा रहा था। जैसे ही वह डाकखाना के निकट पहुँचा, तभी उसकी साईकिल अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। जिससे साईकिल सवार किशोर घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल किशोर को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

### बच्चे को चोट लगी देख मां हुई अचेत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव लालपुर पट्टी निवासी रीता पत्नी महिपाल अपनी भाभी भावना को साथ लेकर सरकारी अस्पताल में अपने बच्चे सन्सकार उम्र 6 वर्ष की दवा लेने के लिए आई थी। जैसे ही वह अस्पताल के अन्दर घुसी, उसी दौरान एक लेवर लैट्रीन सीट को कंधे पर लेकर निकल रहा था। अचानक मजदूर के हाथों से लैट्रीन की सीट छूटकर बच्चे के पैर के पास जा गिरी। जिससे बच्चे के पैर में चोट लग गयी। मॉ ने बच्चे के पैर मे लगी चोट को देखा तो वह बेहोश हो गई। उसके साथ आई भाभी भावना ने रीता के मुंह पर पानी डाला। तब उसे होश आया। घायल बच्चे का उपचार करवाया गया।

# रोडवेज बसों की आमने सामने भिड़ंत में आधा दर्जन सवारियां घायल

- दर्जनों को आयीं हल्की फुल्की चोटें, घटना से अफरा-तफरी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रोडवेज बसों की आमने-सामने भिड़ंत में सवारियों में अफरा तफरी मच गयी। इस दौरान आधा दर्जन सवारियों के अधिक चोटें आयी हैं, जबकि करीब एक सैकड़ा के हल्की फुल्की चोटें आयी हैं। करीब पांच मरीजों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं सवारियों को दूसरी बसों से उनके गंतव्य तक रवाना किया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह लगभग 7:00 बजे एटा रोडवेज बस संख्या यूपी 78जे टी8472 एवं फर्रुखाबाद से चलकर दिल्ली जाने वाली रोडवेज बस संख्या यूपी 76 टी 5967 की कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित बेरिया मोड़ पर आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना से सवारियों में अफरा तफरी मच गयी। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और घायलों को बस से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बताया गया है कि फर्रुखाबाद से चलकर दिल्ली जाने वाली रोडवेज बस का चालक काफी तेज बस को ले जा रहा था। बेरिया मोड़ पर असंतुलित होकर सामने से आ रही एटा डिपो से जाकर भिड़ गया। जिससे दोनों बसों में बैठी सवारियों में अफरा-तफरी मच गयी। लोग इधर-उधर भागने लगे। एटा डिपो के चालक मोहन सिंह पुत्र रामबाबू निवासी सैलार जिला एटा एवं परिचालक आदेश कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी छिबरामऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं फर्रुखाबाद डिपो के चालक अतुल निवासी जैथरा के भी चोटें आई हैं। वहीं इसका चालक मौके से भाग गया। अस्पताल पहुंचे दीपक पुत्र वीरेंद्र कुमार निवासी नगला नान थाना शमशाबाद, वीरेंद्र कुमार पुत्र गोवर्धन निवासी नगला नान शमशाबाद, अंजलि श्रीवास्तव पत्नी रणजीत सिंह निवासी उखरा जसमई दरवाजा फर्रुखाबाद जो दवा लेने के लिए आगरा जा रही थी, घायल हो गई। अंजलि ने बताया की वह जसमई दरवाजे से रोडवेज बस में बैठी थी। उसका चालक काफी तेज गाड़ी चला रहा था। वहीं रवीश कुमार पुत्र नरसिंह निवासी ग्राम घटौसा थाना अल्लाहगंज शाहजहांपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा पुष्पेंद्र सिंह पुत्र चंद्र प्रकाश निवासी नगला सेठ थाना शमशाबाद भी घायल हुए हैं। वहीं करीब 50 से 100 सवारियों को हल्की फुल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 एवं कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इन पांच लोगों का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है। इधर सवारिया दूसरी बसों में बैठकर अपने-अपने घरों को रवाना हो गई।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस



भिड़ंत के दौरान खड़ीं रोडवेज बसें

# शमीम हत्याकांड में माफिया अनुपम दूबे व बाल किशन को आजीवन कारावास

- तीस साल बाद आया कोर्ट का फैसला, कचहरी परिसर में सुरक्षा रही चाक चौबंद
- पिता की हत्या का बदला लेने के लिए अनुपम दूबे ने घटना को दिया था अंजाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीडब्ल्यूडी ठेकेदार की 30 साल पहले माफिया अनुपम दूबे ने साथियों के साथ मिलकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में सुनवाई कर रहे ईसी एक्ट कोर्ट के न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने मामले में अनुपम दुबे व साथी बालकिशन उर्फ शिशु को दोषी करार दिया। दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है तथा 1.03 लाख रुपये जुर्माना लगाया लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद कन्नौज थाना गुरसहायगंज कस्बा समधन निवासी नसीम ने 26 जुलाई 1995 को भाई शमीम की हत्या करने की रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफदर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि भाई ठेकेदार शमीम की फतेहगढ़ के बजरिया अलीगंज के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस मामले में माफिया अनुपम दुबे, उनके साथी बाल किशन उर्फ शिशु, राजेंद्र कुमार उर्फ राजू लंगड़ा, कौशल किशोर व लक्ष्मीनारायण का नाम प्रकाश में आया था। मामले में विवेचना 26 जुलाई 1995 को फतेहगढ़ के प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान ने शुरू की थी। 13 सितंबर को विवेचना सीबीसीआईडी को स्थानांतरित कर दी गई थी। सीबीसीआईडी के इंस्पेक्टर आरपी यादव ने विवेचना कर राजू उर्फ लंगड़ा के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। आरोपी राजेंद्र कुमार उर्फ राजू लंगड़ा को न्यायालय से बरी कर दिया गया था। इसके बाद मामले की विवेचना सीबीसीआईडी इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने की। विवेचना पूरी कर इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने डॉ0 अनुपम दुबे, साथी बालकिशन उर्फ शिशु, कौशल किशोर व लक्ष्मीनारायण के खिलाफ हत्या के मामले में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई के दौरान माफिया के चाचा कौशल किशोर व लक्ष्मीनारायण की मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से सुदेश प्रताप, तेज सिंह राजपूत, हरिनाथ सिंह, अभिषेक सक्सेना, श्रवण कुमार ने दलीलें दीं। मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट तरुण कुमार सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। गवाहों व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए माफिया अनुपम दुबे, साथी बालकिशन उर्फ शिशु को दोषी ठहराया। प्रत्येक दोषी को आजीवन कारावास व 1.03 लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी।



कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में पेशी पर जाते माफिया अनुपम दूबे

### कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी

**फर्रुखाबाद।** माफिया अनुपम दूबे के मामले में सुनवाई की वजह से कचहरी परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजामात किये गये थे। गेट पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। कई थानों की पुलिस के साथ-साथ तीन क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार ने भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ड्रोन कैमरे से कचहरी परिसर में आने-जाने वालों निगाह रखी गयी। कचहरी आने वाले वादकारियों को काफी जांच पड़ताल के बाद ही अंदर जाने दिया गया।

# अराजकतत्वों ने शिवलिंग व नंदी की मूर्तियों को किया क्षतिग्रस्त

- मोहम्मदाबाद क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल
- बोले, अराजकतत्वों की गिरफ्तारी के लिये टीमों को किया गया सक्रिय
- मूर्तियों को ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर में किया जायेगा पुर्नस्थापित

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

अराजकतत्वों ने मंदिर में स्थापित शिवलिंग और नंदी की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मोहम्मदाबाद सीओ समेत पुलिस मौके पर पहुंच गयी। सीओ ने बताया कि अराजकतत्वों की धरपकड़ के लिए टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मूर्तियों को ग्रामीणों के सहयोग से पुर्नस्थापित किया जायेगा। फिलहाल घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष है। जानकारी के अनुसार जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बहोरीकपुर में एक मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। बुधवार की सुबह जब ग्रामीण पूजा के लिए मंदिर में पहुंचे, तो उन्होंने शिवलिंग और नंदी की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त पाया। यह मंदिर करीब दो दशक पुराना है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर मोहम्मदाबाद के क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा और थाना प्रभारी लव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान कमालगंज, जहानगंज और मोहम्मदाबाद थानों की पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश में टीमें लगाई गई हैं। दोषियों की गिरफ्तारी के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर में नई मूर्तियों की स्थापना कराई जाएगी। सीओ अजय वर्मा ने बताया बुधवार की सुबह कॉलर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई की पुलिया के पास स्थित एक शिव मंदिर में शिव और नंदी की मूर्ति को खंडित कर दिया गया है। सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। दोषी व्यक्ति को पकड़ने के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर में मूर्तियों का पुनर्स्थापना किया जा रहा है।



अराजकतत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त की गयीं मूर्तियां

# नवाबगंज-फर्रुखाबाद के मार्ग का होगा चौड़ीकरण, की गयी नाप जोक

- पीडब्ल्यूडी के अधिकारी बोले 12 से 14 फिट जगह अतिक्रमण की जद में
- व्यापारियों के विरोध जताने पर मौके पर अधिकारियों ने बुलायी पुलिस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज-फर्रुखाबाद रोड के चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने जाप जोक की। जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज से फर्रुखाबाद रोड पर व्यापारियों ने काफी अतिक्रमण कर रखा है। जिससे लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिसके मद्देनजर बुधवार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने नाप जोक की। जिससे दुकानदारों में मचा हड़कंप मच गया। विरोध करने पर राजस्व टीम तथा पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने रोड की नाप जोक करवाई। खबर लिखे जाने तक विकास खंड कार्यालय तक नाप जोक हो रही थी। अधिकारियों ने बताया कि कल भी नाप जोक जारी रहेगी। नाप जोक के बाद अतिक्रमण की गयी जगह को चिंहित किया जायेगा। उसके बाद अतिक्रमण किये गये स्थान को तोड़ा जायेगा। जिससे लोगों को जाम आदि की समस्या से निजात मिल सके। फिलहाल नाप जोक से दुकानदार व लोग काफी भयभीत दिखे। जांच में पाया गया कि लगभग 12 से 14 मीटर सड़क की जगह पर दुकानें बनी हुई हैं। टीम ने इन दुकानों के अंदर सड़क की जगह का चिन्हांकन कर दिया। कानूनगो शिवनारायण तिवारी ने बताया कि एक नगरवासी ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि सड़क के दोनों तरफ लोगों ने अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कर लिया है। इसी शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों सहायक अभियंता राकेश कुमार, अवर अभियंता कृष्ण चंद्र, मोईन और राजस्व निरीक्षक शिवनारायण तथा लेखपाल नरेश कुमार के अलावा थाना पुलिस के कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार, कांस्टेबिल किरण कुमार, जय किशोर, अरविंद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



नाप जोक करते पीडब्ल्यूडी व राजस्व अधिकारी

# उर्वरक दुकानों पर छापा, 5 लाइसेंस निलम्बित

**इस सप्ताह मिल रही 15556 बैग यूरिया एवं 47600 बैग एनपीके**



किसानों को उर्वरक का वितरण कराते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में आलू की आगामी फसल की बुवाई को देखते हुए डीएम के प्रयास से शासन द्वारा लगातार रैक से उर्वरकों की आपूर्ति जनपद में हो रही है। डीएम के निर्देश पर कृषि/सहकारिता एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम क्षेत्रों में लगातार दौरा कर रही है। जिला कृषि अधिकारी बी.के. सिह ने बताया कि कायमगंज इफको केन्द्र पर किसानों की ज्याद भीड़ की जानकारी मिलने पर मौके पर जाकर किसानों को उर्वरक का वितरण कराया गया एवं जिला प्रबन्धक इफको को फोन कर शाम को ही एन.पी.के. की 400 बोरी केन्द्र पर अतिरिक्त प्रेषित करा दी गयी है। अभी तक जनपद में यूरिया 54810 मै0टन उपलब्ध हुई, जिसमें से 44463 मै0टन का वितरण कृषकों की किया गया है। डी.ए.पी. 13514 मै0टन प्राप्त हुई, जिसमें से 6064 मै टन का वितरण कराया गया है। एन.पी.के. 14093 मै0टन में 2852 मै0टन का वितरण कृषकों को कराया जा चुका है। शमसाबाद एवं अन्य समितियों पर उर्वरकों की तुरन्त आपूर्ति हेतु डीएम द्वारा प्रभारी पी.सी.एफ को बुलाकर निर्देशित किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने भी 26 अगस्त को कम्पिल, कायमगंज एवं स्पोहारा के दूरस्थ क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति की जानकारी की। स्पोहारा की बहबलपुर समिति पर तत्काल उर्वरक आपूर्ति हेतु जिला कृषि अधिकारी द्वारा पीसीएफ को कहा गया है। जिसकी आपूर्ति करायी जा रही है।

स्पोहारा एवं रौकरी में छापे के दौरान दुकान बंद कर गायब होने एवं समुचित अभिलेख न दिखाने के कारण पांच विक्रेताओं का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। मै0 प्रिंस खाद एवं बीज भण्डार, रौकरी-निरीक्षण के समय दुकान बंद कर गायब, ईशू कृषि सेवा केन्द्र रौकरी निरीक्षण के समय दुकान बंद कर गायब, मै0 पंकज खाद भण्डार सिवारा निरीक्षण के समय दुकान बंद कर गायब, मै0 दिव्यांश खाद भण्डार सिवारा निरीक्षण के समय दुकान बंद कर गायब, मै0 कृष्णा खाद एवं बीज भण्डार सिवारा निरीक्षण के समय दुकान बंद कर गायब होने पर कार्यवाही की गई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में सभी उर्वरक उपलब्ध है एवं उर्वरकों की लगातार आपूर्ति हो रही है। कृषक संस्तुत मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें एवं एक साथ उर्वरक क्रय न कर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में कई बार खतौनी एवं आधार दिखाकर उर्वरक प्राप्त करें। उर्वरकों के अधिक मूल्य पर विक्रय एवं किसानों की बिना मर्जी के जबरदस्ती टैगिंग पर लाइसेंस समाप्ति करने के साथ ही विधिक कार्यवाही भी की जायेगी।

# मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज की स्वास्थ्य टीम ने बाढ़ प्रभावित गांव में लोगों का किया उपचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बाढ़ पीड़ित गांव में मौजूद स्वास्थ्य टीम

मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल की टीम ने विकास खण्ड राजेपुर के बाढ़ प्रभावित गांव में जाकर रोगियों का उपचार किया।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव की सूचना पर मेडिकल कॉलेज की टीम ने संज्ञान में लेते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जाकर गांव वासियों का उपचार कर दवाइयां वितरित की। प्रधान देव सिंह, राजपाल, अशोक फौजी ने चिकित्सीय टीम के साथ ग्रामीणों का उपचार कराया। राजेपुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव फकरपुर, कुढरी सारंगपुर, सुभानपुर सहित लगभग आधा दर्जन गांव में जाकर उपचार किया और दवाइयां वितरित की। नगला हूसा के अनमोल यादव की सूचना पर स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची। जहां परीक्षण कर उपचार किया गया। स्वास्थ्य टीम में डॉ. अजय सिंह राजपूत, डॉ. विकास, डॉ. प्रदीप दीक्षित, डॉ. प्रिया गुप्ता, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ. राहुल देव, चंद्रभान राजपूत फार्मासिस्ट आदि मौजूद रहे।

# अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

**प्रतिदिन छात्राओं को विद्यालय भेजने के लिए किया गया प्रेरित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद अभिभावक

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न हुई। नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी के अध्यक्ष मनोज प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार को निर्विवाद बनाया गया। अभिभावक सदस्य में जसोदा, हेमलता, बबली, अमजद हुसैन, गायत्री, अर्चना कनौजिया को सदस्य नामित किया गया। समिति की उपाध्यक्ष प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने शासन द्वारा विद्यालय में चलायी जा रही योजनाओं के विषय में अभिभावकों को विस्तृत रूप से अवगत कराया। छात्र नामांकन वृद्धि हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया। बैठक में भी विद्यालय की विभिन्न समस्याओं शिक्षक की कमी, भवन की टूट फूट मरम्मत, कंप्यूटर आकस्मिक ख़र्च के संबंध में प्रस्ताव बनाया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए पीटीए प्रभारी निर्मला सिंह ने पिछले वर्ष का आय व्यय विवरण प्रस्तुत किया। शिक्षिका शैलजा मौर्य, आरती यादव, ज्योति ने अभिभावकों से छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। सरिता त्रिवेदी ने करियर के संबंध में जागरूक किया। अर्चना गुप्ता ने एक पेड़ मां के नाम इको क्लब फॉर मिशन लाइफ़ वेबसाइट पर फ़ोटो अपलोड करने के लिए प्रेरित किया। प्रवक्ता रिचा तिवारी एवं आदेश गंगवार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रतिभागिता की गई उनके भी विचार लिए गए और समस्याओं का समाधान किया गया। बैठक में अल्पना, मीनाक्षी भास्कर, बबिता यादव, रक्षपाल सिंह, गरिमा पांडे आदि मौजूद रहे।

## सेठ गली में पीतल के स्थापित किये गये गणेश भगवान



मौजूद भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान गणेश जी का महोत्सव मनाया जा रहा है। इस बार विशेष तौर पर सेठ गली के महाराज पीतल की प्रतिमा स्थापित की गई है। 27 अगस्त से 2 सितम्बर तक चलेगा। सेठ गली स्थित राम बैडमिंटन हाल में गणेश पाण्डाल लगाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभी गणेश भक्त शिवाशीष तिवारी, गौरहरि अग्रवाल, अंकुर वर्मा, सत्यम वर्मा, आकाश वर्मा, अनिल कुमार, कुलदीप वर्मा, अंकित कुमार, राम, अंतर्यामी दीक्षित, आशुतोष, शिवम् वर्मा, शिवम् अग्रवाल, ऋतिक पांडेय, राजा वर्मा, बिल्लू वर्मा, आशीष पांडे, हैप्पी अग्निहोत्री, गोविंद बॉथम, मोनू दीक्षित, मिंटू पंजाबी आदि मौजूद रहे।

# अंतर-निदेशालय खेल शूटिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश बना उपविजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद एनसीसी कैडेट्स

उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के कैडेटों ने कोल्हापुर में आयोजित प्रतिष्ठित अखिल भारतीय अंतर-निदेशालय खेल शूटिंग चैंपियनशिप में समग्र दूसरा स्थान हासिल कर राज्य का गौरव बढ़ाया। इस आयोजन में पूरे देश के 17 एनसीसी निदेशालयों के मध्य कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई। जिसमें बालक और बालिकाओं ने 50 मीटर ओपन साइट राइफल और 50 मीटर पीप साइट राइफल श्रेणियों के तहत आठ शूटिंग मैचों में प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय की भारतीय अंतर-निदेशालय खेल शूटिंग चैंपियनशिप (आईडीएसएससी) प्रतियोगी टीम तैयार करने में 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ ने अहम भूमिका निभाई और बटालियन की कड़ी मेहनत और लगन से इस बार यूपी निदेशालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 1 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर तथा 1 कांस्य पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। आईडीएसएससी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में 12 यूपी बटालियन के मोहित ने 50 मीटर पीप साइट 3 पी पोजीशन में सिल्वर मेडल प्राप्त किया, जबकि आर्यन ने 50 मीटर पीप साइट राइफल प्रोन पोजीशन में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं आयुषी ने एयर राइफल में सिल्वर मेडल हासिल किया। जबकि कोमल का पीप साइट प्रोन पोजीशन में प्री नेशनल कंपटीशन के लिए चयन हुआ है। इस तरह अलीगढ़ ग्रुप से 12 यूपी बटालियन के तीन एनसीसी कैडेट्स डीजी एनसीसी की टीम में शामिल हुए हैं, जोकि प्री नेशनल कंपटीशन हेतु जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। यूपी डायरेक्टरेट से ही 74 यूपी बटालियन एनसीसी गाजियाबाद ग्रुप की अदिति मिश्रा ने पीप साइट 3 पी पोजीशन में सिल्वर मेडल, जबकि 73 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ ग्रुप की निकिता रानी ने ओपन साइट राइफल प्रोन पोजीशन में गोल्ड मेडल हासिल किया।

कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक ने बटालियन के विजेता एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बटालियन के एडम अफसर कर्नल अमनदीप सिंह खरोड, लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, सूबेदार मेजर नवीन सिंह, सूबेदार शैलेंद्र सिंह, गजराज किशोर, दिनेश कुमार मौजूद रहा।

# ग्रामीणों ने महायोजना का किया विरोध

**जरुरत पड़ी तो न्यायालय का खटखटायेंगे दरवाजा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



महायोजना का विरोध करते ग्रामीण

महायोजना में प्रस्तावित विकास प्राधिकरण औद्योगिक क्षेत्र आवास विकास के नाम पर किसानों की भूमि जबरियां अधिग्रहित कर प्रशासन स्वम प्रापर्टी डीलर का काम करना चाहता है। जिसका हर स्तर पर विरोध किया जायेगा। अगर जरुरत पड़ी तो किसान न्यायालय का भी दरवाजा खटखटायेंगे। जनपद में महायोजना के विरोध में ग्राम कीरतपुर निनौआ में किसान चौपाल लगी। प्रस्तावित नक्शे का किसानों ने अवलोकन किया तथा धरातल पर वास्तविकता के विपरीत नक्शा होने के कारण प्रभावी योजना खारिज कर पुनः मौके की स्थिति व आवश्यकता के दृष्टिगत महायोजना बनाने की शासन से मांग की गई। किसान नेता अशोक कटियार ने कहा कि विजाधरपुर, पपियापुर, धनसुआ महायोजना में लघु उद्योग क्षेत्र हेतु भूमि प्रस्तावित की गई है, लेकिन इन स्थानों पर पहले से ही मकान बने हुए है। इस कारण भूमि अधिगृहण होना संभव नहीं है। इस प्रकार निनौआ गांव सड़क के किनारे बसा है। जिसे सड़क से दूर दिखाया गया है। जगत नगर का नक्शे में उल्लेख नहीं है। जबकि सड़क के किनारे बसा है, पूरे जिले में सड़कें 30 मीटर की है, जबकि सेन्ट्रल जेल से याकूतगंज मार्ग 120 मीटर का प्रस्तावित है, जो की आवश्यकता के विपरीत है। इस कारण प्रभावित योजना सिरे से खारिज होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र फर्रुखाबाद विकास प्राधिकरण आवास विकास के नाम पर किसानों की जमीन हड़प कर सरकार व प्रशासन स्वयं प्रापर्टी लीडर बनना चाहता है। इस कारण से किसानों में दिन व दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अशोक कटियार ने कहा कि ड्रोन कैमरे से कवरेज बनायी गई है, जबकि मौके पर स्थिति व आवश्यकता अलग है। इसके साथ ही लोक महत्व के विषय पर महत्वपूर्ण लोगों से भी परामर्श किये बगैर मनमाने ढंग से महायोजना थोपी जा रही है। जिसका फर्रुखाबाद के किसान, व्यापारी, शिक्षक, प्रबुद्ध वर्ग, पूर्व सैनिक विरोध कर रहे है। इसे शासन-प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए। बैठक में तय किया गया तो न्याय न मिला तो न्यायालय तक जायेंगे। चौपाल की अध्यक्षता प्रधान विजय कटियार ने की। इस मौके पर सुरजीत सिंह, प्रेमचन्द्र, नरेन्द्र सिंह, सुरजीत शर्मा, शिवम कटियार, उत्तम यादव, आनन्द प्रकाश कटियार, लालू यादव, अश्वनी, सुरेश चन्द्र, मगन कटियार, हरभान सिंह, दीपू, टिन्कू, मोना आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## महायोजना बेवसाइट पर अपलोड किये जाने की मांग

फर्रुखाबाद। आलू विकास एवं विपणन सहकारी संघ के निदेशक अशोक कटियार ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मांग की है कि फर्रुखाबाद महायोजना २०३१ को लोकहित में बेवसाइट पर अपलोड कर नोडल अधिकारी बनाये जाये। जिससे आम जनता व किसानों में फैली गलतफहमी का संसये दूर हो और इस भयभिकता व परेशानी से निजात मिले और पर्याप्त जानकारी मिल सकें।

# दस सेविकाओं को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र



नियुक्ति पत्र दिखाती मुख्य सेविकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता व विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर की उपस्थिति में उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित की गई 2425 मुख्य सेविकाओं में से जनपद की चयनित 10 मुख्य सेविकाओं के नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। सांसद, विधायक भोजपुर, जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा चयनित मुख्य सेविकाओं राशि कटियार, नेहा राठौर, नम्रता चतुर्वेदी, प्रियंका, असी मिश्रा, रजनी वर्मा, गरिमा, मंजू, शिवानी पाल व निशा को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। लखनऊ में आयोजित किये गये कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पीडीडी आरडीए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, चयनित अभ्यर्थियों के परिजन व अन्य मौजूद रहे।

# मूर्ति खंडित करने वाले दोषियों पर कार्यवाही की विहिप ने की मांग



मंदिर में पूजन करते विहिप व बजरंग दल के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना जहानगंज के अंतर्गत बहोरीकपुर स्थित भगवान शंकर व नंदी महाराज की प्रतिमा को खण्डित किये जाने के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। बीते दिनों शिव मंदिर में भगवान शिव व नंदी की मूर्ति को खंडित किया गया। बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना की और पुलिस प्रशासन से मांग की कि आरोपियो को जल्द पकड़ जाये। मंदिर परिसर वाउन्ड्री वाल के साथ सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाये और डायल 112 का पुलिस वाहन भी मंदिर के आसपास गश्त करें, जिससे दोबारा ऐसी घटना न घटित हो। प्रशासन शीघ्र इस पर ध्यान दें। दोषियों पर अगर कार्यवाही नहीं की गई तो विहिप व बजरंग दल आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर विधि सिंह जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी, अखिलेश मिश्रा जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद, मुकेश बाथम जिलाध्यक्ष, अभिषेक शाक्य विभाग संयोजक बजरंग दल, शिवकांत कटियार, जिला उपाध्यक्ष विहिप, सिद्धांत सिंह प्रखण्ड मंत्री विश्व हिन्दू परिषद, प्रवीन अवस्थी जिला सह मंत्री, प्रदीप राजपूत जिला संयोजक बजरंग दल आदि लोग मौजूद रहे।

# सेंट एंथोनी चैरिटी क्लब द्वारा बाढ़ पीड़ितों को बांटी गई राहत सामग्री



राहत सामग्री वितरित करते विद्यालय स्टाफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहगढ़ के सेंट एंथोनी चैरिटी क्लब द्वारा बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु मदद भेजी गई। जिसमें गेहूं का आटा, आलू, प्याज, सरसों का तेल, चीनी, चाय की पत्ती, नमक, ब्रेड के पैकेट, साबुन, बिस्कुट के पैकेट इत्यादि सामानों की किट बनाकर बाढ़ पीड़ित ग्राम भुसेरा, भरका पट्टी व जसूपुर के ग्रामीणों को वितरित की गई।

वितरण के दौरान ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह चौहान के द्वारा विशेष सहयोग किया गया।

प्रधानाचार्य फादर जॉबी जॉर्ज ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए विद्यालय के शिक्षकों, बच्चों व अभिभावकों के द्वारा आर्थिक सहयोग के साथ विभिन्न खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई गई थी। बाढ़ पीड़ितों ग्रामीण क्षेत्र में किट पहुंचाने तथा वितरण करने के लिए विद्यालय के स्टाफ लीजू, सेबेस्टियन जॉर्ज, अवनींद्र कुमार, रजनीश मिश्रा, हीरालाल, जोगेंद्र इत्यादि ने सहयोग किया। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया बाढ़ के पानी को समाप्त होने के बाद एक चिकित्सीय कैंप भी सेंट एंथोनी चैरिटी क्लब द्वारा लगाया जाएगा।

## पंचम गणेश महोत्सव हवन पूजन के साथ शुरु



गणेश जी की वंदना संध्या व राजगौरव पाण्डेय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वाणी विनायक संस्था की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचम गणेश महोत्सव का आयोजन राधा गोपाल मंदिर घुमना पर भगवान गजानन की मूर्ति स्थापित करके प्रारम्भ किया गया। आचार्य गिरिजा शंकर दीक्षित ने हवन पूजन के साथ में भगवान गजानन की प्राण प्रतिष्ठा कराई। संध्या पाण्डेय और राज गौरव पाण्डेय यजमान के रूप में रहे। इस वर्ष के गणेश 11 दिन के विराजमान कराये गये है। प्रतिदिन के कार्यक्रमों का आयोजन संस्था के कार्यकताओं द्वारा किया जाता रहेगा। जिसमें काव्य पाठ, सुंदर काण्ड पाठ, गणेश की छटि, नाट्य प्रस्तुति आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अन्तिम दिन विशाल प्रस्थान यात्रा नेहरू रोड घुमना से होती हुई पांचाल घाट तक पहुंचेगी। जिसमें विशाल जन समूह शामिल होगा। गाजे बाजे के साथ भगवान गजानन को उनके धाम तक विदाई दी जाएगी। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई। जिसमें राज दीपक पांडे, राशि, अर्चना पाण्डेय, यश पाण्डेय, रामजी राजपूत, रितुल वर्मा, राकेशनंद, भानू गुप्ता, मोहन तिवारी, अमित सक्सेना, धीरज मौर्या, सत्या आदि लोग मौजूद रहे।

# अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण न होने पर डीएम ने जतायी नाराजगी

**डीएम ने की अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य तथा रसद विभाग (आपूर्ति शाखा) के अन्तर्गत अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण कार्य की समीक्षा एवं जनपद में रिक्त उचित दर दुकानों के प्रस्ताव के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जनपद में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 चयनित 78 अन्नपूर्णा भयनों के सापेक्ष मात्र 32 अन्नपूर्णा भवनों पर ही निर्माण कार्य प्रारम्भ होने के सम्बन्ध में डीएम ने नाराजगी जताते हुए समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को लम्थित अन्नपूर्णा भवनों पर निर्माण कार्य 01 सप्ताह में प्रारम्भ कराये जाने हेतु निर्देशित किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्षित 150 अन्नपूर्णा भवनों सापेक्ष नगरपालिका परिषद फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगरपालिका परिषद में 02 स्थानों पर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिगसेपुर ने 04 स्थानों पर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नवाबगंज में 03 स्थानों पर एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमशाबाद में 04 रथानों पर भूमि का चिन्हांकन कर लिये जाने के राम्बन्ध में अवगत कराया गया। डीएम ने शेष सम्बन्धित सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्षित दुकानों के सापेक्ष 01 सप्ताह में भूमि का चिन्हांकन/नामान्तरण की कार्यवाही करे तथा उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के सापेक्ष मात्र 70 अन्नपूर्णा भवनों हेतु भूमि चिन्हाकंन/नामान्तरण का कार्य किया गया है। शेष अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु भूनि चिन्हाकंन/नामान्तरण का कार्य 01 सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में वर्तमान में रिक्त चल रही 14 उचित दर दुकानों के बारे अवगत कराया। डीएम ने नाराजगी जताते हुये समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सितम्बर माह के अन्त तक समस्त रिक्त उचित दर दुकानों की खुली बैठक कराकर नियमानुसार प्रस्ताव की कार्यवाही कराते हुये समस्त आवश्यक अभिलेख/विवरण सम्वन्धित उपजिलाधिकारी को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। डीएम ने निर्धारित समयावधि में उक्त समस्त कार्यो को पूर्ण कराने के साथ यह भी निर्देश दिये गये कि उपरोक्त कार्यो में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। इस मौके पर परियोजना निदेशक, उपायुक्त मनरेगा, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार कायमगंज, समस्त अधिशाषी अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# लोधी जागृति मंच ने विधायक रेखा वर्मा का किया स्वागत

**समाज के लोग अपने बच्चों को बनाये शिक्षितः रेखा वर्मा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



स्वागत के दौरान मौजूद विधायक रेखा वर्मा

बिधूना की सपा विधायक रेखा वर्मा ने लोधी जागृति मंच के लोगों से मुलाकात की। रेखा वर्मा का लोधी जागृति मंच की ओर से फूल मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत के निवास पर पहुंची रेखा वर्मा ने लोगों से समाज फैली बुराइयों और कुरीतियों को दूर करने का आग्रह किया और समाज से अपील की आप भले ही एक वक्त का भोजन कम करे, लेकिन बच्चों को शिक्षित जरूर करे, क्योंकि शिक्षा से आपके बच्चों को वह अधिकार मिल सकता जिससे वो अपने आने वाली का पीढ़ी का पूर्ण विकास कर सके। जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत ने कहा कि आज समाज भटक रहा है उसे एकजुट होने की जरुरत है। समाज के लोग किसी भी दल में हो, पर हमें जरुरत पड़ने पर एक होना चाहिए। इस मौके पर लोधी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि लोधी, विधायक प्रतनिधि नवीन वर्मा, वीरपाल लोधी, आनंद लोधी, चंद्रेश राजपूत, राहुल राजपूत, आकाश राजपूत, उधन राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण, अफसरों को दिए निर्देश

# कैदियों की समस्याओं का तेजी से करें समाधान

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामान्य बैरक, महिला बैरक, कारागार चिकित्सालय और जेल परिसर का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने बंदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कैदियों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाए। न्यायिक प्रक्रियाओं जैसे जमानत, पेशी और गवाही के मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समन्वय स्थापित कर बंदियों को आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।



**सामान्य पाई गईं व्यवस्थाएं**

बैरक की जांच के दौरान सभी व्यवस्थाएं सामान्य पाई गईं, लेकिन जिलाधिकारी ने जेल प्रशासन को नियमित रूप से आकस्मिक जांच कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कैदियों को जेल मैन्युअल के अनुसार मिलने वाली सुविधाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने रोगियों का हाल जाना और स्वास्थ्य परीक्षण की नियमित व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बीमार बंदियों को तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए और स्वस्थ होने के बाद उन्हें तुरंत बैरक में स्थानांतरित किया जाए। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला बंदियों से बातचीत कर उनकी स्थिति जानी। उन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया कि जिला व जेल प्रशासन उनकी हरसंभव सहायता करेगा। महिला बंदियों के शिशुओं की शिक्षा व्यवस्था पर जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी को बताया गया कि वर्तमान में तीन शिशुओं को जेल स्टाफ की देखरेख में नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र भेजा जाता है।

जिलाधिकारी ने बच्चों को फल और मिष्ठान्न वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जेल परिसर की साफ-सफाई और समुचित व्यवस्था देखकर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि कैदियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और अधिकारों की अनदेखी न हो तथा समय-समय पर सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाती रहे। वर्तमान में जिला कारागार महराजगंज में कुल 643 बंदी निरुद्ध हैं। इनमें 566 पुरुष बंदी, 42 महिला बंदी और 42 अल्पवयस्क बंदी शामिल हैं। इसके अलावा जेल में 9 विदेशी बंदी भी निरुद्ध हैं। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, जेल अधीक्षक बी.के.गौतम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने अफसरशाही व भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

समृद्धि न्यूज

**महाराजगंज।** उत्तर प्रदेश में अफसर शाही एवं लाल फीता शाही इतनी हाबी है कि सरकार के मंत्रियों को थाने में धरना देकर अपनी बात कहनी पड रही है। उक्त बातें फरेंदा विधानसभा के पूर्व विधायक विनोद मणि त्रिपाठी ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि जनपद महाराजगंज के तहसीलों में भ्रष्टाचार इस कदर हाबी है कि 4(क) 11 की वरासत के लिए भी लंबी वसूली लेखपाल, कानूनगो व तहसीलदार की मिली भगत से की जा रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि थाने बेचे जा रहे हैं फरेंदा थाने पर खुलेआम गिरोह के रूप में मुकदमों का अल्पीकरण करने हेतु बड़े पैमाने पर भारी धन उगाही कर समझौता कराया जा रहा है। लोगों की प्राथमिकी दर्ज नहीं हो रही है। तहसील व थाना भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि किसानों को खाद की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है खाद की कमी है । अधिकारियों की मिली भगत से तस्करों द्वारा खाद नेपाल भेजा जा रहा है। पूर्व विधायक द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जनपद महाराजगंज एवं फरेंदा तहसील तथा थाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार की तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया गया है कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध जांच करा कर करवाई किया जाये। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि लोकशाही की मजबूती के लिए फरेंदा विधानसभा में जनसंपर्क कर जनता को भ्रष्टाचार के विरुद्ध लाम बंद कर संघर्ष की रूपरेखा तय करेंगे।



# चयनित 21 मुख्य सेविकाओं को कलेक्ट्रेट में सौंपे गए नियुक्ति पत्र




समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में आज बुधवार को जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मुख्य सेविका नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में महराजगंज से चयनित 21 मुख्य सेविकाओं को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा गया। जिलाधिकारी महराजगंज ने सभी नवनियुक्त सेविकाओं को बधाई देते हुए उन्हें उनके पदगत दायित्वों के प्रति जागरूक किया और ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी प्रणाली में मुख्य सेविकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे न केवल निगरानी करती हैं, बल्कि पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में भी सहायक होती हैं। कार्यक्रम में मौजूद कई विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने भी नवचयनित मुख्य सेविकाओं को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी और क्षेत्रीय कार्यों को प्रभावी रूप से संपादित करने के लिए प्रेरित किया।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ रहे अनुपस्थित

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए मतदाता पुनरीक्षण का कार्य शुरू किया गया। इसके लिए सभी बीएलओ को ईबीएलओ एप फीड कराया गया है। बावजूद इसके अभी भी अधिकांश बीएलओ ने ई बीएलओ एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है। 1242 बीएलओ में से महज 77 ने ही ई बीएलओ एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। ऐसे में मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीएलओ की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।



मंगलवार को मिले आंकड़ों के मुताबिक निचलौल के 23 बीएलओ एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य में जुट गए हैं। जबकि घुघली, पनियरा और परतावल ब्लॉक में अभी तक एक भी बीएलओ ने एप पर अपनी उपस्थिति तक दर्ज कराना उचित नहीं समझा है। सदर में एक तो लक्ष्मीपुर में दो बीएलओ ने एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। सिसवा में चार, बृजमनगंज में आठ, धानी में सात, नौतनवा और मिठौरा में नौ, फरेंदा में 14 बीएलओ ने एप पर उपस्थित दर्ज कराई है। इन ब्लॉकों के अंतर्गत कुल 882 ग्राम पंचायतें, 1206 मतदान केंद्र और 3028 मतदान स्थल हैं। 1242 बीएलओ को मतदाता पुनरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। अभी तक महज 77 बीएलओ ने ही ई बीएलओ एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। अभी भी 1165 बीएलओ की एप पर उपस्थिति दर्ज होनी बाकी है। सहायक पंचायत अधिकारी विनय पांडेय ने बताया कि ई बीएलओ एप सीधे आयोग व प्रशासन की निगरानी में है। एप के माध्यम से गड़बड़ी की आशंका नहीं रहेगी। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तकनीक को विशेष महत्व दिया गया है। सूची में बदलाव व सत्यापन की जानकारी तत्काल मतदाता के मोबाइल पर भी भेजी जाएगी। सूची में बदलाव, नए मतदाताओं का पंजीकरण और पुराने मतदाताओं के डेटा का सत्यापन किया जाएगा। बीएलओ को निर्देश है कि एप पर उपस्थिति दर्ज कराने के साथ ही मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में जुट जाएं। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सदस्यता अभियान शुरू, प्रोन्नत वेतनमान समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज

**महाराजगंज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक आज बुधवार को महराजगंज के शिक्षक भवन में जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, मंत्री और जनपद पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष त्रिपाठी ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है।

प्रदेश से प्राप्त सदस्यता रसीदें संगठन के कोषाध्यक्ष द्वारा सभी शिक्षकों को दी जाएंगी। उन्होंने शिक्षकों से अपने ब्लॉक इकाई से सदस्यता लेने का आग्रह किया। बैठक में दो महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं। फरेंदा के तहसील प्रभारी के रूप में दुर्गेश पांडेय और सिसवा के ब्लॉक मंत्री के रूप में धीरज शाही को नियुक्त किया गया।



जिलामंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र ने प्रमुख मुद्दों की जानकारी दी।

इनमें चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान, जीपीएफ धन की गोरखपुर से वापसी, दिव्यांग वाहन भत्ता और नगरीय आवासीय भत्ता शामिल हैं। उन्होंने प्रोन्नत वेतनमान के शत-प्रतिशत आदेश जारी कराने का आश्वासन दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह ने संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष मनौव्वर अली, जिला संयुक्त मंत्री अखिलेश पाठक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कच्चे मकान का एक हिस्सा गिरने से गृहस्थी और खाद्यान्न सामग्री नष्ट

**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में बुधवार कि सुबह मजदूर के कच्चे घर का एक हिस्सा भर भराकर गिर पड़ा संयोग ठीक था कि जिस समय मकान गिरा परिवार का कोई सदस्य मकान में मौजूद नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी श्रमिक रामसागर के कच्चे घर की दीवार बीते दिनों हुई बारिश से दरक गई थीं जिसके कारण मकान का एक हिस्सा दीवार के गिरने से धरासाई हो गया। मकान के मलबे में दबने से खाद्यान एक कुंतल गेहूं पचास किलो चावल आटा चारपाई विस्तर वर्तन सहित गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट हो गया। गृह स्वामी रामसागर ने बताया की मकान का एक हिस्सा गिरकर धरासाई हुआ है। मकान में रखा खाद्यान और गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट हो गया है जिस समय मकान गिरा उस समय परिवार के लोग मकान में मौजूद नहीं थे।

# 10 दिनों में एक ही घर में दूसरी बार हुई चोरी

समृद्धि न्यूज

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बघोड़ा ग्राम में एक ज्वेलर्स के घर में चोरी हो गई चोरों ने लाखों रुपए नकद और कई लाख का आभूषण चुरा लिया। 10 दिनों के अंदर यह दूसरी बार चोरी है। और एक वर्ष में तीन बार इसके घर चोरी हो चुकी।लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी चोर को नहीं पकड़ पाई जिससे क्षेत्रीय जनता में पुलिस और जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी आक्रोश है। पुलिस और जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक नहीं है नहीं तो क्षेत्र में इतनी चोरियां न होती।



उक्त गांव निवासी प्रकाश चंद्र सेठ का बघोड़ा सड़क के पास उनका आवास है और रोड पर उनका आभूषण का दुकान है। बीती मंगलवार की रात्रि प्रकाश चंद्र और उनके परिवार के लोग भोजन करने के बाद अपने-अपने कमरे में सोने चले गए।रात्रि के तीसरे पहर छत के सहारे चोर घर में घुसे और घर में रखा बॉक्स को उठकर छत पर ले गए।उसमें रखा उनके पत्नी का आभूषण कान का बाली बिजली एवं अन्य चांदी का गहना साथ ही प्रकाश का लड़का जो आभूषण की दुकान चलाता है। उसके आभूषण की बैग भी कर उठा ले गए जिसमें साठ ग्राम सोने एवं ढाई किलो चांदी के गहने थे साथ ही घर में रखा। एक लाख साठ हजार रुपया नगद जो उनकी पत्नी के ऑपरेशन के लिए रखा था उसको भी चोरों ने चोरी कर लिया। प्रकाश चंद के पुत्र चंदन सेठ ने बताया कि इससे पहले 15 अगस्त की रात्रि भी चोरी हुई थी। इसके पूर्व पिछले वर्ष दिसंबर 24 में भी चोरों ने दुकान में चोरी किया था। लेकिन पुलिस आज तक एक भी चोर को नहीं पकड़ पाई जिससे हमारा काफी नुकसान हुआ मां की तबीयत खराब है पैसा ना होने के कारण अब उनका ऑपरेशन नहीं हो पाएगा उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चोरों का आतंक है क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि और पुलिस क्षेत्र में शांति नहीं कायम कर पा रहे हैं जिससे लगातार चोरियां हो रही है। जिसके कारण लोगों में आक्रोश है। इस सम्बन्ध मे जब राजगढ़ थाना प्रभारी रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस अपना काम कर रही है जल्द ही चोरी का खुलासा होगा।

## विधायक ने होटल क्षेत्र में प्रशिक्षण को चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे



(मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। सूर्यगढ़ कलेक्शन एवं चुनार फोर्ट प्रा. लि. द्वारा आयोजित कार्यक्रम में होटल क्षेत्र में प्रशिक्षण हेतु चयनित 100 युवाओं को विधायक अनुराग सिंह ने नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने कहा कि यह पहल स्थानीय युवाओं के रोजगार और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनेगी। कहा कि सरकार पीपीपी माडल के तहत सूर्यगढ़ कलेक्शन राजस्थान के सहयोग से चुनार दुर्ग को हेरिटेज होटल के रूप में विकसित कर रही है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जीएम प्रीतम सिंह चौहान ने कहा कि चयनित युवाओं को राजस्थान के होटलों में तीन वर्षीय प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। दस हजार रुपये मासिक मानदेय के साथ प्रशिक्षण पूर्ण होने पर एकमुश्त प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अभिलाष राय, चुनार मंडल अध्यक्ष मंगरू साहनी, रतन साहनी, पंकज सेठ आदि रहे।

## खबरें एक नजर में

### चुनार क्षेत्र सीखड़ विकास खंड में किसानों के उपर दोहरी मार

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के सीखड़ ब्लाक के सोनवर्षा, बटोवा, लरछूट,पसियाही, धन्नुपुर, धनैता, मझरा, प्रेमापुर, छितकपुर,हासीपुर, पचराव, पुरनपट्टी, मेड़िया, ईश्वरपट्टी, मोइनुद्दीनपुर, खानपुर,कठेरवा, सीखड़, बगहा, खैरा, पाहो मुकुंदपुर, कालुपुर, बसारतपूर, पिपराही के किसान अगस्त के पहले सप्ताह में आए बाढ़ से ऊबर नहीं पाए कि इसी माह में दुबारा बाढ़ का मार झेलना पड़ रहा है। रामगढ़ निवासी सुधीर कुमार सिंह ने गौरैया गांव में 22 हजार रुपए प्रति बिगहा कुल आठ बिगहा खेत लगान (मालगुजारी)पर लिए हैं। इसमें दस से 15 हजार रुपए लागत लगता है।इसी खेती से हुए मुनाफे पर बच्चों कि पढ़ाई लिखाई, दवाई, कपड़ा,खाने पीने पर निर्भर है। कुदरत कि मार ऐसी पड़ी कि एक माह दो दो बार बाढ़ आ गई। जिससे खेतों में लगा मिर्च कि फसल उखाड़ना पड़ा।सुधीर सिंह ने बताया कि बच्चों के परवरिश, पढ़ाई, लिखाई, शादी, विवाह आदि के लिए खेतों में दिन भर मेहनत कर मिर्च, पपीते आदि कि खेती किए थे जो गंगा मां को मंजूर नहीं था और सब बाढ़ में डूब गया। पहली बार भी डूबा था और इस बार भी डूब रहा है।गंगा बाढ़ का पानी खेतों में पहुंचने पर सुधीर ने अपने बच्चों व मजदूरों के साथ मिल कर खेत में लगे मिर्च कि पौधे को उखाड़ कर घर ले जा रहे थे। बताया की पूरा तो नहीं पर आधा मिर्च का पौधा बच जाएगा।

### दुर्गा मन्दिर मानसरोवर में विप्रबन्धुओं ने मनाया श्रावणी स्नानकर्म

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत आनन्दनगर के दुर्गा मन्दिर मानसरोवर में भक्तजन तथा विप्रबन्धु सनातन संस्कति संरक्षणार्थ श्रावणी स्नानकर्म 1979 से लगातार हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मंगलवार को प्रात: 06:30 बजे जिसमें समस्त विप्र बन्धु सम्मलित हुए। श्रावण पूर्णिमा पर ब्राह्मणों द्वारा किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। जिसमें विप्रों ने दशविध स्नान, देव–पितृ तर्पण करते हुए मंत्रोच्चार के साथ पुराना यज्ञोपवीत उतारकर नया यज्ञोपवीत धारण किया, और आत्म–शुद्धि व पिछले वर्ष के जाने–अनजाने पापों के प्रायश्चित का संकल्प भी लिया। इस पर्व को ज्ञान की प्राप्ति, आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के नए संकल्प और ऋषि–मुनियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता हैं। पं अर्जुन मिश्र ने बताया कि हमारे गुरु पं मथुरा मणि त्रिपाठी से ही हमे प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर कपिल देव मणि, शारदानन्द त्रिपाठी, अर्जुन मिश्र, राजेश्वर मिश्र, राकेश मणि, विन्ध्यवासिनी पांडेय, प्रवीण मणि त्रिपाठी, अनिल पांडेय, शैलेश मिश्र, आनंद मिश्र, विनय, राजीव, लवकुश आदि लोग भी सम्मलित हुए।

### चोरी के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार, सामान बरामद

**महराजगंज,समृद्धि न्यूज ।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेन्द्र मीना के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में थाना नौतनवा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी के एक मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 26अगस्त को कमलावती देवी, पत्नी रामशरण, निवासी ग्राम सिसवा तौफिर, थाना नौतनवा, जनपद महराजगंज ने थाना नौतनवा में प्रार्थना पत्र देकर सूचित किया कि 08 अगस्त.को वह अपनी पुत्री सुन्दरी के साथ राखी बांधने हेतु अपने मायके सिद्धार्थनगर गई थीं और 18.अगस्त को घर लौटने पर उन्होंने पाया कि उनके घर का पिछला ताला टूटा हुआ था और बक्सा व आलमारी में रखा सामान बिखरा पड़ा था। सोने की कान की बाली, टॉप्स, झुमका, दो कील व अन्य सामान चोरी हो गया था। इस सूचना पर थाना नौतनवा में मु0 अ0 सं0 145/2025, धारा 305 (ए), 317 (2), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया। मामले के अनावरण हेतु थानाध्यक्ष, नौतनवा द्वारा गठित पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना के आधार पर 27 अगस्त. को समय 02.50 बजे राधा रानी इंडियन गैस सर्विस के पास पुलिया से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सामान बरामद किया है।

### ठग ने खाते से कई बार में उड़ाए 29 हजार रुपए

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरी निवासी आसीम राय ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर साइबर ठगी का शिकार होने की शिकायत कर कार्रवाई की मांग किया है। साइबर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की एक माह पूर्व आया पर्शल वापस चला गया था जिसकी जांच करने पर साइबर ठग ने बताया की आपका पर्शल रुका है जिसके लिए आपको दो रूपये मोबाइल नंबर पर भेजना होगा फिर वह मुझे जैसे जैसे कहता गया मै पार्शल के लिए करता गया 26 अगस्त को वह मेरा बीस हजार रूपये, पांच हजार, तीन हजार व एक हजार रूपये कट गया। खाते से धोखाधड़ी की जानकारी होने पर सूचना दे रहा हूँ। साइबर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की साइबर ठग द्वारा युवक के खाते से उडाने की जानकारी मिली है। कार्रवाई किया जायेगा।

### चकबंदी न्यायालय के सामने पेड़ पर चढ़ा युवक

**फरेन्दा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेन्दा तहसील में एक चौकाने वाला मामला सामने आया तहसील परिसर में ही एक व्यक्ति ने ने फांसी लगाने के लिए पेड़ पर चढ़ गया और शोर मचाने लगा। बताते चलें आज दिन सोमवार को फरेन्दा तहसील में चकबंदी न्यायालय में मुकदमे में लेटलतीफी से क्षुब्ध संजय गौड़ निवासी हरमंदिर कला तहसील परिसर में स्थित पीपल के पेड़ सुबह चढ़ गया।

# खड़े ट्रेलर में टकराए बाइक सवार युवक, एक की मौत, एक गंभीर

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित लहुरियादह गांव में मंगलवार शाम पांच बजे के करीब बाइक सवार युवक पाइप लदे खड़े ट्रेलर में पीछे से टकरा गये। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई वहीं बाइक पर पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमान थाना क्षेत्र के हनुमना वार्ड संख्या 11 निवासी 25 वर्षीय सुनील रजक हनुमना वार्ड संख्या 9 निवासी 38 वर्षीय रतनलाल के साथ ड्रमंडगंज जा रहे थे जैसे ही लहुरियादह घाटी के सेल्फी प्वाइंट पर पहुंचे तो नेशनल हाईवे पर पाइप लदे खड़े ट्रेलर में पीछे से अनियंत्रित होकर टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ब्रह्मदीन पांडेय एसआई सुभाष यादव, एसआई रमेश यादव, एसआई टीपी सिंह ने दोनों घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज भेजवाया जहां रास्ते में सिर में गंभीर चोट आने से सुनील रजक की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल रतनलाल का प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। वहीं ट्रेलर चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रेलर में खराबी आने से सुबह से ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ा था। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को देते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि लहुरियादह गांव में पाइप लदे खड़े ट्रेलर में टकराने से एक बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है। एक युवक को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। परिजनों को सूचना दी गई है। घटना की जांच की जा रही है।

## मन्नू पहलवान ने बनारस के अविनाश पहलवान को चित्त कर कुश्ती में मारी बाजी

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के बेलन नदी बरौंधा के पावन तट पर स्व0 अनंतू पहलवान की स्मृति में मंगलवार को बिराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बरौंधा के पूर्व प्रधान रमेश कुमार मोदनवाल की अध्यक्षता में संपन्न कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान दर्जनों जोड़ी कुश्ती का पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसे देखने के लिए दूर-दूर से आए हुए लोग अंत तक डटे रहे। कुश्ती का शुभारंभ अखाड़े में अर्श हास्पीटल बरौंधा के निदेशक अतरैला राजा के प्रधान डॉक्टर महा नारायण भारती द्वारा पहलवानों से परिचय प्राप्त करने के बाद शुरू किया गया। पहली कुश्ती बनारस के अविनाश पहलवान और मिर्ज़ापुर के मन्नू पहलवान के बीच काटे का मुकाबला हुआ। जिसमें मिर्ज़ापुर के मन्नू पहलवान ने बनारस के अविनाश को पटखनी देकर जीत को अपने पाल्हे में कर लिया। दूसरी कुश्ती राजू पहलवान चंदौली और अजय पहलवान मिर्ज़ापुर के बीच काटे के टक्कर में मिर्ज़ापुर के अजय पहलवान ने बाजी मारी। अखाड़े में पहलवानों ने पच्चीस जोड़ी कुश्ती का शानदार प्रदर्शन किया।

# रोडवेज बस और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार युवक की हुई मौत

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव स्थित पुराने नेशनल हाईवे पर इंडियन बैंक ड्रमंडगंज से करीब सौ मीटर आगे बुधवार सुबह ग्यारह बजे के करीब रोडवेज बस और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई।

प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के रामपुर कलां गांव निवासी विष्णु मिश्र का बीस वर्षीय पुत्र आशीष मिश्र उर्फ बंटी बुधवार सुबह बाइक से ड्रमंडगंज बाजार किसी कार्य से जा रहा था। बाइक सवार युवक जैसे ही दुर्जनीपुर गांव स्थित इंडियन बैंक ड्रमंडगंज के पास पहुंचा तो मध्यप्रदेश के सीधी से प्रयागराज जा रही रोडवेज बस ने सामने से टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस से उपचार हेतु सीएचसी लालगंज भेजवाया। एंबुलेंस सेवा 108 के पायलट दिलीप यादव ईएमटी आशीष यादव ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सीएचसी लालगंज पहुंचाया लेकिन चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर परिजन भी रोते-बिलखते हुए सीएचसी लालगंज पहुंच गए। मृतक बाइक सवार युवक की तीन बहनें हैं अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। मृतक रामपुर कलां गांव स्थित हनुमान प्रसाद इंटरमीडिएट कालेज में बारहवीं कक्षा का छात्र था।घटना के बाद रोडवेज बस चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ी करा दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि रोडवेज बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। घटना की जांच की जा रही है। रोडवेज बस को थाना परिसर में खड़ा कराते हुए फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## जितेंद्र अध्यक्ष व सतीश चंद ने ली मंत्री पद की शपथ

**फरेन्दा, महराजगंज,समृद्धि न्यूज ।** रेवेन्यू बार एसोसिएशन फरेंदा का शपथ ग्रहण समारोह तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी न्यायिक प्रेम शंकर पांडेय व विशिष्ट अतिथि बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी अशोक कुमार, रजिस्टार सुशील कुमार, चकबंदी अधिकारी अमरेश वर्मा रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी जगदंबा यादव ने शपथ ग्रहण कराया। उपजिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में गांव की गरीब जनता न्याय के लिए आती है।बार व बेंच के आपसी सामंजस्य से वादकारियों को त्वरित न्याय दिलाने में मदद मिलेगी। बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी ने कहा कि अधिवक्ता समाज का सबसे प्रबुद्ध वर्ग है समाज को एक नई दिशा देने में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम है। संचालन डाक्टर मनीष चौबे ने किया। अध्यक्ष जितेन्द्र सैनी, सतीश चंद दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेराज अहमद, संयुक्त सचिव विनोद शंकर दूबे, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ कार्यकारिणी स्वामी नाथ निषाद, रत्नेश कुमार उपाध्याय, राहुल साहनी सहित अन्य ने शपथ ग्रहण किया। इस दौरान अष्टभुजा वर्मा, रविंद्र नाथ उपाध्याय, परमात्मा सिंह, सरोज नरायण मिश्र, अनिल पासवान, वीरेंद्र तिवारी, अनिरुद्ध प्रसाद श्रीवास्तव, रामसेवक सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, राम लगन यादव, सुनील दूबे, चिंतामणि, मनोहर मिश्र, संदीप श्रीवास्तव, सनत त्रिपाठी, उमाकांत विश्वकर्मा, सतीश द्विवेदी मौजूद रहे।